आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 29 जून 2024
वर्ष 34, अंक 152, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

त्रीसा और गायत्री क्वार्टर फाइनल में 13

कल्कि 2898 एडी ने पहले दिन कमाए190 करोड़ 14

विक्रम मिसरी होंगे देश के अगले विदेश सचिव

नई दिल्ली। राष्ट्रीय उपसुरक्षा सलाहकार और विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विक्रम मिसरी अगले विदेश सचिव होंगे। वह निवर्तमान विदेश सचिव विनय क्वात्रा का स्थान लेंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के अनुसार नियुक्ति 15 जुलाई से प्रभावी होगी।

नीट मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा, लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में शुक्रवार को नीट-यूजी को लेकर विपक्ष के भारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले इसी मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित की गई थी।

दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से शांत रहने और तृणमूल कांग्रेस के सदस्य एसके नुरूल इस्लाम के लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने की कार्यवाही पूरी करने देने को कहा। इस्लाम के शपथ लेने के बाद विपक्षी सदस्य पुनः शोर करने लगे। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सदस्य सदन के बीच आकर हंगामा और नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्यों का कहना था कि नीट पर तत्काल चर्चा होनी चाहिए। वे शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की भी मांग कर रहे थे। संसदीय कार्य मंत्री किरण रीजीजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। सदस्यों को अपनी बात कहने का पर्याप्त समय दिया जाएगा। सरकार हर बात का जवाब देगी। इसके बाद भी विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे तो बिरला ने सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी।

संसद में नीट पर हो व्यापक चर्चा प्रधानमंत्री भी लें भाग : राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसद में नीट पर व्यापक चर्चा करनी चाहिए। राहुल ने सदन की कार्यवाही से पूर्व यहां संसद भवन परिसर में कहा कि यह गंभीर मामला है और इसकी पड़ताल की जानी चाहिए, प्रधानमंत्री भी इस चर्चा में भाग लें।

सरकार चर्चा को तैयार, किंतु मर्यादा में रहते हुए हो : प्रधान

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार नीट परीक्षा पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन यह परंपरा के अनुसार और मर्यादा में रहते हुए होनी चाहिए। हंगामे के कारण सदन की बैठक दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद प्रधान ने अपील की कि छात्रों को भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए।

नेहरू जवाहरात के लाल थे और मोदी गुदड़ी के लाल हैं : त्रिवेदी

नई दिल्ली। भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि नेहरू की तुलना में मोदी अतुलनीय प्रधानमंत्री हैं। त्रिवेदी ने यह बात राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कही। त्रिवेदी ने कहा कि नेहरू जवाहरात के लाल थे, जबकि प्रधानमंत्री मोदी गुदड़ी के लाल हैं।

कांग्रेस ने फिर लगाया आरोप सदन में बंद किए गए माइक

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर 'माइक ऑफ' कर आवाज दबाने के आरोप लगाए हैं। लोकसभा में राहुल गांधी और राज्यसभा में कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे नीट पर चर्चा की मांग कर रहे थे। कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दोनों सदनों की वीडियो क्लिप भी पोस्ट की है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला से सदन में नीट पर चर्चा करवाने की मांग की थी।

राज्यसभा की बैठक बाधित विपक्ष का वाकआउट

नई दिल्ली। राज्यसभा में शुक्रवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्षी दलों ने 'नीट' में कथित अनियमितताओं को लेकर तत्काल चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया जिससे सदन की कार्यवाही बाधित हुई। सभापति धनखड़ ने विपक्षी नेताओं के आचरण पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा था कि ऐसा आचरण उन लोगों ने किया जिनसे नेतृत्व की अपेक्षा की जाती है।

कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम बेहोश हुईं

नई दिल्ली। राज्यसभा में शुक्रवार को नीट-यूजी के मुद्दे पर हंगामे के बीच कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम अचानक गिरीं और बेहोश हो गईं। उन्हें पास ही स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बारिश से दिल्ली पानी-पानी

दिल्ली में 88 वर्षों बाद जून में 228 मिमी बारिश, सड़कों पर बाढ़, 4 की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर में पिछले 24 घंटे में हुई बारिश ने 88 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1936 के बाद पहली बार राजधानी में इतनी बारिश दर्ज की गई। बारिश से जुड़े हादसों में दिल्ली में चार लोगों की मौत हो गई। सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए, लोगों को पूरे दिन जाम से जूझना पड़ा। कई इलाकों में चार से पांच फीट पानी भरने से कारें डूब गईं। सड़कों पर नाव चलीं और ट्रैफिक प्रभावित हुआ।

कई सांसदों के आवास में भी पानी भर गया। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में गुरुवार सुबह 8:30 बजे से शुक्रवार सुबह 8:30 बजे तक, 24 घंटे में 228 मिमी बारिश हुई। यहां 88 साल बाद जून महीने में एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। इससे पहले जून 1936 में 24 घंटे में 235.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। दिल्ली यातायात पुलिस ने प्रभावित मार्गों के संबंध में परामर्श जारी कर यात्रियों को इसके अनुसार ही यात्रा योजना बनाने की सलाह दी है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में जलमग्न सड़कों पर यात्रियों को अपने बच्चों को लेकर घुटनों पानी से होकर गुजरना पड़ा। कुछ इलाकों में मेट्रो स्टेशनों में भी पानी भर गया, जिससे लोगों को परेशानी हुई। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली में जलभराव की स्थिति के लिए नालों में जमा प्लास्टिक कचरे को जिम्मेदार ठहराया। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने छुट्टी पर गए सभी वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत ड्यूटी पर वापस आने के लिए कहा, अगले दो महीने तक के लिए छुट्टियां रद करने की सिफारिश की।

आईटीओ पर ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन

हवाई अड्डे की गिरी छत

रोहिणी में धंसी सड़क

सराय काले खां में डूबी कार

हवाई अड्डे की छत ढही, एक की मौत, छह घायल

नई दिल्ली। भारी बारिश के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 की छत का हिस्सा ढह गया जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने अधिकारियों से बात की और कहा कि व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहा हूं। प्रभावित यात्रियों की सहायता करने की सलाह दी है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने मृतक के परिवार को 20 लाख और घायलों को तीन-तीन लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से रिहा

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को जमानत दे दी जिसके बाद सोरेन को जेल से रिहा कर दिया गया। अदालत ने सोरेन की जमानत याचिका पर फैसला 13 जून को सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने 50 हजार के मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत पर जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन (48) बिरसा मुंडा जेल में कैद थे। सोरेन के वकील अरुणाभ चौधरी के अनुसार अदालत ने कहा है कि प्रथम दृष्टया, वह दोषी नहीं हैं और रिहाई के दौरान याचिकाकर्ता द्वारा कोई अपराध किए जाने की कोई आशंका नहीं है।

- 31 जनवरी को किए गए थे गिरफ्तार

मोबाइल नंबर पोर्ट के लिए अब 7 दिन करना होगा इंतजार

नई दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को कहा कि 'सिम स्वैप' यानी मोबाइल नंबर बदलने के बाद 'पोर्टिंग' के लिए पात्र होने में सात दिन की प्रतीक्षा अवधि होगी। यह कदम मोबाइल फोन नंबर के जरिए की जाने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिए उठाया गया है। ट्राई ने कहा कि 14 मार्च 2024 को जारी दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (नौवां संशोधन) विनियम एक जुलाई से लागू हो जाएगा। इससे पहले 'सिम स्वैप' करने पर 10 दिन इंतजार करना होता था। लेकिन नियामक ने नवीनतम संशोधन में इस अवधि को घटाकर सात दिन कर दिया है।

एयरटेल ने मोबाइल सेवा दरों में की 10-21% वृद्धि

नई दिल्ली। भारती एयरटेल ने शुक्रवार को मोबाइल सेवाओं की दरों में 10-21 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की। इससे एक दिन पहले रिलायंस जियो ने दरों में वृद्धि की घोषणा की थी। ढाई साल में दूरसंचार उद्योग ने पहली बार दरों में बड़ी वृद्धि की है। एयरटेल ने एक बयान में कहा कि दरों में बढ़ोतरी 10-21 प्रतिशत के बीच है। दरों में संशोधन तीन जुलाई से प्रभावी होगा। दैनिक डेटा ऐड-ऑन (एक जीबी) की दर में तीन रुपये की वृद्धि होगी और यह 19 से बढ़कर 22 रुपये हो जाएगा। वहीं 365 दिन की वैधता वाले प्लान में दो जीबी प्रतिदिन की पेशकश वाले प्लान में 600 रुपये तक की वृद्धि होगी और नई दरें 2,999 रुपये से बढ़कर 3,599 रुपये हो जाएंगी। असीमित 'वॉयस प्लान' श्रेणी में दर को 179 रुपये से बढ़ाकर 199 रुपये कर दिया गया है। कुल 28 दिन की वैधता वाले इस प्लान में 20 रुपये की वृद्धि की गई है। इस प्लान में दो जीबी का डेटा दिया जाता है।

- कंपनी 3 जुलाई से लागू करेगी दरों में वृद्धि का फैसला

अयोध्या में रामपथ के घटिया निर्माण पर तीन अभियंता निलंबित

लखनऊ। राज्य सरकार ने अयोध्या में रामपथ के घटिया निर्माण के लिए शुक्रवार को अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-3 ध्रुव अग्रवाल, एई अनुज देशवाल और जेई प्रभात पांडेय को निलंबित कर दिया है। प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान ने बताया कि मुख्य अभियंता मध्य क्षेत्र को जांच दी गई है।

22 जून से 25 जून तक अयोध्या में तेज बारिश के कारण इस मार्ग की सतह उखड़ गई थी। हाल में ही बने मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से सरकार की किरकिरी हुई थी। अधिशासी अभियंता को निलंबन अवधि में मुख्य अभियंता अयोध्या क्षेत्र से संबद्ध किया गया है।

पुत्र-पुत्री की तरह अब बहू को भी मिलेगा अधिकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

सरकार ने लिया निर्णय

- प्रमुख सचिव नगर विकास ने जारी किए शासनादेश

अमृत विचार : नगर विकास विभाग ने निकायों में विधवा पुत्र वधू को भी मृतक आश्रित मानने का आदेश जारी किया है। ऐसे में राज्य सरकार ने पुत्र-पुत्री की तरह अब बहू को भी समान हक दिलाने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। इसी के तहत अब नगर विकास विभाग ने निकायों में कार्यरत अकेंद्रीयत सेवा के कार्मियों की विधवा पुत्रवधू को राज्य कर्मियों के समान आश्रितों के बराबर हक देने का निर्णय लिया।

सरकार के इस निर्णय से हजारों लोगों को लाभ पहुंचना संभव है। कई परिवार ऐसे हैं जहां कमाने वाले की मृत्यु के बाद उसके बेटे की भी दुर्घटना अथवा अन्य कारण से आकस्मिक मौत होने पर मुश्किलें बढ़ जाती हैं। ऐसे परिवारों की बहू को नौकरी के लिए सरकार के पास काफी सिफारिशे आती रहती थीं। इस संबंध में नगर विकास विभाग ने उप्र सेवाकाल में पालिका (अकेंद्रीयत) सेवानिवृत्त लाभ नियमावली-1984 में कुटुंब की परिभाषा में बदलाव करते हुए मृतक कर्मी की आश्रित पुत्रवधू को भी शामिल कर दिया है। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए निकायों को निर्देश भेज दिया है।

4,603 यात्रियों का पहला जत्था घाटी पहुंचा

अमरनाथ यात्रा

जम्मू। अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को कश्मीर घाटी पहुंचा। श्रीनगर पहुंचने पर पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों तथा स्थानीय लोगों ने 4,603 तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। शनिवार को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किमी. लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किमी. लंबे बालटाल मार्ग से यह 52 दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू होगी और 19 अगस्त को संपन्न होगी। हर हर महादेव के जयकारों के बीच जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को भगवती नगर स्थित आधार शिविर से 4,603 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया।

हजारीबाग में प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाचार्य गिरफ्तार

नीट-यूजी पेपर लीक मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में शुक्रवार को झारखंड के हजारीबाग में स्थित एक स्कूल के प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने बताया कि ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य एहसानुल हक को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा पांच मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के लिए हजारीबाग का नगर समन्वयक बनाया गया था जबकि उप-प्रधानाचार्य इम्तियाज आलम को एनटीए का पर्यवेक्षक और ओएसिस स्कूल का केंद्र समन्वयक नियुक्त किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई पेपर लीक मामले के सिलसिले में जिले के पांच और लोगों से भी पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने विस्तृत पूछताछ के बाद हक और आलम को गिरफ्तार कर लिया। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की जांच के दौरान दोनों आरोपी घेरे में आए थे। ईओयू पहले मामले की जांच कर रही थी। अधिकारियों ने बताया कि टीम को प्रश्न पत्र हल करने वाले (सॉल्वर) गिरोह के ठिकाने पर छापेमारी के दौरान नीट-यूजी के जले हुए प्रश्नपत्र मिले। एक बयान में, ईओयू ने दावा किया था कि कुख्यात संजीव कुमार उर्फ लूटन मुखिया गिरोह ने हजारीबाग के ओएसिस स्कूल से 'लीक' हुआ नीट-यूजी प्रश्नपत्र प्राप्त किया था। सीबीआई ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) पेपर लीक मामले में छह प्राथमिकी दर्ज की हैं। एनटीए ने देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी परीक्षा का आयोजन किया था। इस साल पांच मई को कुल 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में 23 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

एनटीए ने की तीन परीक्षाओं की नई तिथि की घोषणा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने यूजीसी-नेट समेत रद और स्थगित की गई परीक्षाओं की नई तिथियों की घोषणा शुक्रवार रात को कर दी। यूजीसी-नेट परीक्षा 18 जून को आयोजित की गई थी लेकिन एक दिन बाद ही इसे रद कर दिया गया था। यह परीक्षा अब 21 अगस्त से चार सितंबर तक आयोजित की जाएगी। सीएसआईआर यूजीसी-नेट परीक्षा अब 25 जुलाई से 27 जुलाई तक होंगी। आईआईटी, एनआईटी, आरआईई और सरकारी कॉलेज के साथ ही चुनिंदा केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों या संस्थानों में चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) में प्रवेश के लिए नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी) अब 10 जुलाई को होगा। ये परीक्षा 12 जून को होनी थी लेकिन इसे निर्धारित समय से कुछ घंटे पहले स्थगित कर दिया गया था।

एक नजर

शिक्षक स्वागत समारोह आज मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल की ओर से आयोजित शिक्षक स्वागत समारोह का उद्घाटन शनिवार को प्रात: 10 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। समारोह का आयोजन सीएमएस गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में होगा, जिसमें मुख्यमंत्री बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। समारोह में रंगारंग शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सीएमएस शिक्षकों व विद्यालय के पूर्व व वर्तमान मेधावी छात्रों का स्वागत व सम्मान किया जायेगा। यह जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि समारोह में आईएएस, पीसीएस व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित सीएमएस छात्रों, विदेशों के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा के लिए चयनित छात्रों, जेईई, नीट, किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना, कैट, एनडीए आदि अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने वाले सीएमएस के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जायेगा।

कृत्रिम रेत को बढ़ावा देने के लिए एम-सैंड नीति लाएगी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा, पर्यावरण और नदियों के इको सिस्टम के लिए बालू, मोरंग के विकल्प में कंक्रीट रेत ज्यादा उपयोगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नदी रेत और मोरंग के स्थान पर 'एम-सैंड' (कृत्रिम रेत) को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया है। सरकार जल्द ही एम-सैंड नीति लागू करने जा रही है, जिससे प्राकृतिक रेत व मोरंग के एक नए विकल्प की उपलब्धता सुगम हो सकेगी।

शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर खनन विभाग के साथ प्रस्तावित नीति पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि पर्यावरण व नदियों के इको सिस्टम को बिना नुकसान पहुंचाए सस्टनेबल विकास को गति दी जाए। इस वजह से 'एम-सैंड' एक बेहतर माध्यम है। नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू की सीमित मात्रा और इसकी बढ़ती मांग के मद्देनजर एम- सैंड को नदी तल से प्राप्त होने वाली बालू के विकल्प के रूप में बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इससे रोजगार के भी नए अवसर सृजित होंगे।

शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर उप्र एम-सैन्ड्स नीति-2024 व खनन पट्टा डि-सेन्ट्रलाइजेशन के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

योगी बोले

- नियंत्रण में रहे बालू, मोरंग की कीमत, मानसून में हो बेहतर भंडारण व्यवस्था
- मुख्यमंत्री ने की खनन विभाग की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

नई नीति पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि 'एम-सैंड' के गुणवत्ता मानकों को बनाए रखना काफी अहम है, क्योंकि इसमें जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा शामिल है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी 'एम-सैंड' निर्माता अपने उत्पाद के लिए बीआईएस प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि आम लोगों को 'एम-सैंड' सुविधाजनक रूप से उपलब्ध हो सके और 'एम-सैंड' की कीमत प्राकृतिक मोरंग, बालू के सापेक्ष कम हो। इसके लिए प्रयास किया जाना चाहिए।

जिलास्तर पर ही ई-अभिवहन प्रपत्र (ईएमएम-11) जारी हो

- खनन पट्टा धारकों की सुविधा को नजर में रखते हुए मुख्यमंत्री ने ई-अभिवहन प्रपत्र (ईएमएम-11) जारी करने की व्यवस्था को और सरल बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रपत्र जारी करने की प्रक्रिया जिला स्तर से ही होनी चाहिए। इसके लिए एक समय सीमा तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग रोकने के लिए सबसे बेहतर है जीरो पॉइंट, पर कार्रवाई की जाए। यानी खनन स्थल पर जहां से बालू, मोरंग, गिट्टी आदि उप खनिज वाहन में लोड किया जाता हो, कार्रवाई वहीं होनी चाहिए। साथ ही कहा कि बालू, मोरंग के परिवहन की जांच करते समय अनावश्यक रूप से आम जन का उत्पीड़न न हो।

बंजर भूमि पर लगें ईंट भट्ठे कीमतें रहें नियंत्रित

मुख्यमंत्री ने कहा कि ईंट भट्ठे लगाए जाने के लिए उर्वर भूमि के स्थान पर बंजर भूमि का ही उपयोग किया जाना चाहिए। इसके लिए इस क्षेत्र के उद्यमियों से संवाद करें। उन्हें उर्वर भूमि का उपयोग न करने के लिए जागरूक करें। बारिश के मौसम में बालू, मोरंग की कीमतों को नियंत्रित रखने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने इनके भंडारण व्यवस्था की भी समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वर्ष 2023-24 में जहां 533 भंडारण स्थल थे। वहीं, इस सत्र में 645 भंडारण स्थल हैं। पिछले वर्ष के सापेक्ष भंडारण की मात्रा में भी वृद्धि हुई है।

क्या है एम सैंड

- ज्यादातर राज्यों में नदी की रेत पर प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसे में निर्मित रेत और कंक्रीट रेत ने निर्माण के लिए सबसे उपयुक्त और पसंदीदा रेत के रूप में नदी की रेत की जगह ले ली है। एम सैंड एक कृत्रिम रेत है जिसे कठोर पत्थरों को कुचलकर और उन्हें वीएसआई (वर्टिकल शाफ्ट इम्पैक्ट) मशीन के माध्यम से गुजारकर छोटे रेत के आकार के कणों का उत्पादन किया जाता है।

प्रवीण कुमार बनाए गए बलिया के जिलाधिकारी

लखनऊ : शासन ने शुक्रवार को भी कई आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें से प्रवीण कुमार लक्षकार को बलिया का जिलाधिकारी बनाया गया है। राजगणपति आर को सिद्धार्थनगर का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं, सिद्धार्थनगर के जिलाधिकारी रहे पवन अग्रवाल को बलरामपुर का जिलाधिकारी बनाया गया है। आईएएस मदन सिंह गर्वियाल को कानपुर नगर आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, आईपीएस आनंद प्रकाश तिवारी उप्र. से असम वापस भेजे गए हैं। 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी आनंद प्रकाश असम कॉडर के अधिकारी थे। बलरामपुर के कप्तान केशव कुमार को हटाकर प्रतीक्षारत किया गया है, जबकि विकास कुमार को बलरामपुर का कप्तान बनाया गया है। आलोक प्रियदर्शी को फर्रुखाबाद का कप्तान बनाया गया है। बृजेश सिंह को एटीएस से स्थानांतरित कर बदायूं कप्तान बनाया गया है।

शाइन सिटी की 50 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मेसर्स शाइन सिटी प्रॉपर्टीज लिमिटेड के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के अंतर्गत शुक्रवार को 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की चल व अचल संपत्तियां कुर्क की हैं।

कुर्क की गई चल संपत्तियों में लग्जरी कार, आभूषण और 1.42 करोड़ रुपये की नकदी शामिल है, जबकि अचल संपत्तियों में मुंबई और लखनऊ में दो आवासीय फ्लैट्स, सूरत और मुंबई में 21 वाणिज्यिक दुकानें, लखनऊ में 1 वाणिज्यिक कार्यालय स्थल और 1 वाणिज्यिक भूखंड, बख्शी का तालाब, मोहनलालगंज और बाराबंकी लखनऊ में 30.32 करोड़ रुपये की कृषि भूमि के 60 पार्सल शामिल हैं।

- कुर्क की गई संपत्तियों में लग्जरी कार, आभूषण और 1.42 करोड़ रुपये की नकदी शामिल
- अचल संपत्तियों में मुंबई और लखनऊ में दो आवासीय फ्लैट्स व अन्य संपत्तियां शामिल

ईडी ने रशीद नसीम और शाइन सिटी ग्रुप ऑफ कंपनीज के खिलाफ पुलिस की ओर से दर्ज करीब 554 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की है। ईडी की जांच में पता चला कि आरोपी व्यक्तियों, सहयोगियों और प्रमोटरों ने कई कंपनियों को शामिल किया और रियल एस्टेट सेक्टर और अन्य आकर्षक योजनाओं में निवेश की आड़ में पोंजी-पिरामिड योजना के तहत लोगों से धन एकत्र किया। इसके बाद, लोगों को धोखा दिया और एकत्र किए गए धन को डायवर्ट किया।

ईडी की जांच में फंड ट्रेल की पहचान हुई और पाया गया कि लोगों से एकत्र किए गए धन को समूह के विभिन्न निदेशकों, प्रवर्तकों, सहयोगियों को स्थानांतरित और डायवर्ट किया गया था। इस तरह से डायवर्ट किए गए फंड का इस्तेमाल करीबी विश्वासपात्रों और सहयोगियों द्वारा बेनामी व्यक्तियों के नाम पर लग्जरी कारों, आवासीय भूखंडों, फ्लैटों, वाणिज्यिक भूखंडों, दुकानों और कार्यालय की जगह और कृषि भूमि की खरीद के लिए किया गया था।

इससे पहले ईडी ने लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, मुंबई और दिल्ली में 18 स्थानों पर पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत तलाशी ली थी और कई डिजिटल डिवाइस, मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध से संबंधित दस्तावेज और संपत्तियों का विवरण बरामद किया था। ईडी ने पहले 100 करोड़ रुपये की विभिन्न अचल संपत्तियों की पहचान की और उन्हें जब्त कर लिया था।

मामले में अब तक की गई कुल कुर्की की राशि लगभग 160.28 करोड़ रुपये है। ईडी ने 7 आरोपियों शशि बाला, अभिषेक सिंह, दुर्गा प्रसाद, उधव सिंह, आशिफ नसीम, अमिताभ श्रीवास्तव और मीरा श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया और हिरासत में लेकर पूछताछ की। हिरासत में की गई पूछताछ में मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध में उनकी संलिप्तता का पता चला। मामले में तीन अभियोजन शिकायत दर्ज की गई हैं और विशेष न्यायालय ने इसका संज्ञान लिया है।

राजधानी सहित 10 जिलों में बीएड प्रवेश परीक्षा आज

लखनऊ : उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की सत्र 2024-25 की बीएड व बीएड स्पेशल एजुकेशन की प्रवेश परीक्षा शनिवार को होगी। लखनऊ सहित 10 जिलों के 13 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा में 6,036 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के आयोजन व संचालन समिति के समन्वयक प्रोफेसर पीके स्टालिन ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के सफल संचालन के लिए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के निर्देश पर सभी केंद्रों पर पर्यवेक्षकों की तैनाती कर दी गई है। साथ ही कोर कमेटी के सदस्य परीक्षा केंद्रों पर तैनात रहेंगे। अभ्यर्थियों की सहूलियत का ध्यान रखते हुए प्रवेश परीक्षा प्रदेश के आगरा, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी व प्रयागराज में आयोजित की जा रही है।

नगर निगम के दो अधिकारी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश सरकार ने शासकीय आदेशों की अवहेलना, कर्तव्यों के प्रति उदासीनता व लापरवाही बरतने पर नगर निगम आगरा और लखनऊ के दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। नगर निगम, आगरा में उप्र. पालिका (केन्द्रीयित) स्वास्थ्य सेवा के जोनल सेनेटरी ऑफिसर महेश चन्द्र को जहां शासकीय आदेशों की अवहेलना की वजह से निलंबित किया गया। वहीं, नगर निगम, लखनऊ में जोन-7 के अधिशासी अभियंता (सिविल) बिजेन्द्र पाल को अपने पदीय दायित्वों व कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया गया है। इन दोनों निलम्बित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति भी कर दी गई है।

प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस संबंध में शुक्रवार को निलम्बन आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि नगर निगम आगरा के जोनल सेनेटरी ऑफिसर को दिसम्बर 2023 में नगर निगम मथुरा-वृन्दावन में इसी पद पर तैनाती के आदेश दिए गए थे। जिस पर महेश चन्द्र की ओर से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया। साथ ही इस अनुशासनहीनता पर उनका स्पष्टीकरण मांगने पर भी उन्होंने शासकीय आदेशों की अवहेलना की थी। इसी प्रकार लखनऊ नगर निगम में जोन-7 के अधिशासी अभियन्ता (सिविल) बिजेन्द्र पाल द्वारा अपने क्षेत्रों में नाला सफाई के कार्य को समय से न कराये जाने, अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक न किये जाने और कार्यों में रुचि न लेने आदि के कारण निलम्बित किया गया है। नगर निगम लखनऊ की महापौर द्वारा जोन-7 स्थित लोहिया नगर, शंकर पुरवा द्वितीय, इन्दिरा नगर वार्ड के पास के नालों की सफाई कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया था, जिसमें कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया।

होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

- आशासकीय आदेशों की अवहेलना कर्तव्यों के प्रति उदासीनता का आरोप
- नगर निगम लखनऊ में जोन-7 के अधिशासी अभियंता बिजेन्द्र पाल और आगरा के जोनल सेनेटरी ऑफिसर महेश चन्द्र पर हुई कार्रवाई

> विभागीय कार्यों में लापरवाही व शिथिलता बरतने, साथ ही शासकीय आदेशों की अवहेलना पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। किसी भी कार्मिक का ऐसा बर्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री की अपेक्षा व मंशानुरूप सभी कार्मिकों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना होगा।
>
> -अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव नगर विकास

6 माह में शुरू होगा फिल्म सिटी का निर्माण कार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी का निर्माण 6 माह के अंदर शुरू हो जाएगा और तीन वर्ष के अंदर यहां फिल्मों की शूटिंग और इससे संबंधित कार्य शुरू हो जाएंगे। फिल्म सिटी के निर्माण से उप्र. और आसपास के प्रदेशों के 50 हजार लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं 5 से 7 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे।

इस क्रम में स्किल्ड के साथ-साथ यहां अनस्किल्ड लोगों के लिए भी संभावनाएं होंगी। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी की शुरुआत से यहां प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा। जो लोग मुंबई जाकर फिल्मों में काम करने का सपना देखते हैं, उन्हें अब यहीं अवसर मिलेगा। बहुत से लोग हैं जिनमें प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन वो बड़े शहरों के खर्च अफोर्ड (वहन) नहीं कर सकते हैं। उन्हें भी यहां अवसर मिल सकेगा। कलाकार, टेक्नीशियन, मिक्सर, कैमरामैन, स्टोरी राइटर समेत ऐसी बहुत सारी प्रतिभाएं जो प्लेटफॉर्म न मिल पाने के कारण प्रदेश के अंदर ही दम तोड़ देती हैं, उनको फिल्म सिटी एक प्लेटफॉर्म प्रदान करेगी।

- 50 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार
- स्किल्ड के साथ-साथ अनस्किल्ड को भी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी में मिल सकेंगे रोजगार के अवसर

आधे से कम कीमत में मिलेंगी सुविधाएं

अरुणवीर सिंह के मुताबिक, यह फिल्म सिटी बिल्कुल अलग होगी। अभी देश भर में जितनी भी फिल्म सिटी हैं, उनमें जो भी कमियां हैं, उन्हें इस फिल्म सिटी में दूर करने का प्रयास किया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इनमें ट्रैवल टाइम भी कम होगा। साथ ही फिल्म सिटी पूरी तरह सुरक्षित होगी। यहां आने में लॉ एंड ऑर्डर जैसी कोई समस्या नहीं आएगी। उन्होंने बताया कि ये पूरी तरह अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी होगी, जहां भारत के साथ-साथ विदेशी फिल्मों की शूटिंग भी होगी। यहां जो सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, वो विदेशों की तुलना में यहां आधे से भी कम कीमत में मिल सकेंगी।

तकनीक की मदद से अब फसलों की सुरक्षा करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश सरकार तकनीक की मदद से अब फसलों की सुरक्षा करेगी। इसके तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब उप्र. में यील्ड एस्टिमेशन सिस्टम बेस्ड ऑन टेक्नोलॉजी (यस-टेक) को लागू करने की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसे सभी 75 जिलों में लागू करने की तैयारी है।

इस प्रक्रिया के साथ ही रीस्ट्रक्चर्ड वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) के अंतर्गत फसलों की मॉनिटरिंग व रखरखाव की प्रक्रिया को दुरुस्त करने की दिशा में भी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। दरअसल, फसलों को मौसमी आपदाओं से बचाने, किसानों को फसलों का बीमा उपलब्ध कराने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर फसलों के निरीक्षण की प्रक्रिया को और मजबूत बनाने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी। अब इसी कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए कृषि विभाग ने यस टेक को लागू करने के लिए टेक्नोलॉजी इंप्लिमेंटेशन पार्टनर (टीआईपी) की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कृषि विभाग ने 75 जिलों में रबी व खरीफ सीजन की फसलों से संबंधित आंकड़ों के संकलन को लेकर इस प्रक्रिया की शुरुआत की है। इसके तहत मुख्यतः गेहूं व धान की फसलों पर फिलहाल जोर दिया जा रहा। इस दौरान वर्ष 2023-24, 2024-25 व वर्ष 2025-26 के आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। इसमें अन्य बीमित फसलों को भी इससे जोड़ा जा सकता है।

- 75 जिलों में फसलों के रखरखाव के साथ किसानों को बीमा कवर देने की योजना

बीमित फसलों के लिए समय निर्धारित

इस प्रक्रिया में बीमित खरीफ फसल के तौर पर केला, मिर्च व पान तथा रबी फसल के तौर पर टमाटर, शिमला मिर्च, हरी मटर व आम को वरीयता दी गई है। केले के लिए 30 जून, मिर्च के लिए 31 जुलाई, पान के लिए 30 जून, टमाटर के लिए 30 नवम्बर, शिमला मिर्च के लिए 30 नवम्बर, हरी मटर के लिए 30 नवम्बर तथा आम के लिए फसलवार बीमा कराने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर निर्धारित की गई है।

ई-रिक्शा ड्राइविंग प्रशिक्षित 3 लाभार्थियों को सौंपी चाबी

लखनऊ : मिशन शक्ति योजना भविष्य में महिलाओं की ऑटोमेशन क्षेत्र में भूमिका निर्धारित करने में सहायक सिद्ध होगी। यह विचार राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राजभवन में आयोजित यूपी. इण्डस्ट्रीयल कन्सलटेन्ट लि. (यूपीकॉन) की 50वीं वर्षगांठ के अवसर में आयोजित बैठक के दौरान व्यक्त किए। इस मौके पर राज्यपाल ने मिशन शक्ति योजना के अन्तर्गत ई-रिक्शा ड्राइविंग प्रशिक्षित तीन लाभार्थियों गीता वर्मा, राधिका गौतम और आंचल वर्मा को प्रतीकात्मक चाबी प्रदान की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल. जॉनी, यूपी इण्डस्ट्रीयल कन्सलटेन्ट लि. (यूपीकान) के सदस्य तथा अन्य अधिकारी.मौजूद रहे।

आधुनिक हथियारों से लैस होगा एसएसएफ

अमृत विचार, लखनऊ : विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) के कार्मिक जल्द ही आधुनिक हथियारों से लैस होंगे। इसके लिए गृह विभाग ने पुलिस मुख्यालय को खरीद की अनुमति दे दी है। करीब साढ़े चार करोड़ रुपये भी जारी किए गए हैं। हथियारों की खरीद लखनऊ, प्रयागराज और गोरखपुर वाहनी से जुड़े कार्मिकों के लिए होगी। कुल 243 हथियार खरीदे जाने हैं। जिसमें 153 सेमी आटोमेटिक पिस्टल, 15 सब मशीन गन व 75 एसाल्ट रायफल भी खरीद की जाएगी।

सम्मान प्राप्त करते आईपीएस शशिकांत तिवारी। अमृत विचार

आईपीएस शशिकांत किये गये सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : पुलिस अधीक्षक लोक शिकायत आईपीएस अधिकारी शशिकांत तिवारी को शनिवार को सेंट्रल कमान में सम्मानित किया गया। सेना के वाइस चीफ राजा सुब्रमण्यम ने स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए उनके द्वारा सैन्य कर्मियों के लिए किए जाने वाले योगदान की सराहना की। बता दें कि शशिकांत तिवारी डिफेंस हेल्पलाइन के भी इंचार्ज हैं। इसके साथ वह सैन्य कर्मियों, पूर्व सैन्य कर्मियों, पैरामिलिट्री फोर्स के कार्मिकों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण भी कराते हैं।

सीएमओ हत्याकांड : आनंद प्रकाश दोषसिद्ध, दो आरोपी बरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सीबीआई न्यायालय ने एनआरएचएम सीएमओ हत्याकांड मामले में एक आरोपी को दोषी पाया, जबकि दो अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। दोषसिद्ध आरोपी की सजा पर फैसला मंगलवार को सुनाया जाएगा। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश सीबीआई कोर्ट अनुरोध मिश्रा ने की।

बता दें कि अप्रैल 2011 की सुबह गोमतीनगर क्षेत्र में सीएमओ रहे डॉ. बीपी सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में गोमतीनगर थाना पुलिस ने आनंद प्रकाश तिवारी, विनोद शर्मा व आरके वर्मा को गिरफ्तार किया था। एसएचओ अभिमन्यू धर द्विवेदी ने आनंद प्रकाश के पास से असलहा भी बरामद कर लिया था। बाद में यह मामला जांच के लिए सीबीआई को दे दिया था। सीबीआई न्यायालय ने इस मामले में आनंद प्रकाश को दोषी पाया। इस मामले में आरोपी को सजा मंगलवार को सुनाई जाएगी।

मामले से जुड़े परिवार कल्याण विभाग के तत्कालीन सीएमओ डॉ. विनोद कुमार आर्या की इससे पूर्व विकास नगर में बाइक सवार बदमाशों ने अक्टूबर 2010 को ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर हत्या कर दी थी। वह घर से टहलने के लिए निकले थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनको पांच गोलियां मारे जाने की पुष्टि हुई थी। यह मामला अभी ठंडा नहीं हुआ था कि सीएमओ डॉ. बीपी सिंह की हत्या कर दी गई थी। छह माह के अंदर दो सीएमओ की हत्या ने तत्कालीन सत्ता को भी हिला कर रख दिया था। तत्कालीन बसपा सरकार ने दोनों हत्याकांडों की जांच सीबीआई को सौंपी थी। कोर्ट में यह भी दलील दी गई कि हत्याकांड एनआरएचएम घोटाले से जुड़ा है। दोनों हत्याकांडों की जांच अभी चल ही रही थी कि इस बीच दो महीने बाद ही जेल में डिप्टी सीएमओ योगेंद्र सिंह सचान की जेल के अंदर ही संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। डिप्टी सीएमओ की मौत के मामले में न्यायिक जांच हुई। जांच के बाद कहा गया कि इसे हत्या मानने से इंकार नहीं किया जा सकता। योगेंद्र सचान की पत्नी डा. मालती और परिवारीजन उनकी हत्या किए जाने का आज भी आरोप लगा रहे हैं।

उप्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का नामांकन और चुनाव आज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय चुनाव की प्रक्रिया शनिवार पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगी। मोती नगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय में चुनाव होगा। 29 और 30 जून को होने वाले प्रदेश के 21वें त्रैवार्षिक निर्वाचन में भाग लेने के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों से व्यापारी प्रतिनिधियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसमें करीब 1,000 व्यापारी 102 पदों पर अपने प्रत्याशियों के लिए नामांकन भरेंगे। देर शाम तक अधिकांश पदों पर फैसला हो जाएगा।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने बताया कि प्रांतीय निर्वाचन में शामिल होने के लिए कई जनपदों के प्रतिनिधि लखनऊ पहुंच गए हैं। संतकबीरनगर से बी. अग्रहरि, फतेहपुर से डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता, उन्नाव से रजनीकांत श्रीवास्तव, कौशाम्बी से प्रांतीय वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि लखनऊ पहुंच गए हैं। प्रांतीय कार्यालय में बैठक कर शनिवार को होने वाले चुनाव की रूपरेखा तय की गई। प्रांतीय चुनाव की समस्त कार्यवाही प्रमुख चुनाव अधिकारी जसवंत बत्रा सहारनपुर, सहायक चुनाव अधिकारी संजय अग्रवाल लखीमपुर, सुनील गुप्ता लखनऊ, बसंत सिंह बग्गा रायबरेली, आयुष द्विवेदी कानपुर की ओर से पूरी करायी जायेगी। विभिन्न पदों के लिए भरे जाने वाले नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी द्वारा ही दिए जाएंगे। जो भी प्रतिनिधि नामांकन पत्र भरकर देंगे। जिन पदों पर ज्यादा उम्मीदवार होंगे, उनका चुनाव व मतदान आवश्यक हुआ तो 30 जून को अग्रवाल कालेज में सुबह 8 बजे कराया जाएगा।

- मोतीनगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय में पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगा कार्यक्रम

नामांकन फार्म : 10 रुपये

नामांकन शुल्क : 1,500 रुपये (नाम वापसी और पर्चा रद होने पर वापस नहीं होगा)

इन पदों के लिए होना है नामांकन और चुनाव

अध्यक्ष :	1
वरिष्ठ उपाध्यक्ष :	6
उपाध्यक्ष :	24
वरिष्ठ महामंत्री :	1
संयुक्त महामंत्री :	6
मंत्री :	24
वरिष्ठ मंत्री :	6
संगठन मंत्री :	30
प्रचार मंत्री :	1
संयुक्त प्रचार मंत्री :	3

नौकरियों में ओबीसी की नियुक्ति में न हो भेदभाव

अमृत विचार, लखनऊ : केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर ओबीसी अभ्यर्थियों की नियुक्ति को लेकर भेदभाव न किए जाने की अपील की है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की साक्षात्कार वाली नियुक्तियों में ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को यह कहकर छांट दिया जाता है कि वह योग्य नहीं हैं और बाद में इन पदों को अनारक्षित घोषित कर दिया जाता है। उन्होंने पत्र में लिखा कि आप भी सहमत होंगे कि अन्य पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति और जनजाति से आने वाले अभ्यर्थी भी इन परीक्षाओं में न्यूनतम अर्हता की परीक्षा अपनी योग्यता के आधार पर ही पास करते हैं और योग्यता के आधार पर ही इन साक्षात्कार आधारित परीक्षाओं के लिए अर्ह पाए जाते हैं।

दो हजार करोड़ से प्रदेश में स्थापित होगा बायो प्लास्टिक पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार दो हजार करोड़ से बायो प्लास्टिक पार्क की स्थापना करने जा रही है। इसका उद्देश्य बायो प्लास्टिक के निर्माण के जरिए पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करना है। इस क्रम में लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ तहसील के कुंभी गांव में 1000 हेक्टेयर में स्थापित होने वाले इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए हैं। इसके लिए जमीन की तलाश तेज कर दी गई है।

पार्क को बलरामपुर चीनी मिल फर्म द्वारा बनाया जाएगा, जिससे यहां न केवल बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा बल्कि बायो प्लास्टिक पार्क बनने से क्षेत्र में कई अन्य सहायक उद्योग भी स्थापित हो सकेंगे। पार्क के विकास के लिए उप्र. एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को नोडल बनाया जाएगा।

बायो प्लास्टिक पार्क के विकास से नए वैज्ञानिक व तकनीकी क्षेत्र में नौकरी के अवसर भी उत्पन्न होंगे ही साथ ही ये पार्क वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा, जहां वे नवीनतम प्रौद्योगिकियों और अनुसंधानों के माध्यम से प्लास्टिक निर्माण की क्षमताओं को विकसित कर सकते हैं।

पार्क में वैज्ञानिक अनुसंधान होंगे, जिससे प्लास्टिक के प्रभावी उपयोग और रि-साइकिल के लिए नवीनतम तकनीकी उत्पाद विकसित किए जा सकेंगे। इसके जरिए प्लास्टिक से पैदा होने वाली पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान निकाला जा सकेगा। साथ ही प्लास्टिक के प्रदूषण को कम करने और प्रदूषित प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के लिए नवीनतम तकनीक पर अध्ययन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने परियोजना को तेजी से पूरा करने के दिए निर्देश

- पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने में मददगार होगा बायो प्लास्टिक पार्क
- लखीमपुर खीरी में 1000 हेक्टेयर में बनेगा पार्क, जमीन की तलाश तेज
- बलरामपुर चीनी मिल फर्म कुंभी गांव में बनाएगा बायो प्लास्टिक पार्क

क्या है बायो प्लास्टिक

बायो प्लास्टिक प्राकृतिक सामग्रियों, जैसे कि मक्का, सूरजमुखी या शक्कर के कणों से बनाया जाता है। इसे प्राकृतिक प्लास्टिक भी कहा जाता है। यह तेजी से विघटित हो जाता है, जिससे इसका पर्यावरण में प्रदूषण प्रभाव कम होता है। इसका उपयोग न केवल पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देता है, बल्कि इसका उपयोग अलग-अलग उद्योगों में भी किया जा सकता है, जैसे कि पैकेजिंग, रेडिमेड वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य औद्योगिक उत्पाद। इसके विकास और उपयोग से प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे को कम करने में मदद मिलती है और पर्यावरणीय स्थिति में सुधार करने में यह बहुत ही ज्यादा सहायक साबित हो सकता है।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

एलडीए विकसित करेगा विश्व स्तरीय सुविधाओं वाली चार नई योजनाएं

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

25 हजार आवासीय भूखंड, मकान मिलेंगे लोगों को

- अध्यक्ष डॉ.रोशन जैकब ने भूमि अधिग्रहण के प्रारंभिक प्रस्ताव को दी मंजूरी
- सुल्तानपुर रोड पर वेलनेस सिटी, आईटी सिटी के लिए मुआवजे की दर निर्धारित

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण चार नई योजनाएं विकसित करने जा रहा है। विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस इन कालोनियों में लगभग 25,000 लोगों को भूखंड और मकान मिलेंगे। इसके अलावा व्यवसायिक और औद्योगिक क्षेत्र भी बनाए जाएंगे। योजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण के प्रारंभिक प्रस्ताव को एलडीए अध्यक्ष और मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मंजूरी दे दी है।

एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने सुल्तानपुर रोड पर वेलनेस सिटी, आईटी सिटी, मोहान रोड पर एजूकेशन सिटी व आईआईएम रोड पर प्रबंध नगर योजना विकसित की जाएगी। इन कालोनियों में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, शिक्षण संस्थान, ग्रुप हाउसिंग, मॉल, होटल, मनोरंजन केंद्र, इन्डस्ट्रियल एरिया, ग्रीनरी और वाटर बॉडी विकसित की जाएंगी।

उपाध्यक्ष ने बताया कि मोहान रोड योजना के आंतरिक विकास के लिए प्रथम चरण में 225 करोड़ रुपये का टेंडर भी जारी कर दिया है। योजना में सड़क, सीवर, जलापूर्ति, विद्युतीकरण व ड्रेनेज आदि कार्य कराए जाएंगे। ग्राम प्यारेपुर व कलियाखेड़ा की जमीन पर विकसित की जा रही मोहान रोड योजना के मुआवजे के संबंध में प्रस्ताव तैयार करा लिया गया है। इस पर अगली बोर्ड बैठक में निर्णय ले लिया जाएगा।

मोहान रोड योजना में एजुकेशनल सिटी भी बनेगी

एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि मोहान रोड योजना चंडीगढ़ के पंचकुला की तरह ग्रिड पैटर्न पर विकसित की जाएगी। ग्राम प्यारेपुर व कलियाखेड़ा की 785 .02 एकड़ अर्जित भूमि पर 1544 करोड़ रुपये की लागत से योजना का विकास किया जाएगा। 74 .25 एकड़ क्षेत्रफल में एजुकेशनल सिटी और 42 एकड़ पर सेंट्रल पार्क बनेगा। 45,000 वर्गमीटर क्षेत्र में वाटर बॉडी होगी। कुल आठ सेक्टर बनाए जाएंगे। 112 .50 से 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 2532 आवासीय भूखंड के साथ ग्रुप हाउसिंग के बड़े भूखंड सृजित किए जाएंगे।

वेलनेस सिटी में सप्त ऋषियों के नाम से होंगे सात सेक्टर

सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम-बक्कास, चैरहिया, चैरासी, मलूकपुर, दुलारमऊ एवं नूरपुर बेहटा की लगभग 1474 एकड़ जमीन पर वेलनेस सिटी बनेगी। इसे मेडी सिटी की तरह विकसित किया जाएगा। अमीनाबाद मेडीसिन मार्केट भी वेलनेस सिटी में स्थानांतरित करने का प्रावधान है। 60 मीटर से 24 मीटर चौड़ी सड़कें बनेंगी। सप्त ऋषियों के नाम से सात सेक्टर बनाए जाएंगे। 112 .50 वर्गमीटर से 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 2935 आवासीय भूखंड के साथ ग्रुप हाउसिंग व व्यावसायिक उपयोग के बड़े भूखंड नियोजित किए जाएंगे।

आईटी सिटी में इंडस्ट्रियल एरिया भी विकसित होगा

सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व किसान पथ के मध्य लगभग 2086 एकड़ में आईटी सिटी विकसित की जाएगी। हाईटेक प्रौद्योगिकी पार्क, ग्लोबल बिजनेस पार्क, साइंस एवं इंजीनियरिंग उपकरण क्षेत्र, सुपर स्पेशलिटी मेडिकल जोन के लिए भूखंड नियोजित किये जाएंगे। 72 वर्गमीटर से 1250 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 4025 आवासीय भूखंड सृजित होंगे। सर्वाधिक 1848 भूखंड 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के होंगे। योजना में 360 एकड़ का इन्डस्ट्रियल एरिया व व्यावसायिक गतिविधि के लिए 64 एकड़ क्षेत्रफल आरक्षित किया गया है।

प्रबंध नगर योजना में सात लाख वर्गमीटर में व्यवसायिक गतिविधियां

आईआईएम रोड पर ग्राम-घैला, अल्लूनगर डिगुरिया व ककौली की कुल 2077 एकड़ भूमि पर प्रबंध नगर योजना विकसित की जाएगी। योजना के विकास पर 4500 करोड़ रुपये खर्च आएगा। इसमें लगभग 20 लाख वर्गमीटर क्षेत्रफल में आवासीय उपयोग, लगभग 7 लाख वर्गमीटर एरिया में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भूखंड सृजित किये जाएंगे। इसके अलावा 14 लाख 58 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल का इन्डस्ट्रियल एरिया और 7 लाख वर्गमीटर मिश्रित भू-उपयोग का प्रावधान किया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

मौसम

बादल छाए रहेंगे, इससे उमस बढ़ने की संभावना जताई गई है।

40.3° अधिकतम तापमान
29.2° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- आयुष विभाग द्वारा एक दिवसीय नि:शुल्क परामर्श एवं जागरूकता शिविर का आयोजन विवेकानन्द पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान में सुबह 9 :00 बजे से
- मुख्यमंत्री के द्वारा सीएमएस स्कूल के शिक्षको का स्वागत समारोह सीएमएस द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम गोमती नगर में सुबह 10 :00 बजे से
- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का चुनाव, अग्रवाल कालेज मोतीनगर में, पूर्वाह्न 11 :00 बजे से
- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के मैच- 12 :00 बजे
- गोमती नगर स्थित यूपी बैडमिंटन अकादमी में जिला स्तरीय बैंडमिंटन चैंपियनशिप के मैच - 12 :00 बजे से
- उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के पदाधिकारियों की बैठक कांग्रेस कार्यालय में 1:20 बजे
- व्यापारी दिवस पर अखिल भारतीय उद्योग मंडल के कार्यालय में कार्यक्रम और बैठक, दारुलसफा में शाम 4 :00 बजे से

एक नजर

भाकपा का राज्यव्यापी विरोध दिवस ने 1 जुलाई को

अमृत विचार, लखनऊ: अकबर नगर में बुलडोजर अभियान, गरीबों की बेदखली बुलडोजर राज के खिलाफ भाकपा एक जुलाई को राज्यव्यापी विरोध दिवस मनाएगी। ये जानकारी लखनऊ जिला प्रभारी रमेश सिंह सेंगर ने बताया कि एक बजे परिवर्तन चौक से जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च निकाला जाएगा।

सोते रहे डॉक्टर, मोबाइल फोन पर गेम खेलती रही नर्स, चली गई बच्चे की जान

केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर के पीडियाट्रिक वार्ड में डायलिसिस के दौरान बरती गई लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन के गिड़गिड़ाने और गुहार लगाने का वीडियो वायरल
- केजीएमयू प्रशासन से डॉक्टर स्टाफ की लिखित शिकायत

अमृत विचार : केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर के पीआईसीयू वार्ड में डायलिसिस के दौरान लापरवाही बरतने से बच्चे के गले में गंदगी फंस गई। सांस लेने में दिक्कत होने पर परिजन ने स्टाफ से गुहार लगाई। विश्राम कक्ष जाकर गिड़गिड़ाए लेकिन वहां सो रहे डॉक्टर नहीं उठे, नर्स मोबाइल पर खेलती रही। परिजन के गिड़गिड़ाने पर मरीज को देखने के बजाए स्टाफ हंसता रहा। कुछ देर बाद बच्चे ने दम तोड़ दिया। घटना का झकझोर देने वाला वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। लापरवाही के आक्रोशित परिजन ने अस्पताल में हंगामा किया। उन्होंने केजीएमयू प्रशासन से डॉक्टरों और स्टाफ की लिखित शिकायत भी की है।

गोरखपुर के नंदानगर निवासी जीतेंद्र यादव शटरिंग का काम करते हैं। उनके बेटे अभ्युदय (नौ माह) के शरीर पर रैशेज पड़ गए थे। जीतेंद्र ने बेटे को डॉक्टर माला कुमार की देखरेख में 28 मई को जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के पीडियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया था। करीब एक सप्ताह बाद उसे छुट्टी दे दी गई। बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ था। कुछ दिनों बाद ही निमोनिया की शिकायत हुई। बच्चे को दोबारा से छह जून को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर लाए। यहां आईसीयू में बेड खाली न होने की वजह बता कर लौटा दिया गया। परिजन उसे लेकर गोमतीनगर स्थिति निजी अस्पताल ले गए। पिता के मुताबिक यहां पैसे अधिक लग रहे थे। इसके बाद 14 जून को ट्रॉमा के पीडियाट्रिक वार्ड के पीआईसीयू में भर्ती कराया।

मामा प्रवीण यादव ने बताया कि हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने 72 घंटे की डायलिसिस की सलाह दी। इसके लिए 28-28 हजार कीमत की दो किट और 17 हजार का डायलिसिस में इस्तेमाल होने वाला पानी मंगाया। आरोप है कि गुरुवार रात नर्स ने यू ट्यूब पर देखकर डायलिसिस मशीन को ऑपरेट किया। बच्चे के शरीर का खून मशीन में जाने के बाद मशीन बंद हो गई। वापस खून बच्चे के शरीर में नहीं जा सका। काफी खून अलग बह गया, उसे स्टाफ ने कूड़े में फेंकवा दिया।

डायलिसिस में लापरवाही से गुरुवार रात करीब दो बजे बच्चे के गले में गंदगी फंस गई। इससे उसकी सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजन ने स्टाफ से गुहार लगाई। विश्राम कक्ष जाकर गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन सो रहे डॉक्टर नहीं उठे। नर्स मोबाइल पर खेलती रही। परिजन के गिड़गिड़ाने पर स्टाफ हंसता रहा। कोई सक्शन (गंदगी को मशीन से निकालने) करने भी नहीं आया। परिजन ने खुद ही सक्शन किया। कुछ देर बाद बच्चे ने दम तोड़ दिया। इकलौते बेटे की मौत से मां बबिता रोते-रोते कई बार बेहोश हो गई।

> बच्चा गंभीर हालत में लाया गया था। उसमें बुखार, डायरिया, निमोनिया, पैंसिटोपेनिया के लक्षण थे। उसकी हालत लगातार गंभीर होते जा रही थी। उसकी स्थिति की जानकारी भी परिजनों को दी जा रही थी। गुर्दे खराब होने के दशा में डायलिसिस किया गया। वेंटिलेटर सपोर्ट पर भी रखा गया। लेकिन कार्डियक अरेस्ट होने से उसे बचाया नहीं जा सका।
> -डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू

मोबाइल पर खेलती नर्स।

दरोगा बोला, शिकायत करोगे तो बच्चे का शव लावारिस में कर देंगे

परिजन का कहना है कि डॉक्टरों की लापरवाही का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर मदद की गुहार लगाई। मौके पर पहुंचे जिम्मेदारों ने आईसीयू में वीडियो बनाने पर कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर वीडियो डिलीट करने का दबाव डाला। पुलिस ने तीमारदारों को फटकारा। एक दरोगा ने कहा कि शिकायत करोगे तो बच्चे के शव को लावारिस में दाखिल कर दिया जाएगा। परिजन लापरवाही का आरोप लगाकर केजीएमयू प्रशासन से लिखित शिकायत की है। शिकायत में जिम्मेदार डॉक्टरों व स्टाफ का नाम भी लिखा गया है।

वायरल वीडियो में गिड़गिड़ाते दिख रहे परिजन

डॉक्टर साहब बच्चे की सांसें उखड़ रहीं हैं, पल्स रेट तेजी से गिर रहा है उसकी जान बचाइए, सिस्टर आप ही देख लीजिए, अरे कोई तो सुनो, मासूम की मदद करिए नहीं तो वो मर जाएगा। शोर होने पर अन्य मरीजों के परिजन की नींद खुल गई, वह पीआईसीयू पहुंचे गए, लेकिन विश्राम कक्ष से में सो रहे डॉक्टरों नहीं आए।

मासूम की फोटो

जीआईएस समाधान दिवस में शिकायतें सुनते नगर निगम के अधिकारी। अमृत विचार

जीआईएस सर्वे में बढ़ा तीन गुना गृहकर हुआ आधा

समाधान दिवस में आईं सभी 283 शिकायतों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : जीआईएस सर्वे में गृहकर में गड़बड़ी के निस्तारण के लिए शुक्रवार को लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ हॉल में सुबह 9 से दोपहर 12:30 बजे तक जीआईएस समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बढ़ा गृहकर सही कराने के लिए कुल 283 आपत्तियों का अधिकारियों ने मौके पर निस्तारण कर दिया। इस बार नामांतरण से जुड़े मामलों का भी मौके पर निस्तारण किया गया।

जोन तीन के सी 15 मंदिर मार्ग, महानगर एक्सटेंशन निवासी तरुणा जैन का आवासीय भवन का गृहकर जीआईएस सर्वे के बाद बढ़कर 2300 से 6500 रुपये हो गया था। शिकायत की सुनवाई के बाद गृहकर आधा हो गया।

जोनवार शिकायतें

जोन एक में 40, जोन दो में 20, जोन तीन में 69 जोन चार में 10, जोन पांच में 34, जोन छह में 45, जोन सात में 58 और जोन आठ 7 शिकायतें आईं।

2500 से अधिक शिकायतों का हो चुका है निस्तारण

नगर निगम की मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने बताया कि 10 मई 2024 से शुरू हुए जीआईएस सर्वे समाधान दिवस में अभी तक लगभग 2500 से अधिक गृहकर से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। 130 भवनों के नामांतरण में से 93 प्रकरणों का निस्तारण कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जीआईएस सर्वे 2022 से शुरू हो गया था। नगर निगम भवन स्वामियों की सहूलियत के लिए उस समय से एरियर पर लगा हुआ ब्याज छोड़ रहा है।

30 लाख की जमीन से हटाया अतिक्रमण

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने शुक्रवार को ग्राम फर्रुखाबाद चिल्लावां में 30 लाख रुपये की जमीन से अतिक्रमण हटाया। खसरा संख्या 608 के 0 .354 हेक्टेयर व खसरा संख्या 614 के 0 .139 हेक्टेयर क्षेत्रफल भूमि अभिलेखों में तालाब में दर्ज है। इस भूमि के लगभग 1000 वर्ग फुट पर लोगों ने अस्थाई कब्जा कर लिया था। नायब तहसीलदार नीरज कटियार के नेतृत्व में अविनाश चन्द्र तिवारी राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सुधांशु श्रीवास्तव, तनुज मदान, राजेन्द्र यादव व चौकी प्रभारी बदालीखेड़ा, सरोजनी नगर की उपस्थिति में अवैध कब्जे हटा दिए। उक्त खसरों की 6700 वर्ग फिट भूमि पर स्थाई आवासीय कब्जे भी मिले। इन्हें हटाने के लिए पीपी एक्ट की कार्यवाही की जा रही है।

झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार शाम मानसून ने राजधानी में दस्तक दे दी। रात करीब आठ बजे झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार से पांच दिनों में पूरे प्रदेश में बारिश शुरू हो जाएगी।

सुबह हल्के छाए और हवा चलती रही। इससे उमस बढ़ गई। दिन भर उमस से लोग परेशान रहे। अधिकतम तापमान 40.3 और न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री दर्ज किया गया। 16 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलती रही। रात में बादल छाए और गरज, चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होने पर हवा की रफ्तार कम हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक बुन्देलखंड व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जो बारिश हो रही है वह दक्षिणी-पश्चिमी मानसून की अरब सागर वाली शाखा की अत्यधिक सक्रियता की वजह से हो रही है। अब बंगाल की खाड़ी वाली मानसूनी शाखा भी सक्रिय होगी। उन्होंने बताया कि बंगाल की खाड़ी में कम हवा का एक दबाव क्षेत्र बना है और उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश की तरफ एक ट्रफ भी बना है। इस लिहाज से अगले दो दिनों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी अच्छी बारिश होने का अनुमान है।

शुक्रवार रात हुई बारिश में भीगने का आनंद लेता राहगीर। अमृत विचार

- अगले चार पांच दिन में पूरे प्रदेश में बारिश शुरू होने की संभावना

बारिश के दौरान सड़कों पर जाम लगा

तेज बारिश के बाद सड़कों पर जाम लग गया। इसमें हजरतगंज, परिवर्तन चौक, शहीद स्मारक, डालीगंज, मेडिकल कॉलेज चौराह, चौक, इमामबाड़ा, बुद्धेश्वर चौराहा, अकबरीगेट नक्खास समेत शहर के अलग-अलग इलाके जाम की चपेट में भी रहे। वहीं लोहिया पथ, कमता, चिनहट चौराहा, पॉलिटेक्निक चौराहा, पत्रकारपुरम और विभूतिखंड इलाके में भी सड़कों पर भारी जाम लगा रहा वाहन रेंगते रहे। शाम को बारिश के चलते लोग भीगने बचते भी नजर आये।

कई इलाकों में जलभराव

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के नाला और नालियों की सफाई के दावों की पोल आधे घंटे की बारिश ने खोल दी। हजरतगंज से लेकर शहर के पुराने लखनऊ सहित कई इलाकों में जलभराव हो गया। जोन छह के मुफ्तीगंज और दौलतगंज इलाके में घुटनों तक बारिश का पानी भर गया। जोन एक के हजरतगंज स्थित बालू अड्डा में लोग जलभराव से परेशान हुए। उनके घरों में बारिश का पानी पहुंच गया। शंकरपुरवा द्वितीय वार्ड के आदिलनगर और शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के पिकनिक स्पॉट रोड पर जलभराव हुआ। जलभराव की शिकायत पर नगर निगम की टीम ने जलनिकासी करवाई।

प्रमुख सचिव ने की नाले में कूड़ा न डालने की अपील

अमृत विचार, लखनऊ : प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने शुक्रवार को सरकटा नाला का निरीक्षण किया। उन्होंने नाले के आस-पास के लोगों से बात की और उनसे कूड़ा नाले में न डालने की अपील की। अधिकारियों को क्षेत्रीय पार्षद का सहयोग लेने के निर्देश दिए। उन्होंने नाले की तीन दिन में सफाई पूरी करने के साथ नाले के खुले हिस्से में ग्रिल लगाने को भी कहा। इसके बाद हैदर कैनाल नाले का निरीक्षण किया। पांच दिन में नाले को अच्छी तरह साफ करके अवगत कराने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह भी मौजूद रहे।

भामाशाह जयंती पर आज मनाया जाएगा व्यापारी दिवस

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में पहली बार 29 जून को व्यापारी दिवस मनाया जाएगा। व्यापारियों की इस मांग पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यापारी दिवस की घोषणा कर दी है। जिलाधिकारी और वाणिज्यकर विभाग के सहयोग से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजन किए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, महानगर अध्यक्ष सुरेश छबलानी ने कहा कि सभी व्यापारी दानवीर भामाशाह को याद करते हुए बधाई दें।

शहर के 110 टेंपो अड्डों का तत्काल कराएं टेंडर

यातायात सुगम बनाने के लिए हुई बैठक में मंडलायुक्त ने दिए अपर नगर आयुक्त को निर्देश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : शहर में इधर-उधर अव्यवस्थित खड़े हाथ ठेलों को चिह्नित कर वेंडिंग जोन में विस्थापित कराएं और 110 टेंपो स्टैंड का टेंडर तत्काल कराया जाए। जिससे कि टेंपो टैक्सी व्यवस्थित रूप से स्टैंड पर खड़े हों।

ये निर्देश शुक्रवार को मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति एवं यातायात व्यवस्था सुगम व सुदृढ़ बनाने के लिए आयोजित बैठक में अपर नगर आयुक्त को दिए।

आयुक्त सभागार कार्यालय में हुई मंडलायुक्त ने कहा कि नियमों की अनदेखी से अधिकांश दुर्घटनाएं होती हैं। दुपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनकर ही सड़क पर निकलें। अपर नगर आयुक्त से कहा कि, चौराहों पर अव्यवस्थित खड़े ठेलों को चिन्हित करते हुए वेंडिंग जोन में विस्थापित कराएं। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि पहचानपत्र जारी कर चारबाग स्टेशन के 264 वेंडर वेंडिंग जोन में शिफ्ट कर दिए गए हैं। मंडलायुक्त ने कहा कि सिटी ट्रांसपोर्ट की सभी बसें अपने निर्धारित स्थान पर ही रुकें, अन्यथा चालान किया जाए। उन्होंने कैसरबाग चौराहा, तेलीबाग चौराहा, दुबग्गा चौराहा, आईटी चौराहा व वायरलेस चौराहा पर किये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, पीडब्लूडी, आरटीओ, यातायात पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

समस्या | 350 लोग प्रतिदिन आते हैं जीपीओ में आधार कार्ड ठीक करवाने

आधार कार्ड में सुधार के लिए करना पड़ रहा इंतजार

केस 1 निशातगंज के सुरेश को आधार कार्ड का नंबर बदलवाना है। सुबह जीपीओ पहुंचे लेकिन दोपहर एक बज तक उनका नंबर नहीं आया।

केस 2 दुबग्गा के सूर्यप्रताप का आधार कार्ड रद्द हो गया है। ठीक करवाने के लिए 10 बजे से जीपीओ में बैठे हैं लेकिन तीन घंटे बाद नंबर नहीं आया।

केस 3 गोमती नगर के शिखर को आधार कार्ड की फोटो अपडेट करवानी है। वह दस बजे जीपीओ पहुंचे। दो घंटे से इंतजार कर रहे हैं।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आधार कार्ड अपडेट कराना हो या फिर त्रुटियां सही करानी हो... जीपीओ स्थित आधार नामांकन और अद्यतनीकरण सेवा केंद्र में आपको घंटों लग जाएंगे। कारण एक काउंटर से ही तीन स्तर पर काम होना है। सैकड़ों लोग रोजाना जीपीओ आते हैं लेकिन उनमें से कई लोगों को बैरंग लौटना पड़ता है।

आधार कार्ड में मोबाइल नंबर से लेकर नाम, पता और अन्य ब्योरे को सुधरवाने और अपडेट कराने के लिए प्रतिदिन 350 ज्यादा लोग आते हैं लेकिन 2 से 3 घंटे बिताने के बाद भी नंबर नहीं आने पर कई बैरंग लौट जाते हैं। केवल 250 लोगों के आधार कार्ड में सुधार किया जाता है। आलम यह है कि लोग सुबह से काउंटर के सामने बैठ जाते हैं और अपनी बारी की प्रतीक्षा करते हैं।

जीपीओ में आधार में त्रुटि ठीक करवाने के लिए लगी भीड़।

> काउंटर पर तीन लोग हैं। ज्यादा भीड़ होने पर दिक्कत होती है। हमाराका प्रयास रहता है कि किसी उपभोक्ता को परेशानी न हो।
> -विनोद कुमार राय, सहायक पोस्ट मास्टर जीपीओ

लखनऊ-दिल्ली की छह उड़ानें निरस्त

अमृत विचार, लखनऊ: भारी बारिश से दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल की छत गिर गई और इसके चलते कई उड़ानों को निरस्त किया गया। इनमें लखनऊ दिल्ली के बीच की छह उड़ानें भी शामिल हैं। उड़ाने निरस्त होने से लखनऊ एयरपोर्ट पर दिन भर गहमा गहमी रही। दिल्ली जाने वाले यात्री अपनी फ्लाइट का पता कर रहे थे। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 2303, 6ई 546, एलायंस एयर की उड़ान 9 आई 608 को निरस्त कर दिया गया। साथ ही दिल्ली से आने फ्लाइटों, इंडिगो की 6ई 2275, 6ई 538 निरस्त की गईं। इसी तरह अलायंस एयर की 9 आई 607 को निरस्त किया गया।

एक नजर

पेंशनरों ने जिला इकाइयों का पुनर्गठन कर तेज किया आंदोलन

अमृत विचार, लखनऊ : ईपीएस–95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने न्यूनतम पेंशन में बढ़ोत्तरी के लिए पिछले कई वर्षों से जारी आन्दोलन को तेज करने के लिए उत्तर प्रदेश के 40 जिलों में अध्यक्ष एवं सचिवों की नव नियुक्ति कर जिला इकाइयों का पुनर्गठन किया है। जिसमें लखनऊ जिले का अध्यक्ष डीडी यादव को एवं सचिव रामदरश चौधरी को बनाया गया है। प्रांतीय अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी ने बताया कि नवगठित केंद्र सरकार के सम्मुख पेंशनरों की समस्याओं को रख कर न्यूनतम पेंशन में बढ़ोत्तरी कराने के लिए देशभर में आंदोलन को तीव्र किया जाएगा। जुलाई के प्रारंभ में प्रांतीय कार्यकारिणी और आखिर में दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद 31 जुलाई को जंतर-मंतर पर धरना होगा।

यूपीएमआरसी ने कर्मचारियों को किया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने शुक्रवार को उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित किया। चारबाग मेट्रो स्टेशन पर तैनात सुरक्षा कर्मी अनिल कुमार ने यात्री का 16000 रुपयों से भरा बैग सुरक्षित लौटाया था। अनिल की कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के लिए 'उत्कृष्ट कर्मचारी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सेक्शन इंजीनियर, सिग्नल- विकास आजाद डीसीएस और ऑनबोर्ड सबसिस्टम पर मजबूत पकड़ के साथ गहराई से समझ रखते हैं। उन्हें 'एंप्लॉय ऑफ द मंथ' पुरस्कार से नवाजा गया। टिकटिंग विभाग में कार्यरत शिखा श्रीवास्तव को समयनिष्ठ, परिश्रम एवं ईमानदारी 'उत्कृष्ट कर्मचारी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

समूह ग और घ के 53 कर्मियों का तबादला

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत समूह ग और घ के 53 कर्मियों का शुक्रवार को शासन की ओर से गैर जनपद ट्रांसफर कर दिया गया। इसमें लखनऊ, बाराबंकी, चंदौली, मिर्जापुर, प्रयागराज, मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, औरैया, कानपुर, इटावा,उन्नाव, मथुरा, गोरखपुर और सीतापुर सहित कई अन्य जिलों के कर्मी शामिल हैं। निदेशक प्रशासन डॉ. राजागणपति आर. की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि ट्रांसफर होने वाले नियमानुसार एक पटल पर जिले में सात साल का कार्यकाल पूरा करने वाले कर्मियों का ट्रांसफर किया गया है। सभी को तत्काल अपने नवीन तैनाती पर ज्वाइन करने को कहा गया है।

मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन करेगा माध्यमिक शिक्षक संघ

संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों की बैठक में किया गया एलान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में पुरानी पेंशन बहाली, आठवें वेतन आयोग गठन समेत कई मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का एलान किया गया।

पहले जिला मुख्याल, फिर मंडल मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन होगा। इसके बाद भी सरकार ने मांगें पूरी नहीं की तो 2 दिसंबर से जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। एलएलसी राजबहादुर सिंह चंदेल सदन में शिक्षकों के हित में आवाज उठाएंगे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को प्रांतीय कार्यालय पर हुई। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन की बहाली, आठवें वेतन आयोग के गठन, तदर्थ शिक्षकों को विनियमित कराने, वित्त विहीन को मानदेय दिलाने, विषय विशेषज्ञ की सेवा जोड़ते हुए पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने समेत कई मांगों को लेकर प्रदेश भर में 3 से 14 जुलाई तक संघर्ष संपर्क कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें मंडल व जनपदीय पदाधिकारी विद्यालयों का भ्रमण करेंगे।

18,19 व 20 जुलाई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर 2 से 5 बजे तक धरना होगा। 9 अगस्त क्रांति दिवस पर मंडल मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा। सरकार ने मांगे पूरी नहीं की तो 2 दिसंबर से जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। संरक्षक एमएलसी राज बहादुर सिंह चंदेल ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं को सदन में उठाकर शिक्षक हितों की रक्षा के लिए सरकार को विवश करूंगा। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपने मोबाइल फोन कभी भी ऑफ ना रखें। पदाधिकारी शिक्षक समस्याओं का संग्रह करें और उसका जिला स्तर पर निस्तारण कराएं। 75 जिलों में सदस्यता का विशेष अभियान चलाया जाएगा

बैठक को पूर्व एमएलसी लवकुश मिश्रा, मारकंडेय सिंह, अनिरूद्ध त्रिपाठी, संजय द्विवेदी, डा.मेजर देवेंद्र सिंह, डा.राकेश सिंह, राम मोहन सिंह, महेश चंद्र शर्मा, वीरेंद्र प्रताप तिवारी, नरेंद्र सिंह, गिरेंद्र कुशवाहा, ज्योतिष पांडेय, वीरेंद्र कुमार सिंह, मनोज मिश्रा,विनोद चतुर्वेदी सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया।

चिकित्सा इकाइयों के पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देते केंद्रीय मंत्री प्रताप राव जाधव और अनुप्रिया पटेल। अमृत विचार

अवन्ती बाई महिला चिकित्सालय को मिला उत्कृष्ट सेवा का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने किया सम्मानित
- दो और अस्पतालों को भी किया गया सम्मानित

अमृत विचार : राजधानी के आवंती बाई महिला चिकित्सालय को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के लिए पुरस्कृत किया गया है। नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में दो अन्य अस्पतालों को भी सम्मानित किया गया।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री, केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने प्रदेश से सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेशन (एनक्यूएस) प्राप्त चिकित्सा इकाइयों में वीरागंना अवन्ती बाई महिला चिकित्सालय लखनऊ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संग्रामगढ़ प्रतापगढ़, आयुष्मान आरोग्य मंदिर धकिया भूर, अमरोहा शामिल हैं। इस अवसर पर इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेट्री (डीआईएचपीएल) एवं स्व मूल्यांकन के लिए आईपीएचएस डैश बोर्ड आदि के दिशा-निदेशों का भी केंद्रीय राज्य मंत्री ने लांच किया। प्रमुख सचिव पार्थ सेन सारथी ने बताया कि जिला चिकित्सालय श्रेणी में प्रदेश को देश में 'प्रथम' स्थान मिला है। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश की 256 चिकित्सा इकाइयां एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुकी हैं। जिसमें 56 जनपद स्तरीय, 42 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 24 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सम्मिलित हैं।

प्रोफेसर सीएम सिंह को एफआरएसपीएच की फेलोशिप मिली

अमृत विचार, लखनऊः डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सीएम सिंह को प्रतिष्ठित रॉयल सोसाइटी ऑफ पब्लिक हेल्थ (एफआरएसपीएच) की फेलोशिप मिली है। प्रो.सीएम सिंह को मिली इस फेलोशिप को बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है। उन्हें यह फेलोशिप कम्युनिटी मेडिसिन के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए मिली है। दरअसल प्रो. सीएम इससे पहले पटना एम्स में कम्युनिटी मेडिसिन के अध्यक्ष व एम्स के अधीक्षक भी रहे। देखरेख में ही कोविडशिल्ड और कोवैक्सीन का का ट्रायल भी किया गया। निदेशक प्रोफेसर सीएम सिंह ने सीवीटीएस आईसीयू में चल रहे क्रिटिकल केयर वेंटिलेटर और जीवन रक्षक डिफाइब्रिलेटर व अतालता प्रबंधन प्रशिक्षण और शिक्षा कार्यशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तीमारदारों से इलाज से सम्बंधित फीड बैक भी लिया। साथ ही स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए।

तबादले को शिक्षक दे सकेंगे 25 विकल्प

जिले में तबादले-समायोजन 19 जुलाई तक करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचारः बेसिक शिक्षा परिषद के प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में तैनात शिक्षकों के जिले में तबादला व समायोजन के निर्देश जारी कर दिए हैं। 19 जुलाई तक तबादला-समायोजन प्रक्रिया को पूरा करना होगा। शुक्रवार को बेसिक शिक्षा परिषद सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर दिया। इसके तहत जहां शिक्षकों की संख्या ज्यादा है, वहां से कम संख्या वाले विद्यालयों में समायोजित किए जाएंगे। इसमें भी ग्रामीण से ग्रामीण और शहर से शहर क्षेत्र के विद्यालयों में ही समायोजन होगा।

शिक्षक समायोजन के लिए अधिकतम 25 विद्यालयों का विकल्प दे सकेंगे। जिले के अंदर समायोजन के लिए डीएम की अध्यक्षता वाली समिति होगी। इसमें उपाध्यक्ष सीडीओ, डायट प्राचार्य, वित्त व लेखाधिकारी बेसिक और बीएसए सदस्य होंगे।

2 जुलाई से शुरू होगी प्रक्रिया

जारी शेड्यूल में 2 जुलाई से प्रक्रिया की शुरुआत होगी। 2 जुलाई तक, अधिक अध्यापक संख्या वाले विद्यालयों और अध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालयों का चिह्नांकन होगा। 5 जुलाई तक, अधिक अध्यापक संख्या वाले चिन्हित विद्यालयों में मानक से अधिक शिक्षक एवं शिक्षिका को जनपद में सेवावधि के आधार पर क्रमानुसार (कनिष्ठ शिक्षक एवं शिक्षिका) चिन्हित किया जाएगा। आवश्यकता वाले विद्यालय में शिक्षक एवं शिक्षिका की आवश्यकता की गणना की जायेगी। 10 जुलाई तक, शिक्षक व शिक्षिकाओं द्वारा सम्बन्धित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर, समिति के माध्यम से आपत्ति का निस्तारण किया जायेगा।

15 जुलाई तक प्रदर्शित की जाएगी सूची

अगले दिन 11 जुलाई तक, आवश्यकता से अधिक अध्यापक वाले विद्यालयों में चिन्हित अध्यापकों से स्वेच्छा से अधिकतम 25 आवश्यकता वाले विद्यालयों का विकल्प ऑनलाइन प्राप्त किया जायेगा। फिर 13 जुलाई तक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सत्यापित किया जायेगा। 15 जुलाई तक, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र की ओर से विकसित साफ्टवेयर के माध्यम से आवश्यकता से अधिक अध्यापक वाले विद्यालयों में चिन्हित अध्यापकों से प्राप्त विकल्प के आधार पर अन्त :जनपदीय स्थानान्तरण की सूची प्रदर्शित की जायेगी।

आरोही क्रम में होगी शिक्षकों तैनाती

17 जुलाई तक, अधिक अध्यापक वाले विद्यालय में चिन्हित शिक्षक और शिक्षिका को सेवा वधि के आधार पर आरोही क्रम में और अध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालय को छात्र संख्या के आधार पर, छात्र संख्या बराबर होने पर अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार अवरोही कम में सूचीबद्ध किया जायेगा हैं। 19 जुलाई तक, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से समायोजन की सूची प्रदर्शित किया जाना और स्थानान्तरित-समायोजित शिक्षक और शिक्षिकाओं को कार्यमुक्त, कार्यभार ग्रहण कराया जाना।

पावर ऑफिसर एसोसिएशन स्थानांतरण नीति से नाराज

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन की प्रांतीय कार्य समिति की प्रातीय कार्यालय में बैठक हुई। इसमें स्थानांतरण मामले में दलित और पिछड़ा वर्ग के अभियंताओं ने रोष व्यक्त किया। 300 से ज्यादा अभियंताओं के ट्रांसफर में दलित वर्ग के अभियंताओं के साथ दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया गया।

कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि दो वर्ष के अंदर सेवानिवृत्त, पति-पत्नी के सेवा में रहने, उच्च पदों पर पदोन्नति के मामलों को कारपोरेशन ने कभी गंभीरता से नहीं लिया। खासकर जिन मामलों में दलित अभियंता शामिल थे। स्थानांतरण नीति में इन बिंदुओं को शामिल कर समाधान किया जा सकता था।

एसोसिएशन की तरफ से प्रबंधन को पत्र भेजकर समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। जरूरत पड़ने पर ऊर्जा मंत्री और मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की जाएगी। उप्र पावर ऑफिसर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पीएम प्रभाकर, राजेश कुमार, महासचिव अनिल कुमार, सचिव आरपीकेन और संगठन सचिव बिंद्रा प्रसाद ने कहा कि तबादलों पर सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए थे। कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है।

उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड

ई–निविदा सूचनाः अनुभवी फर्मो/ ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु निम्नलिखित निविदायें दो भागों में आमंत्रित की जाती हैं। ई–निविदा के द्वितीय भाग में मूल्य/दरें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ई–निविदा के प्रथम भाग के खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व 17:00 बजे तक अपलोड की जानी है। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी, नियम व अर्हकारी शर्ते, निविदा प्रपत्र में अंकित है, जो वेबसाइट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड कर अवलोकित/अपलोड की जा सकती है, निविदा का प्रथम व द्वितीय भाग वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जा सकेगा। निविदा से सम्बन्धित कोई भी प्रपत्र, भौतिक रूप से कार्यालय में स्वीकार नहीं किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार/विभाजित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। विस्तृत जानकारी, अन्य किसी प्रकार के संशोधन एवं तिथि विस्तार आदि के सम्बन्ध में निविदा अपलोड करने के दिनांक/समय तक कृपया वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करें एवं निविदा से सम्बन्धित विवरण www.upptcl.org पर भी देखा जा सकता है। (1) **ई–निविदा संख्या–वि0पारे0मं0 द्वि0/ल0/12/2024–25 (निविदा खुलने की तिथि 20–07–2024):** विद्युत पारेषण खण्ड रायबरेली के अन्तर्गत 400 के0वी0 जी0आई0एस0 उपकेन्द्र सिरसिरा, रायबरेली पर 245 के0वी0 145 के0वी0 XLPE पावर केबिल को बिछाने एवं अन्य सम्बन्धित कार्य निविदा प्रपत्र अनुसार धरोहर धनराशि रू0 80000/–, निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 590/– (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित) (2) **ई–निविदा संख्या– वि0पारे0मं0 द्वि0/ल0/13/2024–25 (निविदा खुलने की तिथि 20–07–2024)** : विद्युत पारेषण खण्ड रायबरेली के अन्तर्गत 400 के0वी0 जी0आई0एस0 उपकेन्द्र सिरसिरा, रायबरेली पर एल0टी0 पावर केबिल एवं कन्ट्रोल केबिल को बिछाने एवं अन्य सम्बन्धित कार्य निविदा प्रपत्र अनुसार धरोहर धनराशि रू0 28000/– निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 590/– (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित)। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल– द्वितीय, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, पारेषण भवन एस0एल0डी0सी0 कैम्पस, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें।''** पत्रांकः 1841/ETC-II/L/वि0पारे0मं0–द्वि0/ल0/निविदा सं0 12–13/2024–25 Date/दिनांकः 28.06.2024

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

सं. इज्जत./सी/ई-ऑक्शन/2024/7 दिनांक 27.06.2024

वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से एन.एफ.आर. एवं विज्ञापन ठेकों हेतु बोलियाँ आमंत्रित की जा रही हैं। ऑक्शन कैटेलाग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मण्डल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है :–

श्रेणी : एन.एफ.आर./विज्ञापन, कैटलॉग सं. : ADVT-OOH-24-7, **एसेट विवरण :** इज्जतनगर मंडल के 19 लोकेशनों जैसे स्टेशन एरिया, एल.सी. गेट एवं एल.सी. गेट एरिया में होर्डिंग/यूनीपोल/गेन्ट्री द्वारा तीन वर्षों के लिये विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु, **ऑक्शन प्रारंभ :** 01.07.24 11:00:00, **ऑक्शन समापन :** 01.07.24 14:30:00. **श्रेणी : एन.एफ.आर., कैटलॉग सं. :** IZN-NFR-RCR-3, **एसेट विवरण :** इज्जतनगर मंडल के रूद्रपुर सिटी स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में तीन वर्ष हेतु रेल कोच रेस्टोरेन्ट की स्थापना, **ऑक्शन प्रारंभ :** 01.07.24 12:00:00, **ऑक्शन समापन :** 01.07.24 12:30:00. **श्रेणी : एन.एफ.आर./विज्ञापन, कैटलॉग सं. :** IZN-RDN-ADV-02, **एसेट विवरण :** इज्जतनगर मंडल के 07 स्टेशनों के प्लेटफार्म एरिया में तीन वर्ष के लिये विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु, **ऑक्शन प्रारंभ :** 02.07.24 11:00:00, **ऑक्शन समापन :** 02.07.24 12:30:00. **श्रेणी : एन.एफ.आर., कैटलॉग सं. :** IZN-NFR-EV-24-3, **एसेट विवरण :** इज्जतनगर मंडल के बरेली सिटी एवं इज्जतनगर स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में तीन वर्ष हेतु ईवी चार्जिंग/बैटरी स्वैपिंग स्टेशन की स्थापना, **ऑक्शन प्रारंभ :** 03.07.24 12:00:00, **ऑक्शन समापन :** 03.07.24 12:40:00. **श्रेणी : एन.एफ.आर./विज्ञापन, कैटलॉग सं. :** IZN-ADV-VR-24-2, **एसेट विवरण :** इज्जतनगर मंडल के गाड़ी सं. 12091/92 के बाहय भाग में तीन वर्ष हेतु विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु, **ऑक्शन प्रारंभ :** 04.07.24 12:00:00, **ऑक्शन समापन :** 04.07.24 12:30:00. **श्रेणी : एन.एफ.आर., कैटलॉग सं. :** IZN-HY-VEND-06, **एसेट विवरण :** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के अधिकार क्षेत्र में सभी खंडों की ट्रेनों में (राजधानी, शताब्दी, वंदेभारत, दुरंतो और इसी तरह की विशेष ट्रेनों को छोड़कर) लैपटॉप और मोबाइल सहायक उपकरण, सौंदर्य प्रसाधन, कृत्रिम आभूषण और सहायक उपकरण, प्रसाधन सामग्री, स्टेशनरी, किताबें, शो के टुकड़े, खिलौने, जूते, बैग और काले चश्मे आदि जैसे विभिन्न विविध वस्तुओं (खादय और PDW आइटम को छोड़कर) की बिक्री के लिए ई–ऑक्शन, **ऑक्शन प्रारंभ :** 04.07.24 12:00:00, **ऑक्शन समापनः** 04.07.24 12:30:00. **श्रेणी : विज्ञापन, कैटलॉग सं. :** IZN-RDN-OSD-01, **एसेट विवरण :** इज्जतनगर मंडल के बरेली सिटी एवं बरेली जं. (प्लेटफॉर्म नं. 5 एवं 6) स्टेशनों के आंतरिक एरिया में एल.ई.डी. के माध्यम से पांच वर्ष के लिए विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु, **ऑक्शन प्रारंभ :** 08.07.24 12:00:00, **ऑक्शन समापन :** 08.07.24 12:40:00.

1. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से संबंधित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **2.** उक्त ई-ऑक्शन, आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। **3.** ई-ऑक्शन संबंधित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्तें आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **4.** बोलीदाता उक्त दिए गए दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। **5.** सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से संबंधित किसी भी शुद्धि पत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/ इज्जतनगर
मुजाधि/वाणिज्य-71

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-6, बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांकः– 233/ई0ई0–6/एल0जे0एस0 2024–25 दिनांकः 28/06/2024

अल्प कालीन निविदा–सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दि0 05/07/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 05/07/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन–6 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Repairing of 13 nos submersible pump at different places of New Haider Ganj & Kanhiya Madhopur Ward and Saadatganj Ward, Lko	5100.00	Rs. 300	07 दिवस
2	Repairing of 06 Nos submersible pump at different places of Chowk Ward & Ashrfabad Ward, Lko	2100.00	Rs. 150	07 दिवस

निविदा प्राप्त करने की शर्त 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन–6
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मेरा नाम त्रुटिवश आधारा कार्ड में जुगेश दर्ज हो गया है। जबकि मेरा नाम हाईस्कूल के अंकपत्र में योगेश पुत्र बुधराम के नाम से दर्ज है। मुझे योगेश पुत्र बुधराम के नाम से जाना–पहचाना जाए। **योगेश कुमार पुत्र बुधराम निवासी धवरिया, नकहरा, थाना– नवाबगंज, जनपद– गोण्डा।**

सूचना

मेरा कक्षा 10 आईसीएसई बोर्ड वर्ष 2021 इंडेक्स नंबर 1212573/166 तथा कक्षा 12 आईएससी बोर्ड वर्ष 2023 इंडेक्स नंबर 2237810/132 वास्तव में कहीं खो गया है। **वंशादित्य प्रताप सिंह, पुत्र रामेन्द्र प्रताप सिंह, मोहल्ला–नई बस्ती बलरामपुर, जिला– बलरामपुर**

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने बड़े पुत्र आकाश धीमान को उसके खराब व्यवहार/आचरण और परिवार की इच्छा के विरूद्ध जाकर अपना विवाह शिवानी राजपूत पुत्री स्व0 राम मिलन राजपूत से कर लिया है। इस कारण मैंने उसे और उसकी पत्नी शिवानी राजपूत को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और उनके द्वारा किसी भी किये गये कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **जगदीश पुत्र स्व0 सुन्दरलाल निवासी– जरहरा, पो0– रसूलपुर सादात, थाना– इन्दिरा नगर, लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सख्या– 82020–9–90276–000027 पर मेरा, पत्नी व पुत्र का नाम त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। पिता का नाम मोहम्मद सउदुल फारूकी (Mohmad Saudul Faruqi) माता का नाम रजिया किरमानी (Raziya Kirmani) व पुत्र का नाम मोहम्मद मैमून युसुफ (Mohamad Maimoon yusuf) है। जबकि सही नाम पिता का मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी (Mohd Saudaul Anas Farooqui) माता का नाम रजिया सुल्ताना (Raziya Sultana) व पुत्र का नाम मोहम्मद मैमून युसूफ फारूकी Mohd Maimoon Yusuf Farooqui) है। **मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी नि0 बारादरी मोहल्ला मौलवी नगर पंचायत गोपामऊ हरदोई।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या– 82020–9–90276–000028 पर मेरा, पत्नी व पुत्र का नाम त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। पिता का नाम मोहम्मद सउदुल फारूकी (Mohmad Saudul Faruqi) माता का नाम रजिया किरमानी (Raziya Kirmani) व पुत्र का नाम मोहम्मद मुजतबा फारूकी (Mohamad Mujtaba Faruqi) है। जबकि सही नाम पिता का मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी (Mohd Saudaul Anas Farooqui) माता का नाम रजिया सुल्ताना (Raziya Sultana) व पुत्र का नाम मोहम्मद मुजतबा मुनीब फारूकी Mohd Mujtaba Muneeb Farooqui) दर्ज किया जाए। **मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी नि0 बारादरी मोहल्ला मौलवी नगर पंचायत गोपामऊ हरदोई।**

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम KM ANURADHA KUMARI SAH था से बदलकर ANURADHA SAH रख लिया है। अब मुझे ANURADHA SAH के नाम से जाना पहचाना जाये। पुत्री– **BALA SAH** पता– 108 **VILL- MAJURAUHA, MAHINDWARA, SITAMARHI, BIHAR-843117**

सूचना

मेरा यू.पी.बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 2639405 का अंकपत्र/प्रमाण पत्र वास्तव मे कहीं खो गया है। **मोनी सिंह पुत्री उदय नरायन सिंह ग्राम – खदगौरा दिलावलडीह, थाना – पचपेड़वा, जिला – बलरामपुर**

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सख्या– 820209–90276–000026 पर मेरा, पत्नी व पुत्री का नाम त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। पिता का नाम मोहम्मद सउदुल फारूकी (Mohamad Sadul Faruqi) माता का नाम रजिया किरमानी (Raziya Kirmani) व पुत्री का नाम आयशा मनाल फातिमा (Aysha Manal Fatma) है जबकि सही नाम पिता का मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी (Mohd Saudul Anas Farooqui) माता का नाम रजिया सुल्ताना (Raziya Sultana) व पुत्री का नाम आयशा मनाल फातिमा (Aysha Manal fatima) दर्ज किया जाए। **मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी नि0 बारादरी मोहल्ला मौलवी नगर पंचायत गोपामऊ, हरदोई।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे क्लाइन्ट वास्तु हाउसिंग फाइनेन्स कारपो0 लि0 शाखा फैजाबाद ब्रांच आफिस साकेत काम्पलेक्स 2nd फ्लोर देवकाली बाईपास अयोध्या की तरफ से सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रेमलता पत्नी स्व0 श्री हरीश चन्द्र सिंह निवासिनी म0नं0–465 शिव नगर कालोनी पहाड़गंज, कोतवाली नगर, शहर फैजाबाद जिला अयोध्या उ0प्र0–224001 की है, जोकि अपने उप नाम चम्पा देवी के नाम से भी जानी जाती है, जिनके विक्रय विलेख में प्रेमलता सिंह दर्ज हो गया है एंव पेंशन संबंधित अभिलेख में दोनों नाम (प्रेमलता सिंह उर्फ चम्पा) अंकित एवं आधार कार्ड, और पैन कार्ड में चम्पा देवी अंकित है, उक्त व्यक्ति वास्तु हाउसिंग फाइनेन्स से ऋण लेने हेतु अपनी सम्पत्ति को बंधक रखने के लिए आवेदन किया है, यदि किसी व्यक्ति/बैंक अथवा संस्था को प्रश्नगत सम्पत्ति (म0नं0–465 शिव नगर कालोनी पहाडगंज, कोतवाली नगर, शहर फैजाबाद जिला अयोध्या उ0प्र0–224001) को बंधक रखने में आपत्ति है तो इस प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर आपत्ति अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष कर दें, अन्यथा यह मान लिया जायेगा कि किसी भी प्रकार के उपरोक्त संस्था को बन्धक रखने में कोई आपत्ति नहीं है। यह कि उक्त धारा 1 में वर्णित कथन के प्रकाशन के उपरान्त यदि कोई वाद विवाद होता है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी शपथी की होगी।

सचिन शंकर एडवोकेट
शेड नं0 3 सिविल कोर्ट, फैजाबाद, मो0: 8299765176

सूचना

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड परिचय पत्र एवं अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम पवन उपाध्याय दर्ज है कि मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम पवन कुमार उपाध्याय दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे ही है। मुझे पवन उपाध्याय के नाम से ही जाना व माना जाएगा। **पवन उपाध्याय पुत्र श्री दया शंकर उपाध्याय निवासी सी– 2906 राजाजीपुरम्, लखनऊ।**

सूचना

मैं राम अनुज पुत्र मुनिदेव, नि.– पोस्ट–डीघा, नेहिया खुर्द बुजुर्ग, सन्तकबीरनगर, उ.प्र., मेरे पुत्र हरिप्रसाद यादव आर्मी नं. –4209372पी, के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम रामानुजा यादव दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम राम अनुज है। मेरे पुत्र के रिकॉर्ड में मेरा सही नाम राम अनुज दर्ज किया जाये।

सूचना

मैं SUSHILA DEVI पत्नी राम अनुज, नि. – पोस्ट–डीघा, नेहिया खुर्द बुजुर्ग, सन्तकबीरनगर, उ.प्र., मेरे पुत्र हरिप्रसाद यादव आर्मी नं. –4209372पी, के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम SUSHEELA DEVI दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम SUSHILA DEVI है। मेरे पुत्र के रिकॉर्ड में मेरा नाम SUSHILA DEVI दर्ज किया जाये।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पॉलिसी नं0 214614338 है जिसमें मेरा नाम बड़कन्ने हो गया है। मेरा वास्तविक नाम– अख्तर अली है, एल0आई0सी0 पॉलिसी में मेरा नाम सही अंकित किया जाये। **अख्तर अली पुत्र बदलू निवासी– ग्राम राजपुर, पोस्ट– शंकरपुर झिसनी, जिला सीतापुर, पिनकोड– 261205**

सूचना

वास्तव में मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की हाई स्कूल सन 2005 अनुक्रमांक 1692771का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र तथा इंटरमीडिएट का सन 2007 अनुक्रमांक 054 5175 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र सह अंकपत्र कहीं खो गया है। **विपुल मिश्रा पुत्र अशोक मिश्रा कुसुमालय केशव नगर अमेठी।**

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–टेन्डर

निविदा सूचना संख्याः एन ई आर एस एण्ड टी प्रो गोरखपुर 2/2024

उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/प्रोजेक्ट/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई– टेन्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यो के लिए टेन्डर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदाएँ आमंत्रित करते हैं:–

निविदा सूचना सं० एवं कार्य का विवरणः एन ई आर एस एण्ड टी प्रो गोरखपुर 2/2024 कार्य का नामः–''पूर्वोत्तर रेलवे पर ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली (कवच) के संबंध में कम घनत्व वाले रेलवे पर लॉग टर्म ईवोलूशन (एलटीई) प्रणाली के प्रावधान के लिए डेस्कटॉप रेडियो सर्वेक्षण कार्य''। अनुमानित लागत(रू0): 1970603.37, बयाना राशि(रू0): 39500/– स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि रू 90 दिन, निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः दिनांकः 23.07.24 को 15:00 बजे।

नोटः–1. प्रस्ताव की वैधता 60 दिन और बोली सुरक्षा निविदा बंद होने की तारीख से 90 दिन होनी चाहिए। 2. वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना, योग्यता मापदंड, नियम एवं शर्ते देखी जा सकती है। 3. बोली सुरक्षा या तो ई–पेमेंट गेटवे के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में या निविदा दस्तावेजों में उल्लिखित अनुसार जमा की जाएगी। बैंक गारंटी बांड अनुबंध 1 – के अनुसार होगा और बोली वैधता अवधि के बाद 90 दिनों की अवधि के लिए वैध होगा।

उप मुसिदूइं/प्रोजेक्ट
मुजाधि/सिग्नल–16 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई.– निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	निविदा सं0	कार्य का नाम
1	07/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2024–25	पुल 24 अप एंड डीएन (1x30.5) के लिए स्टील गर्त का प्रतिस्थापन एच बीम स्लीपर के साथ और ब्रिज 26 अप, 26 आरएच गर्डर के रीगर्डरिंग। अस्थायी गति प्रतिबंधों को हटाने में जेएनएच–जेडबीडी खंड में ब्रिज नंबर 16 (पीजी 8x24.4 एम + पीजी 4x18.3 एम + पीजी 2x6.1 एम) पर एच बीम स्लीपरों के प्रावधान के साथ स्टील गर्त का प्रतिस्थापन। जेएनएच–जेडबीडी खंड में ब्रिज नंबर –16 (पीजी 8x24.4 एम + पीजी 4x18.3 एम + पीजी 2x6.1 एम) पर साइड पाथवे और ट्रॉली रिफ्यूज का प्रावधान। एडीईएन/बीएसबी के तहत बीएसबी–डीडीयू खंड के बीच पुल संख्या 14 डीएन, 15 अप और 15 डीएन के गर्डर का प्रतिस्थापन। पीवाईजीएस स्टेशन पर स्टेशन भवन और प्लेटफार्म के बीच खुली जगह को कवर करने के लिए शेड का निर्माण और पीआरजी स्टेशन पर पीएफ नंबर 1 और 2/3 पर प्लेटफॉर्म शेड का निराकरण नए 12 मीटर चौड़े एफओबी के संरेखण को तोड़ना और प्लेटफार्मों पर इन शेडों को फिर से असेंबल करना और एफओबी नंबर 2 के सीढ़ी को हटाना और नए स्थान पर निर्माण और पीआरजी स्टेशन पर 3 लिफ्ट के प्रावधान के संबंध में स्टील संरचनाओं का निर्माण और बीएसबी स्टेशन पर एफओबी–2 के टॉप शेड के ऊर्ध्वाधर चैनल की मरम्मत/प्रतिस्थापन निर्माण और आकस्मिक मरम्मत/प्रतिस्थापन।
2	अनुमानित लागत	रू0 126234902.74
3	बोली सुरक्षा राशि	रू0 781200.00
4	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह
5	निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि	10.07.2024
6	निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय	निविदा 24.07.2024 को 15:00 बजे तक जमा किए जा सकेंगे एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी।
7		न्यूनतम पात्रता की शर्तें:
अ	तकनीकी	(ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए।
ब	वित्तीय	निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम होय जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में। N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन–पत्र पर विचार किया जाएगा।
8	एक समान कार्य	कोई भी स्टील निर्माण का कार्य अथवा एफ ओ बी अथवा पीपी शेल्टर अथवा औद्योगिक शेड अथवा स्टील/कम्प्रोजिट गर्डर ब्रिज अथवा चैनल स्लीपर के माइक्रोवेव/एचटी टावर का निर्माण और स्थापन का कार्य।
9	वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है	www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/से0 कर्म0, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ।

नोट :- 1. ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। **2.** समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। **3.** मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। **4.** निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। **5.** बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग, पेमेंट गेटवे या बैंक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी। **निविदा सू0सं0–07/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2024–25 दिनांक 27.06.2024** **1907/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

अब ड्रोन और कार के उपकरण डिजाइन कर सकेंगे छात्र

कार्यलय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय में अब छात्र-छात्राएं ड्रोन, कार, समुद्री जहाज, राकेट और प्रतिदिन उपयोग होने वाले उपकरण आसानी से डिजाइन कर सकेंगे। यहां अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में नेशनल एक्रडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एडं कैलिब्रेशन लैबोरेट्रीस (एनएबीएल) से मान्यता प्राप्त एडवांस इलेक्ट्रॉनिकी डिज़ाइन लैब एवं कंप्यूटर एडेड डिज़ाइन ड्राफ्टिंग लैब की शुरुआत कुलपति ने शुक्रवार को की।

लखनऊ विश्वविद्यालय में कौशल विकास और छात्रों के ज्ञान को बढ़ावा देने लिए यह महत्वपूर्ण कदम है। इससे छात्रों के लिए प्रैक्टिकल काफी आसान हो जाएंगे। इस मौके पर प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, कार्य अधीक्षक प्रोफेसर डीके सिंह, निदेशक द्वितीय परिसर प्रो. आरके सिंह और अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के शिक्षक मौजूद रहे।

संकायाध्यक्ष प्रो. एके सिंह ने बताया कि एडवांस इलेक्ट्रानिकी डिजाइन लैब में सर्किट सिमुलेशन के लिए विशिष्ट ओरकैड डिजाइन सॉफ्टवेयर, डिजिटल सर्किट सिमुलेशन के लिए विवडो साफ्टवेयर एवं एफ. पीजीए हार्डवेयर बोर्ड से छात्रों को इंडस्ट्री 4.0 में प्रयोग होने वाले तकनीकी को सीखा जा सकेगा। एनएबी एल मान्यता प्राप्त डिजिटल ऑस्कल्लोंस्कोप, आर्बिट्रेरी फंक्शन जेनरेटर, मल्टी आउटपुट पावर सप्लाई, बेंच टॉप मल्टीमीटर, एलसीआर मीटर से छात्रों को जानकारी मिलेगी।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की कम्प्यूटर एडेड डिजाइन एडं ड्राफ्टिंग लैब में ड्रोन, कार, समुद्री जहाज, राकेट एवं दिन-प्रतिदिन उपयोग होने वाले उपकरणों को भविष्य के अनुरूप अत्याधुनिक डिजाइन कर सकेंगे। इससे बहुराष्ट्रीय कंपनियों में छात्रों को सरलता पूर्वक प्लेसमेंट मिल सकेगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय में लैब की शुरुआत करते हुए कुलपति प्रोफेसर आलोक राय।

▸▸ लखनऊ विवि में कंप्यूटर एडेड डिजाइन ड्राफ्टिंग और एडवांस इलेक्ट्रानिकी डिजाइन लैब शुरू

> इन प्रयोगशालाओं से छात्र-छात्राएं ऑप्टिकल कम्युनिकेशन व डिजाइन सिमुलेशन की अलग-अलग आधुनिक तकनीकी को सीख सकेंगे। इससे न केवल लखनऊ विवि बल्कि आस-पास के संस्थानों के छात्र भी लाभान्वित हो सकेंगे।
> -प्रो. आलोक राय, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय

गर्मियों की छुट्टियां बिता स्कूल पहुंचे नौनिहाल, मस्ती में बीता पहला दिन

कार्यलय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों के बच्चे 40 दिनों के ग्रीष्मावकाश के बाद शुक्रवार को स्कूल पहुंचे। यहां पर उनके लिए समर कैंप का आयोजन किया गया था। बच्चों ने भरपूर मस्ती की। उन्हें क्षेत्रीय भ्रमण कराया गया जिसमें उन्होंने बिजली पासी किले का इतिहास जाना। साथ ही ईंट-भट्ठा कैसे चलता है इसके बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की।

स्कूल पहुंचने पर बच्चों का स्वागत टीका लगाकर किया गया। बच्चों को स्कूल के आसपास के प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। मोहम्मदी प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को महाराजा बिजली पासी किला घुमाया गया। जहां विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन पाण्डेय ने बच्चों को किले के इतिहास के बारे में बताया। इतिहास जानकार बच्चे प्रसन्न दिख रहे थे।

बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि राजधानी के सभी सरकारी विद्यालयों में समर कैंप की शुरुआत हो गई है। बच्चों की पढ़ाई 1 जुलाई से शुरू होगी।

महराजा बिजली पासी किला देखने पहुंचे मोहम्मदी प्राथमिक विद्यालय के बच्चे।

बच्चों ने जाना कैसे बनती है ईंट और कैसे चलता है भट्ठा

सरोजनीनगर ब्लॉक में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बरौना के बच्चों ने भ्रमण के दौरान घर निर्माण करने वाली ईंटों के बारे में विस्तार से जाना कि ये किस तरह से बनाई जाती हैं। बीईओ आरपी यादव ने बताया कि बच्चों को भट्ठे के बारे में भी पास से बताया गया कि ये कैसे चलता है। उन्होंने बताया कि बच्चों ने ग्रुप बनाकर शिक्षकों की निगरानी में नजदीक के ग्रामीण और पर्यटन स्थलों, उनसे जुड़े ऐतिहासिक, भौगोलिक, रीति-रिवाज, परम्पराओं के बारे में जाना।

ईंट भट्ठा देखने पहुंचे उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चे।

आज यह सिखाया जाएगा बच्चों को

यदि विद्यालय के पास आवश्यक खाली जमीन नहीं है, तो पुरानी बाल्टियों, प्लास्टिक की बोतलों और मिट्टी के बर्तनों के उपयोग से पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की जगह विद्यालय में उपलब्ध उपयुक्त कचरों का प्रयोग कर कम्पोस्ट खाद और पर्यावरण अनुकूल कीटनाशकों को लेकर जागरूक किया जाएगा। मोटे आनाज के बारे में जानकारी दी जाएगी।

एक नजर

एकेटीयू : सेमेस्टर परीक्षा परिणाम घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 के बीएचएमसीटी एवं एमबीए के प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर एवं एमबीए द्वितीय वर्ष के तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। छात्र अपना परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://aktu.ac.in पर देख सकते हैं।

आरटीईः प्रवेश प्रक्रिया जल्द होगी पूरी

अमृत विचार, लखनऊ : आरटीई के तहत चौथे चरण में चयनित बच्चों के प्रवेश प्रक्रिया जल्द ही पूरी की जाएगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि चौथे चरण में 500 आवेदन आए थे। इसमें चयनित बच्चो को प्रवेश दिलाने की प्रक्रिया जारी है। पिछले चरण में भी छूटे बच्चों को भी प्रवेश दिलाया जा रहा है।

बीईओ की जल्द ही जारी होगी तबादला सूची

अमृत विचार, लखनऊ : खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) की तबादला सूची जल्द ही जारी की जाएगी। हालांकि खंड शिक्षा अधिकारी संघ ने तबादले में नियमों की अनदेखी पर शिक्षा महानिदेशक से मिलकर अपनी बात रखी है।

स्नातक प्रवेश : विकल्प में फार्म न भरने वालों को होगी दिक्कत

लखनऊ विश्वविद्यालय में एक सीट पर कई-कई दावेदार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचारः नैक से ए डबल प्लस ग्रेडिंग प्राप्त लखनऊ विश्वविद्यालय में दाखिले की चाह रखने वाले छात्रों को हाई मेरिट के आधार पर प्रवेश मिलेगा। ऐसे में जिन छात्रों का नाम प्रवेश परीक्षा परिणाम में मेरिट नहीं आया और उन्होंने यदि उन्होंने दूसरे कॉलेज से अपना फार्म नहीं भरा है तो उनके लिए स्नातक में प्रवेश पाना चुनौती होगा। क्योंकि कई अच्छे कॉलेजों में भी फार्म भरने की अंतिम तिथि तब तक समाप्त हो चुकी होगी।

विश्वविद्यालय में आवेदन प्रक्रिया अभी भी चल रही है जो कि 30 जून तक जारी रहेगी। विश्वविद्यालय में एक सीट- पर कई-कई दावेदार हैं हालांकि विश्वविद्यालय की ओर से आवेदन करने वाले छात्रों का फाइनल अधिकृत डाटा अभी 30 जून की शाम या 1 जुलाई तक जारी किया जायेगा। सीबीएसई बोर्ड, यूपी बोर्ड, आईएससी 12वीं पास छात्रों की पहली पंसद लखनऊ विश्वविद्यालय है नैक से ग्रेडिंग के बाद से यहां प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या भी बढ़ी है। ऐसे में इस बार भी सीटों की मारामारी होगी। हालांकि कम मेरिट के चलते लखनऊ विश्वविद्यालय में जिन छात्रों को प्रवेश नहीं मिल पायेगा। उनके सामने केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत दर्ज कॉलेजों में प्रवेश का मौका मिलेगा।

> आवेदन काफी ज्यादा संख्या में हैं, लेकिन छात्रों की फाइनल संख्या 1 जुलाई तक जारी होगी। प्रवेश परीक्षा 11 से 18 जुलाई तक आयोजित की जायेगी। ऐसे में छात्रों के पास काफी मौका है वह तैयारी कर लें।
> -दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय

▸▸ मेरिट हाई रहने के आसार, दूसरे कॉलेज का फॉर्म भरना ही उचित

▸▸ विश्वविद्यालय में प्रवेश के आवेदन की आज अंतिम तिथि

क्या कहते हैं जानकार

जहां कहीं भी प्रवेश परीक्षा के मेरिट के आधार पर प्रवेश देने की प्रक्रिया हो यदि वहां आवेदन कर रहे हैं तो उसके साथ-साथ दूसरे संस्थान में भी आवेदन करना चाहिए। जानकार कहते हैं कि इससे पहले संस्थान में यदि प्रवेश न मिले तो दूसरे संस्थान का विकल्प छात्र के पास रहेगा।

जीएनएम में दाखिले के लिए आवेदन 12 तक

अमृत विचार, लखनऊ : अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विवि पहली बार प्रदेश में नर्सिंग के डिप्लोमा कोर्स जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) में दाखिले की प्रक्रिया शुरू करवाएगा। विवि की ओर से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट https://abvmuup.edu.in/ पर जाकर 12 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। लखनऊ समेत प्रदेश के 20 जिलों में परीक्षा केंद्र बनेंगे। 23 को प्रवेश पत्र जारी होंगे और 28 जुलाई को प्रवेश परीक्षा होगी।

मेधावियों को सीएम योगी आज करेंगे सम्मानित

कार्यलय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रति बच्चे के हिसाब से अभिभावकों के खाते में भेजा जाएगा 1200 रुपये सहायता राशि का बजट

अमृत विचारः यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के टॉपरों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे लोकभवन में होगा। इस दौरान डीबीटी के माध्यम से प्रदेश के 1.87 करोड़ बच्चों के माता-पिता अथवा अभिभावकों के आधार सीडेड खातों में प्रत्येक बच्चे 1200 रुपये की राशि ट्रांसफर करेंगे।

माता-पिता और अभिभावक इन रुपयों से अपने बच्चों के लिए स्कूल यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्कूल बैग एवं स्टेशनरी खरीद सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 जून को लोकभवन में एक कार्यक्रम के दौरान बच्चों के यूनिफॉर्म की राशि देंगे। साथ ही प्रदेश के 165 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कालेजों का लोकार्पण और 11 जिलों के डायट में अतिरिक्त कक्ष, ऑडिटोरियम तथा टॉयलेट्स ब्लाक के निर्माण का शिलान्यास डिजीटल रूप में करेंगे। साथ ही एनसीईआरटी पैटर्न पर आधारित कक्षा एक व दो के बच्चों के बीच निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया जाएगा

एकेटीयू में उद्योग शैक्षणिक सहयोग पर दिया जोर

अमृत विचार, लखनऊ : एकेटीयू की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों के अलावा परियोजना आधारित शिक्षण, औद्योगिक पर्यावरण की तैयारी के संदर्भ में उद्योग शैक्षणिक सहयोग पर दिया जाना चाहिए।

यह मौका था डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और एचसीएल (जीयूवीआई) नैशकॉम के सहयोग से स्नातक इंजीनियरों के लिए उद्योग प्रासंगिकता सुनिश्चित करना विषय पर टीपीओ और एचआर कॉन्क्लेव पर सम्मेलन किया गया।

इस मौके पर कुलपति प्रो. जेपी पांडे ने कौशल विकास, अनुभवात्मक शिक्षा, इंटर्नशिप, क्षेत्रीय अध्ययन को एक अभिन्न अंग बनाने के अलावा नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन पर जोर दिया। वहीं, डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉ. नीलम श्रीवास्तव ने कहा कि एकेटीयू की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों के अलावा विकास की पहल है।

उपलब्धि | काठमांडू में हुए समारोह में सुकरात सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी ने किया सम्मानित

योग में मालविका को अंतरराष्ट्रीय गौरव सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः योग विद्या के प्रसार में उत्कृष्ट कार्य के लिए लखनऊ की मालविका वाजपेयी को अंतरराष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान काठमांडू में हुए समारोह में सुकरात सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी द्वारा मिला। योगासन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड काउंसिल की संस्थापक मालविका को सुकरात विवि की ओर से मानद डॉक्टरेट की उपाधि भी प्रदान की गई।

उन्होंने देश में स्वास्थ्य लाभ के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ, युवाओं व बच्चों को योग से जोड़ने के लिए नए-नए प्रयास किए। यहीं नहीं उन्होंने लेखन के माध्यम से योगासन का प्रचार प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया, रेडियो व सोशल मीडिया पर किया। साथ ही योगासन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के माध्यम से योग के क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों को भी संकलित किया।

सुकरात सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर योगेश वर्मा ने बताया कि नेपाल टूरिज्म बोर्ड के साथ काठमांडू में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गौरव सम्मान समारोह में दुनिया में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले सामाजिक संगठनों में काम करने वाले लोगों से चयनित करते हुए विभिन्न श्रेणियों में एक महिला एवं पुरुष को सम्मानित किया गया।

मालविका की इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पांडेय व कोषाध्यक्ष डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी सहित पवन सिंह चौहान (एमएलसी सीतापुर व जिला लखनऊ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष), योगासन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड काउंसिल के संस्थापक व सीईओ आचार्य डॉ. यश पाराशर, उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा, उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल, उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स एरोबिक्स एंड फिटनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष आनन्द शेखर सिंह, जिला लखनऊ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के चेयरमैन सुधीर हलवासिया ने बधाई दी।

काठमांडू में हुए समारोह में प्रमाण पत्र लेती मलविका वाजपेयी। अमृत विचार

एक नजर

दंपति से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर क्षेत्र के लक्ष्मण खेड़ा निवासी सन्नो ने गांव के अरमान और रिहाना पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सन्नो का कहना है कि गुरुवार को आरोपी बिना वजह गाली गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर लाठी डंडों से पीटकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

डेयरी से 21 भैंस और एक पड़िया पकड़ी

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के कैटल कैचिंग दस्ते ने शुक्रवार को जोन तीन के फैजुल्लागंज, धैला रोड तथा आस-पास अवैध डेयरी के खिलाफ अभियान चलाया। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में चलाये गए अभियान में 21 भैंस और एक पड़िया पकड़कर ठाकुरगंज कांजी हाउस में बंद करायी।

दो पक्षों में मारपीट, दोनों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर क्षेत्र में दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। भक्ति खेड़ा निवासी रामू ने प्रार्थना-पत्र देकर बताया गांव के ही सुभाष पर मजदूरी की रुपये बाकी थे। 26 जून को पैसा मांगने पहुंचा तो अर्जुन और उसके बेटे सुभाष ने गाली गलौज कर कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर दिया। उसका भाई श्यामू बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी पीटा। रामू को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आईपीएस और सीबीआई अधिकारी बन करते थे ठगी, गिरफ्तार

साइबर क्राइम थाने की टीम ने आगरा से तीन जालसाजों को दबोचा, चिकित्सक दंपति और रिटायर्ड कर्मचारी से ठगे थे तीन करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **टीम ने जालसाजों के खाते फ्रीज कर सेवानिवृत्त कर्मचारी के 15 और डॉक्टर के 80 लाख रुपये खाते में वापस कराए**

अमृत विचार : आईपीएस और सीबीआई अधिकारी बन डॉक्टर दंपति और रिटायर्ड कर्मचारी को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में डिजिटल अरेस्ट किया औक तीन करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर डाली। साइबर क्राइम थाने की टीम ने तीन आरोपियों को आगरा से दबोचा है। टीम ने उनके खाते फ्रीज कर सेवानिवृत्त कर्मचारी के 15 और डाक्टर के 80 लाख रुपये वापस करा लिए।

इंस्पेक्टर साइबर थाना ब्रजेश कुमार यादव के मुताबिक गिरफ्तार जालसाजों में आगरा के एत्माद्दौला हाथरस रोड गुलाबनगर का यशपाल, बालकेश्वर न्यू राधा नगर विभव पुरम का केशव गोयल, यमुना ट्रांस गुलाबनगर का संकेत कुमार है। पांच मोबाइल फोन, दो चेकबुक, दो एटीएम कार्ड और अन्य वस्तुएं बरामद की गई हैं। तीनों ने आगरा में एक कमरे में आफिस खोल रखा था। वहीं से ठगी का गिरोह चला रहा था।

हजरतगंज के अशोक मार्ग पर शामीमार होम्स पटियाला हाउस में रहने वाले डॉ. पंकज रस्तोगी को 9 जून को संकेत और यशपाल ने सीबीआई अधिकारी बनकर वीडियो कॉल की। यशपाल ने बोला कि डॉ. पकंज की आइडी का गलत प्रयोग हुआ है। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में उसे जेल भेजा जाएगा। बचना है तो बताए गए खातों में रुपये ट्रांसफर करो। दीपा और पंकज ने मिलकर कई बार में जालसाजों के बताए गए खाते में 2.71 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। ठगी का संदेह होने पर दीपा ने मामला दर्ज कराया।

इसी तरह सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी अखिलेश्वर सिंह विभूतिखंड के रहने वाले हैं। 12 जून को सुबह 10 बजे यशपाल ने वाट्सएप काल की। खुद को सीबीआई अधिकारी आकाश कुल्हरी बताकर राजकुंद्रा मनी लॉन्ड्रिंग केस में अखिलेश्वर को जेल भेजने की धमकी दी। बाद में 85 लाख रुपये ट्रांसफर कराए।आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनका काम खाता अरेंज कराना था। इसके बाद ठगी के पैसों को नकद निकालकर दे दे थे। बदले में हिस्सा मिल जाता था।

सेना के सेवानिवृत्त हवलदार से 20 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **स्मार्ट मीटर इंस्टालेशन का ठेका दिलाने का दिया था झांसा, एफआईआर दर्ज**

अमृत विचार : सेना के रिटायर्ड हवलदार से जालसाजों ने ठेका दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपये ठग लिए। आरोप है कि स्मार्ट मीटर इंस्टालेशन का ठेका दिलाने का झांसा दिया था। रुपये लेने के बाद जालसाजों ने संपर्क तोड़ दिया। पीड़ित ने हजरतगंज कोतवाली में मेसर्स स्वराज क्रांति के निदेशकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

बलिया सुखपुरा निवासी पवन कुमार सिंह सेना से रिटायर हुए हैं। उनकी मुलाकात हजरतगंज सूरजदीप काम्पलेक्स स्थित स्वराज क्रांति के अनमोल वर्मा और कन्हैयालाल से हुई।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का ठेका दे रही है। जिसका टेण्डर स्वराज क्रांति को मिला है। बलिया में काम पूरा करने के लिए उन्हें एक सहयोगी की जरूरत है। चाहे तो हमारे साथ जुड़ कर कम समय में अच्छी कमाई कर सकते हैं।

कन्हैया और अनमोल की बातों पर भरोसा कर पवन ने पिता चंद्रशेखर के नाम पर काम दिलाने की बात कही। जिसके बदले आरोपियों के बताए खातों में करीब 20 लाख रुपये भी जमा कराए। इसके बाद भी उन्हें काम नहीं मिला।

पवन के रुपये वापस मांगने पर आरोपी टाल मटोल करने लगे। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

फर्नीचर बेचने के नाम पर छात्र से 37 हजार ठगे

अमृत विचार, आलमबाग : फर्नीचर बेचने का झांसा देकर जालसाज ने छात्र से 37 हजार रुपये ठग लिये। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक, असम के सादिया निवासी अमन कुमार शाह बीबीएयू विश्वविद्यालय से पढ़ाई कर रहे हैं। कुछ समय पहले उनके व्हाट्सएप पर फर्नीचर बेचने का मैसेज आया। काल करने पर युवक ने खुद को सीआरपीएफ में तैनात विकास पटेल बताया। सौदा 75 हजार रुपये में तय हुआ। उन्होंने ऑनलाइन 37 हजार भेज दिए। फिर जालसाज ने फोन बंद कर लिया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कान की बाली लूटकर भागे बदमाश को लोगों ने पकड़ा

अमृत विचार, लखनऊः मदेयगंज क्षेत्र में पैदल जा रही महिला के कान की बाली लूट कर भागे बदमाश को लोगों ने दौड़ा कर पकड़ लिया।

त्रिवेणी नगर निवासी प्रिंसी श्रीवास्तव ने बताया 26 जून को रात करीब सवा आठ बजे किसी काम से घर से पैदल डालीगंज क्रासिंग की ओर जा रहीं थी। इस दौरान बदमाश कान से सोने की बाली लूटकर भागने लगा। शोर मचाने पर लोगों और पति मृत्युंजय व ने उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान झबझाबी टोला, सीतापुर रोड, थाना मदेयगंज निवासी शादाब के रूप में हुई।

बाइक गड्ढे में गिरी, एक की मौत, दूसरा गंभीर

अमृत विचार, काकोरी : अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार की मौत हो गई ।मलिहाबाद के बेलगढ़ा निवासी सुरेंद्र का चचेरा भाई लल्लन पाल (22) सड़क पर पड़े पत्थर से बाइक टकराकर अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरे। लल्लन के सिर में गंभीर चोट आई। ट्रॉमा सेंटर ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सौ मिलियन का लाभ दिलाने का झांसा दे व्यापारी से ढाई करोड़ ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **विभूतिखंड थाने में होटल व्यापारी ने दर्ज कराई धोखाधड़ी की रिपोर्ट**

अमृत विचारः विभूतिखंड क्षेत्र निवासी होटल व्यापारी से ढाई करोड़ की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने आईटी कम्पनी में पार्टनर बनाने का झांसा देकर सौ मिलियन का लाभ दिलाने के नाम पर रुपये ठग लिये।

इंस्पेक्टर सुनील सिंह के मुताबिक, होटल व्यापारी राकेश जायसवाल ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उनकी दोस्ती जेपीएस फाउंडेशन के कुंवर बहादुर सिंह से है। कुंवर बहादुर ने कनाडा की आईटी कम्पनी जुम्बिडो के बारे में जानकारी दी। दावा किया कि कम्पनी भारत में सर्विस सेंटर खोलना चाहती है।

इससे जुड़ने पर कम वक्त में ही सौ मिलियन का व्यापार किया जा सकता है। आईटी कम्पनी के साथ ही राकेश को जल जीवन मिशन के तहत काम दिलाया गया है।

आरोप है कुंवर बहादुर ने साथी कमलेश सिंह से मिलकर करीब ढाई करोड़ रुपये ठग लिये। जिसे वापस करने को तैयार नहीं है। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

कपिल, अजय और मेहूल ने ठिकाने लगाए रुपये

एकेटीयू के 120 करोड़ की हेराफेरी : पुलिस रिमांड पर तीन आरोपियों ने उगले कई राज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एकेटीयू के बैंक खाते से 120 करोड़ की हेराफेरी के बाद एक करोड़ रुपये ठिकाने लगाने का काम कपिल, अजय पटेल और मेहूल कुमार ने किया था। यह जानकारी पुलिस रिमांड पर लिए गए तीन आरोपियों ने उगले। इस मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन आरोपियों देवेंद्र जोशी, राजेश बाबू ओर शैलेश सिंह रघुवंशी को पुलिस टीम ने शुक्रवार को एक दिन की रिमांड पर लिया था।

इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव ने बताया कि शुक्रवार की सुबह आरोपियों को जेल से थाने लाया गया। उनसे डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह, एडीसीपी अमित कुमावत समेत पुलिस के कई अधिकारियों ने पूछताछ की। इसके बाद वारदात में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की बरामदगी के लिए कुछ स्थान पर पुलिस टीम लेकर गई थी।

कुकरैल में फेंका था मोबाइल : आरोपी शैलेश सिंह रघुवंशी ने पुलिस को बताया कि उसने अपना मोबाइल वारदात के बाद कुकरैल के जंगल में फेंक दिया था। उसकी बरामदगी के लिए पुलिस टीम तीनों को लेकर कुकरैल जंगल गई थी। रास्ते में पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कई अहम सुराग दिये। इनकी सत्यता परखने के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। वहीं, शैलेश ने बताया कि रकम की हेराफेरी करने में उसने बैंक से दस्तावेज जुटाए थे। वारदात के बाद वह बैंक की शाखा में दो दिन गया था। वहां पर उसने कर्मचारियों के साथ बातचीत की। पुलिस बैंक कर्मचारियों की सूची तैयार कर रही है। उनसे पूछताछ की जाएगी।

अनुराग के घर बंद मिला ताला : पुलिस टीम रिमांड के दौरान तीनों आरोपियों को लेकर अनुराग श्रीवास्तव के वृंदावन कालोनी में स्थित मकान पर गई। जहां पर ताला बंद मिला। पुलिस टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि करीब 15 दिन से वह अपने परिवार के साथ नहीं दिखा है। पुलिस ने अनुराग की पत्नी, बच्चों व कुछ अन्य करीबी रिश्तेदारों के मोबाइल नंबर जुटाए है।

नोएडा प्राधिकरण के खाते से उड़ाए थे 200 करोड़

रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपी राजेश बाबू ने बताया कि इसके पहले उसने कुछ लोगों के साथ मिलकर नोएडा विकास प्राधिकरण के खाते से 200 करोड़ रुपये एफडी कराने के नाम पर साफ किए थे। उसके खिलाफ नोएडा के सेक्टर-58 थाने में मामला भी दर्ज हुआ था। इस मामले में रकम उड़ाने के बाद चार करोड़ रुपये नकदी निकाली गई थी। आरोपियों ने प्राधिकरण के बैंक ऑफ इंडिया सेक्टर-62 के खाते से एफडी कराने के नाम पर 100-100 करोड़ की एफडी बनाने के निर्देश पत्र जारी कराया था। एक अन्य पत्र द्वारा बैंक खाता संचालन हेतु भी पत्र निर्गत किया गया। वहां भी आरोपियों ने बैंक में खाता खोलने और प्राधिकरण से रकम ट्रांसफर कराने के लिए फर्जी ई-मेल का प्रयोग किया था।

पकड़ा दी 100-100 करोड़ की फर्जी दो एफडी

जालसाजों ने नोएडा प्राधिकरण के खाते से 26 जून को धनराशि एचडीएफसी बैंक सेक्टर-18 शाखा और इंडियन बैंक सेक्टर-61 के खाते में भेजकर एफडी बनाने की बात कही। इस संबंध में बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 100-100 करोड़ रुपये की दो एफडी 26 जून को प्राधिकरण को उपलब्ध कराया गया। 3 जुलाई को जब इसकी जांच की गई तो पता चला कि बैंक ऑफ इंडिया सेक्टर-62 ने एफडी नहीं बनवाई गई थी। बल्कि खाते से 30 जून को 3 .90 करोड़ और 9 करोड़ रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर करा दिए गए। इस खेल में अब्दुल कादर नाम व्यक्ति द्वारा खाता संचालित करना बताया गया। नोएडा पुलिस ने इस मामले में गाजियाबाद मुरादनगर के सुधीर चौधरी, बुलंदशहर के बड़झेडा का मुरारी जाटव, पनापुर असीवन उन्नाव का राजेश बाबू, गोकुलपुरी गंगाविहार दिल्ली के राजेश कुमार पांडेय को आरोपी बनाया था। इन सभी के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट भी दाखिल कर दी है।

लेखपाल समेत तीन लोगों के घरों को चोरों ने बनाया निशाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्र में चोरों ने लेखपाल समेत तीन लोगों के घरों को निशाना बनाते हुए गहने और नकदी समेत लाखों का सामान पार कर दिया।

चिनहट के विमलनगर निवासी लेखपाल उमेशचंद्र पाठक बाराबंकी में तैनात हैं। 22 जून की रात अवैध खनन की सूचना पर वह छापेमारी के लिये निकले थे। देर रात लौटे तो मेनगेट, कमरों और अलमारी के ताले टूटे मिले। चोर गहने और करीब 2.35 लाख नकदी चुरा ले गए।

उधर, अलीगंज थाना क्षेत्र के सेक्टर सी निवासी अनिल कुमार त्रिपाठी बुधवार दोपहर मकान में ताला बंद कर पत्नी के साथ बाजार गए थे। खरीदारी कर लौटे तो ताला टूटा था। चोर गहने और नकदी चुरा ले गये।

इधर, कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र के साकेतपुरी निवासी शिवम पटेल ने पुलिस को बताया 20 जून को पत्नी के साथ घर में ताला बंद कर गोवा गए थे। लौटे तो ताले टूटे मिले और नकदी व गहने चोरी हो चुके थे।

चार चोरों को भेजा जेल : सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने चोरी में अहिमामऊ निवासी दीपक को पकड़ा है। उधर, चिनहट पुलिस ने तकरोही निवासी आकाश यादव, विकास यादव व इस्माइलगंज निवासी रोहन कश्यप को गिरफ्तार किया है।

मलिहाबाद में दो किलो चांदी के गहने चुराए

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल थाना क्षेत्र के ग्राम आजादनगर निवासी वीरेन्द्र रस्तोगी ने प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि उनकी राम आसरे ज्वेलर्स के नाम से सोने चांदी की दुकान सैदापुर चौराहा स्थित बैंक आफ इंडिया के पास है। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे दुकानदार वीरेन्द्र रस्तोगी को झपकी आ गयी। इसी बीच चोर करीब दो किलो चांदी के गहने चुरा ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

सार-संक्षेप

पति के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई

अमृत विचार, सरोजनीनगर : उन्नाव जिले के मोहान निवासी रेनू यादव ने बिजनौर के परवर पश्चिम स्थित गढ़ी मवैया निवासी अभिषेक यादव पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया पति से उसका कोर्ट में केस चल रहा था। समझौता कराकर पति उसे अपने घर ले गया। इसके बाद शराब के नशे में धुत होकर पीटने लगा। पीड़िता का कहना है कि पति धमकी दे रहा है कि न्यायालय से गुजारा भत्ता का मामला वापस नहीं लिया तो जान से मार देगा।

13 लाख लेकर दूसरे के हाथ बेच दी जमीन

अमृत विचार, सरोजनीनगर : आलमबाग कोतवाली क्षेत्र के बरहा निवासी पीड़ित सतीश ने बताया कि 15 फरवरी 2018 को बंथरा के खसरवारा निवासी छोटेलाल से जमीन का एग्रीमेंट कराया था। तब तय हुआ था कि 6 महीने के अन्दर रजिस्ट्री करवा देंगे। जमीन हरिओम मिश्रा ने दिलवाई थी। इसके एवज में 13 लाख 80 हजार रुपये दिये थे। आरोप है आरोपियों से रजिस्ट्री कराने के लिए कहा तो टालते रहे। बाद में पता चला कि उक्त जमीन 4 जनवरी 2024 को बंथरा के कटी बगिया निवासी आनंद मोहन सिंह के नाम कर दी गई। पीड़ित ने शिकायत एसीपी कृष्णा नगर से की। तब उनके आदेश पर बंथरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मोबाइल हैक कर 6 लाख ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : साइबर क्राइम पुलिस ने रिमोट एक्सेस एप डाउनलोड करा कर छह लाख रुपये हड़पने वाले आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने मोबाइल हैक कर रुपये ट्रांसफर करने की बात कबूल की। पुलिस के मुताबिक, फैजुल्लागंज निवासी सुधीर श्रीवास्तव ने दूध कम्पनी की एप डाउनलोड की तो 90 रुपये कट गए। इंस्पेक्टर साइबर थाना ब्रजेश यादव ने बताया कि जांच में जिन खातों में रुपये ट्रांसफर हुए। उन्हें ट्रैक कर बरेली के बारादरी निवासी जियाउर रहमान को गिरफ्तार किया गया है।

दहेज हत्या में आरोपी सास-ससुर को भेजा जेल

अमृत विचार, लखनऊ : माल पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी सास-ससुर को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, कन्नौज जनपद के इन्दरगढ़ निवासी प्रभु दयाल ने बताया था बेटी सीमा पाण्डेय (26) की शादी माल के सैदापुर निवासी सार्थक पाण्डेय के साथ की थी। 16 जून को बेटी का शव घर में फंदे से लटका मिला था। इंस्पेक्टर के मुताबिक दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया था। इसके आधार पर आरोपी ससुर लक्ष्मीकांत पाण्डेय व सास रानी पाण्डेय को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पति सार्थक को पहले ही जेल भेज दिया गया था।

ट्रैक्टर-टैंकर ड्राइवर गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : मदेयगंज पुलिस ने डालीगंज रेलवे क्रासिंग के पास साइकिल सवार को रौंदने वाले ट्रैक्टर-टैंकर ड्राइवर को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, खदरा निवासी जाहिद खान (50) हजरतगंज स्थित कार शोरूम में काम करते थे। बुधवार रात ड्यूटी से घर लौटते समय रेलवे क्रासिंग के पास हादसे में जाहिद खान की मौके पर मौत हो गई थी। भाई जीशान खान के प्रार्थना-पत्र पर मड़ियांव के भरतनगर निवासी आरोपी ड्राइवर शिवकुमार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

नौकरी की तलाश में अलीगढ़ पहुंचा छात्र

अमृत विचार, आलमबाग : परिवार की आर्थिक तंगी से परेशान कक्षा नौ का छात्र परिजन को बताए बिना चुपके से नौकरी की तलाश में अलीगढ़ पहुंच गया। आशियाना पुलिस ने 24 घंटे के अंदर छात्र को सकुशल बरामद कर लिया। रजनी खण्ड निवासी हामिद अली का बेटा जैद सेंट्रल एकेडमी स्कूल में कक्षा नौ का छात्र है। बुधवार सुबह करीब 6 बजे वह स्कूल के लिये निकला था।

घर में घुसकर दंपति समेत तीन को पीटा

अमृत विचार, मलिहाबाद : थाना क्षेत्र में घर में घुसकर दंपति समेत तीन लोगों को पीटने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, ग्राम कनार निवासिनी खुशबू ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया गांव निवासी शशीकांत उर्फ शक्तिमान गुरुवार रात उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर घर में घुस उसे पीटने लगा। चीखें सुनकर भाई और भाभी बचाने पहुंचे तो आरोपी ने उन्हें भी पीट दिया। इसमें तीनों घायल हो गये।

थाने में एसएसआई पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **गुडंबा थाने में विवाद करते पहुंचे थे, वीडियो बना वर्दी उतरवाने की दी धमकी**

अमृत विचारः गुड़बा कोतवाली में विवाद कर पहुंचे दो पक्षों ने पुलिस की मौजूदगी में दोबारा विवाद किया। एसएसआई ने रोकने का प्रयास किया तो एक पक्ष ने उन पर हमला कर दिया। साथी पुलिस कर्मियों ने एक आरोपी को दबोच लिया। उसके खिलाफ एसएसआई ने प्रार्थना-पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक शिवकुमार सिंह के मुताबिक शुक्रवार दोपहर थाने पर थे। इसी दौरान कुछ लोग विवाद करते हुये पहुंचे। एक ने अपना नाम सर्वेश यादव निवासी मालतीपुरम जानकीपुरम और दूसरे ने सुमित शर्मा निवासी सेक्टर-एच जानकीपुरम बताया। दोनों शुभम वर्मा, निवासी त्रिवेणी नगर से गाली गलौज कर रहे थे। उन्होंने रोका तो सर्वेश मोबाइल पर वीडियो बनाने लगा। एसएसआई के विरोध करने पर आरोपी सर्वेश ने गाली देते हुए वर्दी उतरवाने की धमकी दी।

पुलिसकर्मी सर्वेश को थाने में बैठा कर पूछताछ करने लगे। तो आरोपी ने एसएसआई पर हमला कर दिया। इंस्पेक्टर नीतिश कुमार श्रीवास्तव ने बताया आरोपी सर्वेश यादव को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्तार के गुर्गे की गाड़ियों के काफिले का वीडियो वायरल

अमृत विचार, लखनऊः गोमतीनगर विस्तार थाने में जमानत पर छूटे मुख्तार अंसारी के गुर्गे अभिषेक सिंह उर्फ बाबू को लेकर समर्थकों का जिला जेल से दर्जनों गाड़ियों का काफिला निकला। इसका वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

काफिले का वीडियो अभिषेक ने खुद ही इंस्टाग्राम पर अपलोड किया। एडीसीपी पूर्वी अमित कुमावत के मुताबिक वीडियो जी-20 चौराहे के पास का है। बता दें सितंबर 2020 में अभिषेक के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई हुई थी। पुलिस ने मुख्तार के साथ जुड़ कर जमीनों पर कब्जा और रंगदारी में अभिषेक के शामिल होने का दावा किया था।

आत्महत्या का प्रयास कर रही युवती को बचाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमतीनगर विस्तार थाने की पुलिस ने शुक्रवार को एक युवती को आत्महत्या करने से बचाया।

प्रभारी निरीक्षक सुधीर अवस्थी के मुताबिक महिला हेल्पलाइन (1090) से शुक्रवार को सूचना मिली कि जनेश्वर मिश्रा पार्क के गेट नंबर-7 के पास एक युवती आत्महत्या करने जा रही है। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। आत्महत्या की बात कहने वाली युवती को पार्क के अंदर से बरामद किया। उसके परिजनों को थाने बुलाया। परिजन ने पुलिस को बताया कि युवती मानसिक रूप से बीमार है। पुलिस ने करीब दो घंटे की काउंसिलिंग की। इसके बाद पिता और भाई को सुपुद कर दिया।

बदायूं से चार बच्चियां बरामद कीं

इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि बुधवार रात को सूचना मिली की चार बच्चियां गायब हो गई हैं। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। पांच टीमों को बच्चियों की तलाश में लगाया गया। बच्चियों की लोकेशन बदायूं में मिली तो गुरुवार देर शाम को पुलिस टीम ने चारों बच्चियों को बदायूं से ले आई।

सहारा इंडिया के निदेशकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : कोर्ट के आदेश पर नरही की रहने वाली काजल जायसवाल ने सहारा इंडिया के निदेशकों ओपी श्रीवास्तव, सपना राय, भुपेंद्र सिंह व अन्य पर जालसाजी का मामला दर्ज कराया है।

हजरतगंज के नरही निवासी काजल जायसवाल ने बताया कि वर्ष 2018 में सहारा इंडिया के भुपेंद्र सिंह ने संपर्क किया। उसके कहने पर काजल ने करीब दो लाख रुपये का निवेश किया। पीड़िता ने कई बार एजेंट से उसके रुपये वापस कराने के लिए कहा। काजल के मुताबिक तहरीर देने पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। नतीजतन उन्होंने कोर्ट में अर्जी दायर की।

आक्रोश हजरतगंज थाने में प्रदर्शन, एसीपी को सौंपा ज्ञापन

ओवैसी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ अखिल भारत हिंदू महासभा ने प्रदर्शन किया। महासभा के सदस्यों ने हजरतगंज कोतवाली में पहुंचकर नारेबाजी की। ओवैसी पर आरोप है कि उन्होंने लोकसभा में शपथ ग्रहण के दौरान जय फिलस्तीन का नारा लगाया था। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र एसीपी हजरतगंज को सौंपा गया।

अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने अपने साथियों के साथ हजरतगंज कोतवाली में असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सांसद के खिलाफ नारेबाजी भी की। महासभा के प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी ने कहा कि हैदराबाद से जनप्रतिनिधि के रूप में चुने गए ओवैसी लोकसभा में हिंदुस्तान जिंदाबाद, संविधान की जय नहीं बोलते। लेकिन देश विरोधी नारा लगाते हैं। शिशिर ने कहा कि ये भारत की विदेश नीति के खिलाफ जाकर जय फिलिस्तीन बोलना गलत है।

शिशिर चतुर्वेदी ने कहा कि लोकसभा में ओवैसी के रवैए से देश भर के लोग आहत हैं। उनका नारा दर्शाता है कि ओवैसी देश की अखंडता के लिए खतरा हैं। शिशिर ने कहा कि ओवैसी को वंदे मातरम और भारत माता की जय बोलने में शर्म आती है। मगर देश को अपमानित करने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ते हैं। ज्ञापन सौंपकर सदस्यता रद्द करने की मांग एसीपी हजरतगंज अरविंद कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए शिशिर चतुर्वेदी ने ओवैसी के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। साथ ही उनकी संसद सदस्यता रद्द करने की भी मांग हुई। महासभा के कार्यकर्ताओं ने धमकी दी कि अगर कार्रवाई नहीं की गई तो पूरे भारत में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

हजरतगंज कोतवाली में प्रदर्शन करते अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारी।

महिलाकर्मी की अश्लील फोटो एडिट कर सिपाही को भेजी

अमृत विचार, लखनऊ : पुलिस महकमे में तैनात महिला कर्मी की अश्लील फोटो एडिट कर सिपाही के पास भेजने का मामला सामने आया है। पीड़ित सिपाही ने मदेयगंज कोतवाली में मामला दर्ज कराया है।

इंस्पेक्टर राजेश सिंह के मुताबिक, जनपद फतेहपुर निवासी मुख्य आरक्षी पवन कुमार सिंह ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 26 जून को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से तीन महिलाओं का अश्लील फोटो शेयर किया गया। पवन के मुताबिक, न्यूड फोटो राजधानी में तैनात पुलिस महकमे की कर्मी की थी। उससे संपर्क कर पूरा प्रकरण बताया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पड़ोसी पर स्कूटी व बाइक जलाने का आरोप

अमृत विचार, लखनऊः मोहनलालगंज क्षेत्र निवासी किसान ने पड़ोसी पर गाड़ियां जलाने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक, गोपालखेड़ा गांव निवासी हरभजन ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया गुरुवार को घर के बाहर स्कूटी व बाइक खड़ी थी। सुबह दोनों गाड़ियां जली मिलीं। हरभजन का आरोप है कि आग पड़ोसी रईस ने लगाई है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-6, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांकः 238/EE-6/L.J.S/2024-25 दिनांकः 28/06/2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनाँक 05/07/2024 को 3:00 बजे तक आमन्त्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 05/07/2024 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सांय काल खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य/आपूर्ति का विवरण	निविदा का मूल्य	धरोहर धनराशि
1	जोन 6 के अन्तर्गत कन्हैया माधवपुर वार्ड प्रथम में गोविन्दपुरम निकट गोविन्देश्वर मन्दिर के पास व सलमान गार्डेन 8 नम्बर गली में स्थापित समरसेबिल पम्प रिबोर का कार्य।	400.00	6600.00

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन 6 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता, जोन-6
जल कल विभाग, लखनऊ

एक नजर

अम्बरीश सिंह बने जिला वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ जिला वॉलीबाल संघ का अध्यक्ष अम्बरीश सिंह भदौरिया और सचिव डॉ. संतोष कुमार सिंह चुना गया। उत्तर प्रदेश वॉलीबाल संघ के द्वारा नामिज पर्यवेक्षक की देखरेख में यह चुनाव शुक्रवार की शाम गोलागंज स्थित क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ एजूकेशन के परिसर में आयोजित हुए। संघ का कोषाध्यक्ष आरपी सिंह, उपाध्यक्ष हेनरी जी डेविस, डीपी सिंह, अमित उपाध्याय, संयुक्त मंत्री आईए सिद्दीकी, संजीव सिंह और देशराज को चुना गया।

बीआर वरुण बने यूपी पैरा एथलेटिक्स संघ के सचिव

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ के बीआर वरुण को उत्तर प्रदेश पैरा एथलेटिक्स संघ का सचिव चुना गया है। वहीं, एसोसिएशन में कवींद्र चौधरी को अध्यक्ष, रवि कुमार को कोषाध्यक्ष और राज कुमार यादव (राजू यादव) को उपाध्यक्ष बनाया गया।

बीआर वरुण

उपाध्यक्ष ने किया आवासों का निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री आवास के प्रत्येक ब्लॉक का निरीक्षण करके विकास कार्यों व सुविधाओं का जायजा लिया। सफाई व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर कर्मचारियों व ठेकेदारों को एक सप्ताह में सफाई कराने का निर्देश दिया। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, विशेष कार्याधिकारी रवि नंदन सिंह, अधिशासी अभियंता अजीत कुमार एवं नीरज कुमार उपस्थित रहे।

पहले दिन उत्तर प्रदेश की अनन्या और मोहक ने हासिल की स्वर्णिम सफलता

41वीं नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 40 खिलाड़ियों को हॉल ऑफ फेम इंडिया-2024 अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अनन्या यादव, निक्स राजवंशी, मोहक श्रीवास्तव ने ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित 41वीं नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप और 27वीं नेशनल पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप के पहले दिन मेजबान उत्तर प्रदेश के लिए स्वर्णिम सफलता हासिल की।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में आयोजित इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने किया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर ताइक्वांडो में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 40 खिलाड़ियों व विभूतियों को हॉल ऑफ फेम इंडिया-2024 अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि स्वतंत्र देव सिंह ने इस अवसर पर कहा कि आज के समय में खेलो का महत्व बहुत बढ़ गया है। खेलों के माध्यम से खिलाड़ी का सर्वांगीण विकास होता है।

उद्घाटन अवसर पर ग्रैंड मास्टर महेंद्र मोहन, ग्रैंड मास्टर गौरव सिंह चौहान-चेयरमैन टीएफआई प्रचार विंग, मनोज वर्मा, कोमल जगतियानी, रूपकमल नंदी, गजानंद, मनोज शर्मा व ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष सुधीर एस हलवासिया मौजूद रहे।

मुकाबले के दौरान जीत के लिए जोरआजमाइश करते खिलाड़ी। अमृत विचार

पहले दिन उत्तर प्रदेश के हिस्से में आए 4 पदक

पहले दिन बालिका वर्ग में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने पहले दिन तीन स्वर्ण व एक रजत पदक जीते। पंजाब की खिलाड़ियों ने भी 2 स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, आसाम ने भी एक-एक स्वर्ण पदक जीते।

चुनी जाएगी भारतीय टीम

ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जिम्मी आर जगतियानी ने बताया कि चैंपियनशिप में भारतीय ताइक्वांडो टीम का चयन किया जाएगा जो हांगकांग में 23 नवंबर से 27 नवंबर तक होने वाली वर्ल्ड ताइक्वांडो पूमसे चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेगी।

पहले दिन के मुकाबलों के परिणाम

- बालिका इंफैंट (5-7 वर्ष, 21 किलो) में जम्मू-कश्मीर की अनन्या को स्वर्ण, उत्तर प्रदेश की अवनी को रजत पदक
- बालिका इन्फैंट (5-7 वर्ष, 23 किलो) में उत्तर प्रदेश की शैलवी को स्वर्ण, दिल्ली की सताक्षी तिवारी को रजत व मध्य प्रदेश को अनिका ने कांस्य पदक
- बालिका इन्फैंट (5-7 वर्ष, 17 किलो) में उत्तर प्रदेश को मोहक को स्वर्ण पदक
- बालिका इन्फैंट (5-7 वर्ष, 19 किलो) मं पंजाब की नितिशा को स्वर्ण, मध्य प्रदेश की अयात गोरी को रजत व आसाम की दीक्षिता सिंह को कांस्य पदक
- बालिका कैडेट (51 किलो) में पंजाब की लतिका को स्वर्ण, हरियाणा की तमन्ना को रजत, पश्चिम बंगाल की श्रीतमा व एमपी की निकी को कांस्य।
- बालिका सब जूनियर (18 किलो) में तमिलनाडु की पी.वैशाली को स्वर्ण पदक
- बालिका सब जूनियर (22 किलो) में पश्चिम बंगाल की अर्पिता घोष को स्वर्ण, गुजरात की अशर को रजत व कर्नाटक की युविका को कांस्य पदक
- बालिका सब जूनियर (26 किलो) में आसाम की निब्रति बोरा को स्वर्ण, हरियाणा की साक्षी को रजत एवं पंजाब की प्रियांशी व तमिलनाडु की के.कोशिका को कांस्य पदक
- बालिका सब जूनियर (35 किलो) में उत्तर प्रदेश की निक्स को स्वर्ण, ओडिशा की सोमन दत्ता को रजत, पश्चिम बंगाल की आरना धर व कर्नाटक की प्रणीता राज को कांस्य पदक
- बालिका जूनियर (52 किलो) में उत्तर प्रदेश की अनन्या को स्वर्ण, मध्य प्रदेश की श्रेया गौड़ को रजत, आसाम की सुहानी व तमिलनाडु की ए.श्री किरुथा को कांस्य पदक

अक्षांश, आरव और अभिनव अंतिम आठ में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप में अक्षांश, आरव और अभिनव ने अंडर-11 वर्ग में अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं बालिकाओं के अंडर-13 वर्ग में शीर्ष वरीय सान्वी कुमार और दूसरे वरीय आर्णवी पाठक समेत सभी उम्दा खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में शुक्रवार से शुरू हुई जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का उद्घाटन उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह और उपाध्यक्ष अरुण कक्कड़ ने किया। पहले दिन के करीब डेढ़ सौ मुकाबले खेले गए। बालक अंडर-11 के प्री क्वार्टर फाइनल में अक्षांश ने अद्वित सिंह को 30-27 से हराया। आरव गुप्ता ने शौर्य सिंह को 30-14 एवं अभिनव कुमार ने अभिमन्यु दास को 30-10 अंकों से पराजित किया।

बालिका अंडर-13 बालिका वर्ग के पहले दौर में आराध्या वर्मा ने हराया कस्तूरी कुमारी को 30-14 से, सान्वी शुक्ला ने हराया आन्या टेकवानी को 30-23 से, व्या लालवानी ने हराया अरना द्विवेदी को 30-11 से, आर्णवी पाठक ने हराया विशलाक्षी को 30-7 से, सान्वी कुमार ने हराया शोलोका सहगल को 30-2 से, ऐश्वर्या रस्तोगी ने हराया अम्बिका झा को 30-14 से, प्रशंसा प्रभात ने हराया काव्या दीक्षित को 30-10 से हराया।

प्रतियोगिता के दौरान शॉट खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

सुंदरम के खेल ने दिलाई द क्रिएटर्स क्लब को जीत

अमृत विचार, लखनऊ: मैन ऑफ द मैच सुंदरम त्रिपाठी की बल्लेबाजी की बदौलत द क्रिएटर्स क्लब ने प्रथम सूरज प्रसाद सचान क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में अशर्फी क्रिकेट क्लब को 140 रनों से हरा दिया।

शुक्रवार को सूर्या ग्राउंड पर पहले बल्लेबाजी करते हुए द क्रिएटर्स क्लब ने 40 ओवर में 7 विकेट खोकर 273 रन बनाये। सुंदरम ने 7 चौके और एक छक्के की सहायता से 89 रनों की पारी खेली। अशर्फी क्लब की ओर से सचिन और जुनैद अली ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में अशर्फी क्रिकेट क्लब की टीम 31.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 133 रनों के योग पर ढह गई। आरिफ रजा ने 68 रन बनाये। द क्रिएटर्स की ओर से राहुल और प्रतयूष ने 3-3 विकेट चटकाये।

सुंदरम त्रिपाठी

हिमांशु का दोहरा शतक आरईपीएल फाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ: हिमांशु सिंह के आतिशी दोहरे शतक (225 रन, 95 गेंद, 28 चौके और 14 छक्के) के दम पर आरईपीएल क्रूसेडर्स क्लब ने प्रथम डीजीआई क्रिकेट टूर्नामेंट में ध्रुव क्रिकेट अकादमी को 156 रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई। डीजीआई ग्राउंड पर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरईपीएल क्रूसेडर्स ने 35 ओवर में 5 विकेट खोकर 406 रन बनाये। हिमांशु सिंह ने आतिशी बल्लेबाजी की और 95 गेंदों में 225 रनों की पारी खेली। जवाब में ध्रुव क्रिकेट अकादमी की टीम 32 ओवर में 250 रन ही जोड़ सकी। सचिन यादव ने सबसे अधिक 66 रन बनाये। आरईपीएल की ओर से अभय द्विवेदी, सजल वर्मा और आदित्य ने 2-2 विकेट चटकाये।

हिमांशु सिंह

सार-संक्षेप

12 लाख सालाना पैकेज पर बीबीएयू की 4 छात्राओं का चयन

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विवि में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के लिए आयोजित दो दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में एमबीए-एचआर विशेषज्ञता बैच (2022-24) की चंद्र लता, नम्रता सिंह, कुमारी काजल और जिज्ञासा मिश्रा को कंपनी की ओर से 12 लाख सालाना पैकेज पर चयनित किया गया है। इन्हें पांच वर्ष के निश्चित कार्यकाल ऑफिसर (एचआर) (ई-द्वितीय ग्रेड) के पद के लिए चयनित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा ने सभी छात्राओं को बधाई दी। यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट सेल (यूपीसी) की सहायक समन्वयक डॉ. लता बाजपेयी सिंह ने कहा कि लिखित परीक्षा के बाद 13 विद्यार्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया और साक्षात्कार दौर के बाद चार छात्राओं का चयन किया गया हैं।

12 लाख का पैकेज मिलने के बाद खुशी मनातीं छात्राएं।

छात्रा को मिली 80 हजार अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप

अमृत विचार, लखनऊ : छात्रा अचलप्रीत कौर को उच्चशिक्षा के लिए अमेरिका की लिन यूनिवर्सिटी द्वारा 80,600 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप मिली है। अचलप्रीत को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा की अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल की प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कैंपस प्लेसमेंट वाले छात्रों के साथ पॉलीटेक्निक की शिक्षक।

पॉलीटेक्निक के 25 छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड की ओर से कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से जीसीआरजी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स के पॉलिटेक्निक अंतिम वर्ष के 25 छात्रों का चयन किया गया। इन छात्रों को कंपनी की ओर से गुणवत्ता, मेंटेनेंस एवं उत्पादन के पदों के लिए चुना गया है। कंपनी ने छात्रों को वार्षिक पैकेज रु. 2.3 लाख की पेशकश की है और ये सभी छात्र राजस्थान के जैसलमेर में अपनी नौकरी के लिए जाएंगे। कॉलेज के महानिदेशक प्रो. ए एन सिंह नें चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई दी।

स्कूलों के आसपास तंबाकू बेचने वालों पर कार्रवाई करें : मंडलायुक्त

अमृत विचार, लखनऊ : स्कूलों से 100 मीटर की दूरी तक तंबाकू व तंबाकू से बने उत्पादों की बिक्री करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। नशे के दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। ये निर्देश शुक्रवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने अधिकारियों को दी।

मंडलायुक्त ने तंबाकू उत्पाद और पॉलीथीन प्रतिबंधित करने के संबंध में हुई बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, मुख्य चौराहों व मार्गों किनारे लगी गुमटियों, दुकानों में झालर के रूप में प्रदर्शित करते हुए तंबाकू उत्पादों की बिक्री तत्काल बंद कराई जाए। ऐसा करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाया जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ भी अभियान चलाएं।

फिल्मों के लिए रंगमंच को सीढ़ी बनाने वालों की तस्वीर दिखाता है नाटक विषयांतर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक विषयांतर का मंचन किया। आदित्य अग्निहोत्री द्वारा लिखित और सोनी सिंह द्वारा निर्देशित इस नाटक का मंचन उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की रसमंच योजना के तहत किया गया।

नाट्य संस्था अनुभूति वेल्फेयर सोसाइटी ने शुक्रवार की शाम को नाटक विषयांतर की कथा में दिखाया गया कि कैसे नाटक का पूर्वाभ्यास किया जाता है। इस नाटक में यह दिखाया गया कि कलाकारों को नाटक की कथावस्तु और रंगमंचीय विधा से कोई लेना देना नहीं है। वह तो जल्दी से जल्दी फिल्मों में काम पाने को लालायित दिखाई देते हैं। वह जिस नाटक में काम करते हैं उसके निर्देशक की ही खिल्ली उड़ाते हैं।

नाटक में कलाकार कथानक छोड़कर अपने पिता ययति से सवाल उठाता है। नाटक में विषयांतर में निर्देशक कलाकार को पर्दे के पीछे ले जाकर धमकाता है कि कथानक के अनुसार अपनी भूमिका निभाओ और दर्शकों के कीमती समय को बर्बाद नहीं करो। नाटक में संजय त्रिपाठी, गिरिराज किशोर शर्मा, अक्षत ऋषि, ज्योति सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, सूर्यमणि त्रिपाठी, डॉ. लक्ष्मी निगम, संतोष प्रजापति और अंकित कुमार ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।

नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

डीआरएम ने सीतापुर व प्रयागराज का किया निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ: पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार ने शुक्रवार को एडीआरएम (इंफ्रा.) राजीव कुमार, एडीआरएम (परि.) विक्रम कुमार और मंडल के शाखाधिकारियों के साथ लखनऊ-मैलानी रेलखंड पर स्थित सीतापुर स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं के साथ स्टेशन यार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनी गई और उनका निदान भी किया गया। इस शांटिंग मेला में 20 लोको पायलट, 15 सहायक लोको पायलट, 06 गार्डऔर 04 स्टेशन मास्टर ने भाग लिया। वहीं, दूसरी ओर प्रयागराज के डीआरएम एसएम शर्मा ने प्रयाग जं पहुंचे। उन्होंने कुम्भ मेला आयोजन से पूर्व की जाने वाली तैयारियों एवं उचित यात्री प्रबंधन के लिए स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक अमेठी

संख्या: भ-14/2024 दिनांक: 26 जून 2024

विज्ञप्ति/टेण्डर नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि द्वारा 29-अनुरक्षण के अन्तर्गत विशेष मरम्मत के कार्य हेतु दिनांक 12.07.2024 को निविदा आमन्त्रित की गयी है। विस्तृत जानकारी पुलिस कार्यालय अमेठी में प्राप्त की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक
अमेठी

तस्वीरों में झलकी मस्जिद-ए-गदीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ईद-ए-गदीर के मौके पर छोटे इमामबाड़े में लगाई गई तीन दिवसीय गदीरी प्रदर्शनी का समापन हो गया। गदीरी प्रदर्शनी में प्रभावशाली व्याख्यान और मनमोहक चित्रकारी के जरिये तारीखे इस्लाम की उस एतिहासिक घटना पर रोशनी डाली गई जिसमें पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब ने अपने आखिरी हज से लौटते समय हजरत अली को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया।

इस प्रदर्शनी का आयोजन एनुल हयात ट्रस्ट ने शऊरे विलायत फाउंडेशन, हैदरी एजुकेशनल एवं वेल्फेयर सोसाइटी और विलायत एजुकेशनल एवं वेल्फेयर ट्रस्ट के साथ मिलकर किया था। इस प्रदर्शनी में बताया गया कि जिस स्थान पर हजरत मोहम्मद साहब ने हजरत अली को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था उस स्थान पर उन्होंने बाद में मस्जिदे गदीर का निर्माण कराया। बाद में कुछ लोगों ने उस मस्जिद को गिरवा दिया। हजरत अली के शासन काल में उस मस्जिद का फिर से निर्माण कराया। उनके बाद के शासन ने फिर से उस मस्जिद को गिरवा दिया।

प्रदर्शनी के दौरान मौलाना अली अब्बास खान, मौलाना शाहिद जमाल, मौलाना मिन्हाल, मौलाना जावेद और कारी मुस्तफा रिजवी ने अपने व्याख्यान दिए। मौलाना रज़ा हैदर, मौलाना मंजर सादिक़, मौलाना हसनैन बाक़री, मौलाना अक़ील अब्बास मारूफ़ी, मौलाना मुशाहिद आलम, मौलाना सक़लैन बाक़री, मौलाना साबिर इमरानी, मौलाना कल्बे सिब्तैन नूरी, मौलाना क़मरूल हसन, मौलाना जाबिर अली अंसारी, मौलाना दूरुल हसन उर अल मुस्तफा विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि मौलाना गुलाम रजा शाकेरी आदि मौजूद रहे।

तारीखे इस्लाम पर रोशनी डालने वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन करते अतिथिगण।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नाम	इम्प्रूवमेंट इन एक्सिस्टिंग 05 नंबर्स एल.एच.बी. ऑरिकलोग्राफ कार्स ऑफ टेस्टिंग डायरेक्टरेट।
कार्य स्थल	सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ
अनुमानित लागत	रु.1,18,75,978.94/- मात्र
निविदा प्रपत्र का मूल्य	शून्य।
बिड सिक्युरिटी	रु.2,09,400/- मात्र
कार्य पूर्ण करने की अवधि	90 दिन
निविदा जमा करने की तिथि एवं समय	दिनांक 05.07.2024 से 19.07.2024 समय 15:00 बजे तक।
प्रमाणपत्र	फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company /Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए।
खुलने का समय	निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है।
कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। / वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है	निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

निविदा सूचना सं. 2024-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू ई निविदा-16
दिनांक : 27.06.2024 1935/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आयोजन | 100 दिन पूरे होने पर सूडा भवन में हुई कार्यशाला

मील का पत्थर साबित हो रही शक्ति रसोई : डॉ. अनिल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : महिला स्वावलंबन व सशक्तिकरण की दिशा में शक्ति रसोई मील का पत्थर साबित हो रही है। पूरे प्रदेश में शक्ति रसोई को लेकर अच्छे परिणाम सामने आए हैं। यह बातें सूडा भवन में शक्ति रसोई के 100 दिन पूरे होने पर आयोजित कार्यशाला में निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने कहीं।

कार्यक्रम का प्रारंभ अपर निदेशक सूडा आनंद कुमार शुक्ला, उप निदेशक कीर्ति प्रकाश भारती, वित्त नियंत्रक संजीव गुप्ता व विभिन्न जनपदों में शक्ति रसोई का संचालन करने वाली महिलाओं संग दीप प्रज्ज्वलित कर की। अपर निदेशक सूडा आनंद कुमार शुक्ला ने कहा कि शक्ति रसोई का संचालन करने वाली महिलाओं ने इतने कम समय में अपनी क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कार्यशाला में विभिन्न जनपदों से आईं स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों ने अनुभव साझा किए। आईसीआईसीआई फाउंडेशन के प्रतिनिधि संजय सिन्हा व होटल ताजमहल के प्रतिनिधि दयानंद भी विचार व्यक्त किए।

इन्हें किया गया सम्मानित : मऊ की कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित शक्ति रसोई की अध्यक्ष आनंदी कुमार पाण्डेय, लखनऊ के सूडा भवन में संचालित शक्ति रसोई की अध्यक्ष चंदा, कानपुर नगर के स्मार्ट सिटी में संचालित शक्ति रसोई की अध्यक्ष रुचि गुप्ता, मुरादाबाद नगर निगम परिसर में संचालित शक्ति रसोई की अध्यक्ष सारिका सिंह, लखनऊ कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित शक्ति रसोई की अध्यक्ष कामिनी।

दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अपर निदेशक सूडा आनंद शुक्ला व अन्य।

क्या है शक्ति रसोई

शक्ति रसोई की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 12 मार्च 2024 को की थी। 15 जनपदों में 25 स्थानों पर इसका संचालन किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को सरकारी भवनों, कार्यालयों में कैंटीन संचालन का जिम्मा दिया गया है। विभाग की ओर से उपकरण, फर्नीचर आदि नि:शुल्क उपलब्ध कराए गए हैं। महिलाओं को समय-समय पर नामचीन शेफ द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

हिंदी में झूलेलाल अध्याय को छपवाने के लिए दे एनओसी

अमृत विचार, लखनऊ: झूलेलाल के अध्याय को हिंदी भाषा से सिंधी भाषा में अनुवादित कर उसे छपवाने के लिए एनओसी की मांग की गई है। यह मांग सिंधी समाज के प्रतिनिधि एवं कपड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह से मिलकर की। बेसिक शिक्षा मंत्री ने इस कार्य को पूरा कराने का आश्वसन दिया।

सिंधु सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम कृष्नानी के नेतृत्व में सिंधी समाज के लोग बेसिक शिक्षा मंत्री से उनके निवास पर मिले। शिक्षा मंत्री ने संबंधित अधिकारी को फोन कर तत्काल निर्देशित किया। इस दौरान पटेल दास हिरवानी, अशोक चांदवानी, दीपक लालवानी एवं सुधामाचंद चंदवानी आदि उपस्थित रहे।

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-2, ऐशबाग, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांकः 623/ई0ई0-2/एल0जे0एस0 दिनांकः 28/06/2024

अल्प कालीन निविदा-सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0 05/07/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 05/07/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-2 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Reboring of 1.50 HP submersible pump near Gopeshwer Mandir, Pandareeba, Motilal Nehru-Chandra Bhan Gupt Ward, Lko.	3300.00	Rs. 200	07 दिवस
2	Cleaning of OHT and UV method disinfection work at Gadhi Kanora OHT, Karehta OHT and B. Block OHT, Lko.	3400.00	Rs. 200	07 दिवस
3	Development, supply of P-gravel & other mechanical works for mini tubewell bored at Mankameshwar Ward at Lokmanyaganj, Motilal Nehru-Chandra Bhan Gupt Ward, Lko.	8000.00	Rs. 400	07 दिवस

निविदा प्राप्त करने की शर्त :- 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन-2
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

सार-संक्षेप

चौक क्षेत्र के जैन मंदिर में शान्ति धारा कराते जैन समाज के लोग। अमृत विचार

जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर का मोक्ष कल्याणक मनाया गया

अमृत विचार, लखनऊ : चौक स्थित नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में शुक्रवार को जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर वासुपूज्य का गर्भ कल्याणक और 13वें तीर्थंकर विमलनाथ का मोक्ष कल्याणक श्रद्धा के साथ मनाया गया। जैन धर्म के लोगों ने इस मौके पर देव शास्त्र और गुरु पूजन करने के बाद निर्वाणकांड का पाठ पढ़ा और वेदी पर मोक्ष का लड्डू चढ़ाया। पांडुशिला पर अभिषेक और मंत्रोच्चारण के साथ शांतिधारा की गई। तीर्थंकर की स्तुति के लिए 48 दीपक प्रज्ज्वलित किये गए। तीर्थंकर की स्तुति भक्ताम्बर स्रोत से हुई। अभिनन्दन जैन, राजीव जैन, अरविन्द जैन, अशोक जैन, दिलीप जैन, शैलेन्द्र जैन, रमा जैन, कुसुम जैन, सुरभि जैन, ऋतु जैन मौजूद रहे

बसंतकुंज में विस्थापितों के लिए लगाया शिविर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बसंतकुंज योजना के सेक्टर आई में अकबरनगर के विस्थापितों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दो दिवसीय शिविर लगाया है। मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में प्राधिकरण के अलावा जिला उद्योग केन्द्र, विद्युत नगरीय वितरण, जिला आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, डूडा, श्रम विभाग व लीड बैंक के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। आधार कार्ड में निवास स्थान में संशोधन कराने के लिए यूआईडीएआई की टीम भी मौजूद रही। कैम्प में लोगों ने जानकारी प्राप्त की।

दो साल में 30 बार शिकायत, नहीं सुधरा कूलिंग सिस्टम

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू की न्यू ओपीडी में एसी प्लांट खराब होने से मरीजों को गर्मी से बेहाल होना पड़ रहा है।दो साल में 30 बार शिकायत होने के बावजूद जिम्मेदार सुधार कराने में नाकाम हैं। केजीएमयू में रोजाना सात से आठ हजार मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। न्यू ओपीडी भवन चार मंजिल का है। दो सेंट्रल एसी प्लांट लगे हैं। जिसमें भूतल व प्रथम तल का सेंट्रल एसी ठीक है। लेकिन तीसरे और चौथे तल पर डॉक्टर, कर्मचारी, मरीज और तीमारदारों को गर्मी से बचाने के लिए लगा सेंट्रल ऐसी बीते करीब दो साल से खराब पड़ा है। संस्थान के प्रवक्ता डॉ. सुधीर का कहना है कि एसी प्लांट सही कराने का प्रयास किया जा रहा है।

गोसाईंगंज में दो प्लाटिंग क्षेत्र में ध्वस्त किए निर्माण

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने शुक्रवार को गोसाईंगंज में नगराम रोड और दाउद नगर में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए की जा रहीं दो प्लाटिंग के निर्माण ध्वस्त कर दिए। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि बंशीलाल पुत्र अनन्त राम गोसाईंगंज में नगराम रोड पर दाउद नगर में लगभग 4 बीघा में अवैध रूप से प्लाटिंग कर अनियोजित कालोनी विकसित करा रहा था। इसी तरह हीरा लाल व अन्य गोसाईंगंज के दाउद नगर में एक बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग करा रहा था।

बंथरा कानपुर रोड चौड़ीकरण की जद में आ रहे मकान तोड़े

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा में कानपुर रोड चौड़ीकरण की जद में आ रहे मकान – दुकान गिराने की कार्रवाई शुक्रवार को फिर हुई। तहसील प्रशासन ने कानपुर रोड किनारे स्थित कई दुकान व मकान जेसीबी से गिरवा दिए। कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण को लेकर बंथरा में कानपुर रोड चौड़ीकरण किया जाना है। इसको लेकर संबंधित विभाग द्वारा सड़क किनारे स्थित मकान और दुकान हटाने के लिए मकान मालिकों और व्यापारियों को कई बार नोटिस दी जा चुकी है। लेकिन उन्होंने अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया। जिसकी वजह से नोटिस की समय सीमा खत्म होते ही शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी।

कनेक्शन, मीटर रीचार्ज के लिए चक्कर लगा रहे उपभोक्ता

कागजों में कमी और स्टाक में मीटर न होने की बात कहकर टरकाया जा रहा, लोग हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: नया बिजली कनेक्शन लेने से लेकर गलत बिल ठीक कराने के लिए उपभोक्ताओं को उपकेंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। मीटर रिचार्ज करने के लिए कर्मचारी भी नहीं मिलते है और स्ट्रॉक में प्रीपेड़ मीटर भी नहीं हैं। आवेदन के बाद तीन,सात और पंद्रह दिन में कनेक्शन देने का नियम है, लेकिन कागजी कार्रवाई के नाम पर आवेदक को महीनों टरकाया जाता है। मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती सुनील कपूर ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं को कनेक्शन लेने,प्रीपेड मीटर से सबंधित समस्या है। वह अफसरों से शिकायत करें। कुछ जगह स्टाक में मीटर की कमी है। प्रयास किए जा रहे हैं।

बीकेटी के शाढ़ामऊ उपकेंद्र पर कनेक्शन के लिए भटकते लोग। अमृत विचार

सरोजनीनगर को बिजनौर उपकेंद्र पर पसरा रहा सन्नाटा। अमृत विचार

समय -शाम 4-:30 बजे

स्थान -बीकेटी शाढ़ामऊ उपकेंद्र

ट्रांसगोमती के शाढ़ामऊ उपकेंद्र पर मौजूद बीकेटी के देवरई शाढ़ामऊ निवासी योगेंद्र प्रताप सिंह और विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि छः महीने से कनेक्शन के लिए उपकेंद्र का चक्कर लगा रहे हैं। दो बार ऑनलाइन आवेदन किया, अधिकारी कागजों में कमी बताकर टरका देते हैं। बीकेटी के देवराई गांव के राधेलाल ने बताया कि हमारे यहां प्रीपेड मीटर लगा है। उसको रिचार्ज कराने के बाद भी घर में अंधेरा है। समाधान के लिए उपकेंद्र के चक्कर लगा रहे है।

समय -दोपहर 2:25 **स्थान : सरोजनीनगर का बिजनौर उपकेंद्र**

गौरी हीरालाल निवासी लल्लन कुमार ने बताया कि आठ दिनों से दो किलोवॉट के कनेक्शन के लिए उपकेंद्र का चक्कर लगा रहे है। जेई मीटर स्टॉक में न होने की बात कहकर टरका रहे हैं। कागजों की चेकिंग और सर्वे रिपोर्ट न लगी होने का हवाला भी दिया जा रहा है।

समय -दोपहर 3:15 बजे **स्थान : जीवीआरए उपकेंद्र**

व्यापारी जानकीपुरम विस्तार आनन्द रस्तोगी ने बताया कि उनके यहां स्मार्ट मीटर लगा है। जिसका संयोजन संख्या 3215860565 है। रिचार्ज कराने के बाद भी बिजली नही आ रही है। समस्या के निदान के लिए उपकेंद्र पर आए तो पता चला कि अधिकारी मौजूद नही है। डिवीजन कार्यालय मे जाकर जानकारी करने के लिए कहा जा रहा है।

कार्यालय सेनानायक 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर

पत्रांकः भ–200/2024 दिनांकः 26 जून 2024

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 27वीं वाहिनी पीएसी, सीतापुर में पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या–तीन–730/2024 /694 दिनांक 13.05.2024 के द्वारा वर्ष–2024–25 में मानक मद–29 अनुरक्षण के अन्तर्गत आवंटित अनुदान रू0 20 लाख के सापेक्ष जवानों के कल्याण एवं सुख–सुविधा हेतु आवासीय/अनावासीय कार्य कराये जाने के निर्देश निर्गत किये गये है। फलस्वरूप कराये जाने वाले कार्यो हेतु आवंटित अनुदान के सापेक्ष कार्य कराये जाने हेतु निविदा दिनांकः 04/07/2024 को आमंत्रित की जाती है, जो तद्दिनांक को ही अद्योहस्ताक्षरी द्वारा प्राधिकृत किये गये अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। इच्छुक ठेकेदार किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांयकाल 05.00 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर शर्तो को व निविदा फार्म प्राप्त कर सकते है।

सेनानायक
27वीं वाहिनी पीएसी
सीतापुर

ब्रेकडाउन से 5 घंटे तक गुल रही निगोहां के कई गांवों की बिजली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार, निगोहां: सब स्टेशन की 33 हजार लाइन के ब्रेकडाउन होने से शुक्रवार को कई गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इसके चलते करीब 50 हजार की आबादी को पांच घंटे से ज्यादा बिजली संकट का सामना करना पड़ा।

स्थानीय निवासियों के अनुसार दोपहर 12 बजे क्षेत्र की बिजली सप्लाई बाधित हो गई। इस दौरान लोगों ने कर्मचारियों और अधिकारियों को कई बार फोन किए, लेकिन किसी ने भी कोई जानकारी नहीं दी। इस बीच कई लोगों ने सोशल मीडिया के जरिए अधिकारियों से सप्लाई के सामान्य होने की जानकारी जुटाते रहे। इस बाबत अवर अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि सप्लाई के बाधित होने के बाद कर्मचारियों के साथ निगोहां से बछरावां तक पेट्रोलिंग कराई गई। जहां 33 केवी लाइन में इंसुलेटर पंचर होने से हाईटेंशन लाइन का तार उतरा मिला। इसके कारण हाईटेंशन लाइन में फॉल्ट मिली। पंचर इंसुलेटर को बदलकर लाइन की मेगरिंग कराई गई। शाम 5 बजे सप्लाई को बहाल किया जा सका।

कई इलाकों में आज बाधित रहेगी बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के विकासनगर,अहिबरनपुर डालीगंज और दाउद नगर सहित कई क्षेत्रों में आरडीएसएस योजना के तहत कार्य किये जाने के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे करीब 50 हजार की आबादी को आज बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। विकासनगर के साई मंदिर की एलटी सप्लाई के खराब कंडक्टर को बदलकर नया एबी केबल के लगाने का काम किया जायेगा। इसके चलते साई मंदिर, कमला नेहरू नगर और उसके आसपास के क्षेत्र की बिजली सप्लाई सुबह 10 से 5 बजे तक बाधित रहेगी। वहीं दाउद नगर उपकेंद्र से पोषित 11केवी ककोली और दुर्गा मंदिर पर नई एबीसी सर्किट खीचने के कारण बड़ा खोदन सहित आसपास के इलाके मे आपूर्ति सुबह 10 से 4 बजे तक ठप रहेगी। वहीं, अहिबरनपुर डालीगंज के पक्का पुल फीडर के अंतर्गत मशालची टोला मे 400 केवीए और गुलजार शाह मजार पर कार्य किया जायेगा।

मुख्य अभियंता ने लिया मीटरों का ब्योरा

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता ने शुक्रवार को जीएसआई कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने मानसून में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए किए जा रहे इंतजाम की जानकारी ली। मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि बिलों के बकाये से लेकर प्रीपेड मीटरों के स्टॉक के बारे मे ब्योरा लिया। इसके साथ ही नये कनेक्शन को देते समय विभाग की ओर से जारी निर्देशों को कड़ाई से पालन करने की बात कही। बिजली चोरी रोकने के लिए क्षेत्र में अभियान चलाने के लिए कहा है।

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-1. जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ

पत्रांक 459/EE-1/नि0 दिनांक 28.06.24

अति अल्प कालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 5/7/2024 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन–1 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदाये दिनांक 5/7/2024 तक अधिशासी अभियन्ता जोन–1 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 5/7/2024 को उपस्थित निवदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन–1 के कार्यालय में खोली जायेगी।
जलकल विभाग जोन–1 के अन्तर्गत लालबाग स्थित जोनल आफिस कम्प्यूटर केविन, एकाउन्ट कक्ष केबिन राजस्व वसूली कक्ष व अधिष्ठान हेतु एल्यूमिनियम पार्टीशन कार्य हेतु धरोहर धनराशि रू0 6000/– निविदा मूल्य रू0 300/–

अधिशासी अभियन्ता जोन–1
जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ

कांख चीरते कंधे से निकली सरिया, डॉक्टरों ने बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में चिकित्सकों ने युवक के कांख को चीरते हुए कंधे से निकली सरिया को जटिल ऑपरेशन कर बाहर निकालने में सफलता पाई है। युवक अब पूरी तरह से स्वस्थ है।

उन्नाव निवासी रामकिशोर (37) बीते 25 जून को ऊंचाई से लोहे की सरिया पर गिर गए थे। सरिया बाएं कांख को चीरते हुए कंधे से बाहर निकल गई थी। खून अधिक बह जाने के कारण मरीज की हालत और गंभीर हो गई थी। ट्रॉमा सर्जरी विभाग के डॉ. समीर मिश्र के निर्देशन में इलाज शुरू हुआ। डॉ. समीर ने बताया कि मरीज को एनस्थीसिया देना कठिन था। क्योंकि सरिया लगने से मरीज को लिटाना मुश्किल था। लंबी जद्दोजहद के बाद बेहोशी देकर ऑपरेशन किया गया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद सरिया निकालने में सफलता मिली। ऑपरेशन के बाद मरीज की तबीयत ठीक है। घाव की मुख्य रूप से सक्शन ड्रेन से मरम्मत की गई थी। ऑपरेशन करने में डॉ. समीर मिश्रा, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ. आकांक्षा, डॉ. अंजना, डॉ. अमन और डॉ. विशाल व एनस्थीसिया टीम में डॉ. सरिता, डॉ. दीपाली, डॉ. अंजलि समेत अन्य डॉक्टर पैरामेडिकल स्टाफ ने सहयोग किया।

ऑपरेशन के बाद मरीज।

तीसरी लाइन निर्माण के चलते कई ट्रेनें प्रभावित

अमृत विचार, लखनऊ: गोंडा-बुढ़वल तीसरी लाइन निर्माण के परिप्रेक्ष्य में गोंडा कचहरी-मैजापुर-करनैलगंज स्टेशनों के प्री नॉन इंटरलॉकिंग, नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को निरस्त किया गया है।

1 से 04 जुलाई तक अयोध्या और मनकापुर के बीच चलने वाली मेमू(04241/42, 04259/60, 04257/58) और 01 से 03 जुलाई तक प्रयागराज संगम.-मनकापुर एक्सप्रेस(14233), 02 से 04 जुलाई तक मनकापुर-प्रयागराज संगम (14233) एक्सप्रेस और 5 जुलाई को गोमतीनगर-नकहा जंगल एक्सप्रेस (15082)निरस्त रहेगी। वहीं 1 से 4 जुलाई, तक चलने वाली ट्रेन नंबर 05425 भटनी-अयोध्या धाम जं. मेमू तथा 05426 अयोध्या धाम जं.-भटनी मेमू ट्रेनें अयोध्या धाम जं.-मनकापुर के मध्य निरस्त रहेगी।

गैर समुदाय के युवक पर शव का अंतिम संस्कार करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रसव के बाद हालत बिगड़ने पर हुई महिला की मौत
- पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

अमृत विचार: मोहनलालगंज निवासी पीड़ित ने गैर समुदाय के युवक पर उसकी भाभी को बहकाकर उसकी नाबालिग भतीजी को साथ ले जाने का आरोप लगाया है। डिलीवरी के दौरान भतीजी की मौत होने पर चुपके से अंतिम संस्कार करने का भी आरोप लगाया है।

एसीपी राधारमण को पीड़ित ने प्रार्थना-पत्र दिया है। बताया 2 साल पहले उसके भाई की मौत हो गई थी। भाभी अपने बच्चों के साथ अलग रहतीं थी। उसके घर में मुस्लिम युवक मुर्तजा का आना-जाना था। मुर्तजा भाभी को झांसे में लेकर भतीजी को अपने साथ ले गया था। गर्भवती होने पर उसने भतीजी को 18 जून को निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां हालत बिगड़ने पर सरकारी महिला अस्पताल ले जाते समय सोमवार को मौत हो गयी थी। आरोपी भतीजी का शव घर नहीं लाया। आरोप है कि मुर्तजा ने उसकी भाभी के साथ मिलकर शव बाहर ही अन्तिम संस्कार कर दिया। एसीपी ने कहा शिकायत मिली है।

जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मुर्तजा अली ने पत्नी का नाम सानिया बताया था। महिला ने बेटी को जन्म भी दिया था। बाद में तबीयत बिगड़ने पर किसी दूसरे अस्पताल ले गये थे।

कार्यालय नगर पंचायत देवा, बाराबंकी

पत्रांक– 1456/न0प0देवा/2024–25 दिनांक– 28/06/2024

सार्वजनिक सूचना

नगर पंचायत देवा जनपद बाराबंकी सीमान्तर्गत संचालित समस्त होटल/मैरेजहाल / रेस्टोरेन्ट / सब्जीमंडी/कोल्हू (करेशर) के संचालको को सूचित किया जाता है कि अपने होटल/मेरिज हॉल/रेस्टोरेंट, सब्जीमंडी व कोल्हू (करेशर) से 50 किलोग्राम या या इससे अधिक गीला कूड़ा प्रतिदिन उत्पादित करते है तो उन्हें बल्क वेस्ट जनरेटर (BWG) या थोक अपशिष्ट जनरेटर माना जायेगा। ऐसे सभी बल्क वेस्ट जनरेटर गीले कूड़े का निस्तारण अपने परिसर में ही कम्पोस्टिंग के माध्यम से तथा सूखे कूड़े का नगर पंचायत देवा जनपद बाराबंकी के कूड़ा गाड़ी को देना सुनिश्चित करेंगे। जिन होटल/मेरिज हॉल / रेस्टोरेन्ट / सब्जीमंडी व कोल्हू (करेशर) संचालकों द्वारा गीले व सूखे कूड़ों का निस्तारण नहीं किया जाता है, उन्हें नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन 2016 व राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण (NGT) के इन्वायरमेंटल कम्पनसेश न अधिनियम की धारा 15 एवं 17 के अन्तर्गत जुमार्ना अधिरोपित करते हुए विधिक कार्यवाही की जायेगी।

(श्रीमती मोहिनी केसरवानी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत देवा बाराबंकी

(मो0 हारून)
अध्यक्ष नगर पंचायत देवा
बाराबंकी

सख्ती 75 प्रतिशत उपस्थिति पर ही होगी प्रतिपूर्ति

छात्रवृत्ति के लिए आधार से जुड़ी बायोमीट्रिक उपस्थिति अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचारः प्रदेश के ओबीसी वर्ग के कक्षा 10 से ऊपर की कक्षाओं व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं को अब छात्रवृत्ति उनकी आधार से जुड़ी बायोमीट्रिक उपस्थिति और चेहरे की पहचान (फेशियल आथेंटिकेशन) के जरिये मिलेगी। जिन छात्र-छात्राओं की उपस्थति 75 प्रतिशत या उससे अधिक होगी, उन्हें ही छात्रवृत्ति व फीस भरपाई का लाभ मिल सकेगा।

पहले चरण में चालू वित्तीय वर्ष में शैक्षणिक संस्थाओं में संचालित कक्षा दस से ऊपर की छात्रवृत्ति योजना के तहत समूह-एक के पाठ्यक्रमों (शासकीय, गैर-शासकीय एवं शासकीय सहायता प्राप्त समस्त शिक्षण संस्थाओं) में यह व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 से यह व्यवस्था कक्षा दस से नीचे और कक्षा 10 से ऊपर की कक्षाओं व पाठ्यक्रमों में छात्रवृत्ति, फीस भरपाई योजना से संबंधित सभी शैक्षणिक संस्थाओं में लागू की जाएगी।

समूह एक के पाठ्यक्रमों में ये विषय

समूह–एक के पाठ्यक्रमों में बीएएमएस, बीआर्क, बीबीए एवं एमबीए एकीकृत (बीबीए एमबीए एकीकृत), बीडीएस., बीएफएडी, बीफार्मा., बीटेक (इंटीग्रेटेड), बीटेक, बीई, बीटेक एमटेक इंटीग्रेटेड, डॉक्टर ऑफ फार्मेसी, एलएलएम, एलएलएम कोर्स इन ह्यूमन राइट्स एंड ड्यूटीज एजुकेशन, एलएलएम एक वर्ष, एमटेक, एमबीए, एमबीबीएस, एमडीएस, एमआईबी, एमपीटी, एमफार्मा, एमएस, मास्टर ऑफ फार्मेसी (फार्माकोलॉजी), मास्टर ऑफ फार्मेसी (फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री), मास्टर ऑफ फार्मेसी (फार्मास्युटिक्स), एमबीए (इंटीग्रेटेड), एमसीए, एमडी आयुर्वेद, एमएस आयुर्वेद तथा पीएचडी शामिल है।

गड़बड़ी का नहीं बचेगा विकल्प

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि छात्रवृत्ति के लिए आधार बेस्ड बायोमीट्रिक प्रणाली लागू होने से पारदर्शिता और दक्षता में वृद्धि होगी। किसी भी गड़बड़ी का भी विकल्प नहीं बचेगा। उन्होंने बताया कि छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत या उससे अधिक होने पर ही छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति की सुविधा अनुमन्य होगी। उपस्थिति प्रमाणित करने और इस पर होने वाले सभी व्यय का वहन संबंधित शैक्षणिक संस्थानों द्वारा किया जाएगा। शैक्षणिक संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि वे छात्रों की उपस्थिति आधार बेस्ड बायोमैट्रिक, फेशियल ऑथेंटिकेशन सिस्टम के माध्यम से निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी छात्र प्रक्रियात्मक कारणों से छात्रवृत्ति से वंचित न रहे।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा नोटिस

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत, अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या **138-Dy.CEE-C-LKO-2024-25 IREPS** की वेबसाइट यानी **http://www.ireps.gov.in.** पर समापन तिथि **14.08.2024** समय (11.30Hrs.) दो पैकट प्रणाली के तहत 'ई-टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

NIT. संख्या	**138-Dy.CEE-C-LKO-2024-25** दिनांक: 28.06.2024
निविदा संख्या	**138-Dy.CEE-C-LKO-2024-25**
कार्य का नाम : "उत्तर रेलवे के नई दिल्ली-पलवल और कानपुर-लखनऊ खंड में गति को 160 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने के लिए 2x25 केवी एटी फीडिंग सिस्टम के लिए संबंधित स्विचिंग पोस्ट के साथ ट्रैक्शन सब स्टेशनों के डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग " के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राधिकरण अभियंता की नियुक्ति।	
निविदा प्रपत्र लागत	कुछ नहीं।
लगभग निविदा मूल्य	रु. 95,53,908 (पंचानवे लाख तिरेपन हजार नौ सौ आठ रुपये मात्र)
बिड सुरक्षा/अग्रिम राशि (EMD)	रु. 1,91,100/-(एक लाख इक्यानबे हजार एक सौ रुपये मात्र)
समापन की अवधि	12 (बारह) माह
ऑफर की वैधता	120 दिन
IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक ।	28.06.2024
प्री-बिड कॉन्फ्रेंस विवरण, दिनांक और समय	12.07.2024 को 13:00 बजे वीसी के माध्यम से, शुद्धिपत्र के माध्यम से प्री-बिड कॉन्फ्रेंस से दो दिन पहले आईआरईपीएस वेबसाइट पर लिंक अपलोड किया जाएगा।
प्रश्न प्राप्त करने की अंतिम तिथि	13.07.2024 मेल आईडी **dyceemb@gmail.com** पर ईमेल के माध्यम से लिखित रूप में
जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन / परिशिष्ट / संशोधित तिथि नोट कर सकता है।	31.07.2024 (11:30 Hrs.)
निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय	14.08.2024 (11.30 Hrs.)
पात्रता मापदंड	निविदा दस्तावेज के अनुसार।

ध्यान दे: 1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय **IREPS** वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। **2.** सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेगें। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्ट टेंडर पत्राचार तकनीकी ओर वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू-मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा"। टेंडर नोटिस **www.ireps.gov.in** की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

No.138-Dy.CEE-C-LKO-2024-25 दिनांक: 28.06.2024 1971/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर (सीतापुर)

पत्रांकः 25/न0पा0परि0लहरपुर/2024–25 दिनांक – 24.06.2024

ई–टेण्डिरिंग–निविदा सूचना

समस्त सेवाप्रदाता फर्म/कम्पनियों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद लहरपुर सीतापुर क्षेत्रान्तर्गत सालिड वेस्ट मेनेजमेन्ट जैसे डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण, परिवहन एवं सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट एक्ट 2016 के अन्तर्गत पूर्णतः निस्तारण कार्य हेतु उबल बिंड तकनीकी एवं वित्तीय बिड (Technical and Financial Bid) आधारित निविदाये दिनांक 24–06–2024 से दिनांक 15–07–2024 अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जायेगी। जो दिनांक 16–7–2024 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। निविदा शुल्क एवं जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से नगर पालिका परिषद लहरपुर के भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या 38686316966 IFSC-CODE SBIN0008314 में जमा कर रशीद संलग्न करना टेण्डर के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी नगर पालिका परिषद लहरपुर से तथा वेबसाइट http//etender.up.nic.in से देखी जा सकती है किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर में निहित होगा। निविदा खोले जाने वाली दिनांक को सार्वजनिक अवकाश अथवा विषम परिस्थिति उत्पन्न होने की दशा में निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	आगणन धनराशि	कार्य की अवधि	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र मूल्य (जीएसटी)
1	नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर क्षेत्रान्तर्गत सालिड वेस्ट मेनेजमेन्ट के अन्तर्गत पूर्वी क्षेत्र के 14 वार्डो में स्थित समस्त भवनों (डोर टू डोर) से कूड़ा संग्रहण कर डम्पिंग ग्राउण्ड तक पहुंचाने का कार्य।	1722828.00	कार्यादेश की तिथि से 31 मार्च 2025 तक	10 प्रतिशत रू (172282)	5000.00
2	नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर क्षेत्रान्तर्गत पूर्वी क्षेत्र के 14 बार्डो में सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था। (डिवाइडर रोड, मस्जिद, नाला, सडक मलबा निस्तारण आदि)				

अनरूद्ध कुमार
अधिशासी अधिकारी
नगर पलिका परिषद
लहरपुर, सीतापुर

जावेद अहमद
अध्यक्ष
नगर पलिका परिषद
लहरपुर, सीतापुर

एक नजर

खेत में बाड़बंदी से उतरा करंट, किसान की मौत

अयोध्या, अमृत विचार : थाने के शाहगंज चौकी क्षेत्र स्थित चंदीपुर नगहरा निवासी किसान मिश्रीलाल चौहान (60) सुबह अपने खेत में जानवरों के लिए घास काटने गया था। उसके पड़ोस के खेत के मालिक तिलकराम चौहान ने खेत की सुरक्षा के लिए झटका मशीन के माध्यम से बाड़बंदी कर रखी है। इसी बाड़बंदी में उसकी कनपटी टकरा गई और करंट की चपेट में आकर बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि बाड़बंदी में सीधे करंट की सप्लाई के चलते मौत हुई।

करंट की चपेट में आने से किशोरी की मौत

सूरतगंज, बाराबकी, अमृत विचार : करंट की चपेट में आने से एक किशोरी की मौत हो गई। मोहम्मदपुर खाला थाना के ऐनुद्दीनपुर निवासी मनोज वर्मा फतेहपुर तहसील में अमीन हैं। शुक्रवार को वह किसी कार्य से जिला मुख्यालय गए थे। घर में 20 वर्षीय बेटा शिवम व 18 वर्षीय बेटी अंशिका थी। करीब तीन बजे बेटा शिवम बाहर था। इसी बीच चिल्लाने की आवाज आई, तो वह घर पहुंचा देखा कि अंशिका पंखे में चिपकी थी। उसने किसी तरह उसे छुड़ाया और सीएचसी पहुंचाया। यहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में अंशिका की मौत हो गई।

बेटे को करंट से बचाया पर खुद चिपक गया पिता, मौत

कानपुर, अमृत विचार। पनकी थानाक्षेत्र में पनकी पावर हाउस में काम करने वाला अस्थाई कर्मचारी 37 वर्षीय पप्पू मुनि झोपड़ी बनाकर परिवार के साथ रहता था। पत्नी नीता ने बताया कि गुरुवार को झोपड़ी के अंदर झूल रहे तार पर बेटे सूरज का हाथ पड़ गया। शोर सुनकर पप्पू मुनि भागा और तार बेटे के हाथ से छुड़वाया। लेकिन खुद चिपककर बेहोश हो गया। आस पड़ोस के लोगों की मदद से उसे पनकी के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

अवैध संबंध के शक में बहन को कुल्हाड़ी से काट डाला

आरोपी भाई ने खुद थाने जाकर पुलिस को दी सूचना, गिरफ्तार

संवाददाता, सफदरगंज/बाराबंकी

▸▸ करीब ढाई महीने से मायके में ही रह रही थी महिला

अमृत विचार : स्थानीय कस्बे के नई बस्ती में अवैध संबंध के शक में शुक्रवार की भोर में भाई ने सोते समय बहन की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद थाने जाकर घटना की सूचना दी। पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

सफदरगंज थाना व कस्बा के मोहल्ला नई बस्ती में रहने वाले मोहम्मद उस्मान (50) पुत्र इस्लाम ने शुक्रवार भोर में करीब ढाई महीने से मायके में रह रही अपनी विवाहिता बहन जमीला बानो (30) की अवैध संबंध के शक में कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। सुबह सोकर उठी मां जोहरा ने जब कमरे में जमीला का खून से लथपथ शव देखा तो रोने लगी। जानकारी पाकर मौके पर लोग इकट्ठा हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाई ने खुद थाने जाकर घटना के बारे में पुलिस को सूचना दी। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच की। बताते चलें कि जमीला बानो का विवाह करीब ढाई वर्ष पूर्व मसौली थाना अंतर्गत त्रिलोकपुर के मो. आसिफ से हुआ था। करीब ढाई महीने से वह मायके में ही रह रही थी। दो दिन पहले उसका पति आसिफ उसे लेने भी आया था, लेकिन वह साथ नहीं गई थी। भाई मोहम्मद उस्मान को शक था कि बहन का किसी से प्रेम प्रसंग चल रहा है।

फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव

बाराबंकी, अमृत विचार : देवा क्षेत्र के एक गांव में घर के अंदर से बदबू आने पर प्रधान पति ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो एक अधेड़ का फंदे से लटकता शव दिखा।

देवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसुंभा निवासी कुलवंत कुमार के घर का दरवाजा अंदर से बंद था। शुक्रवार की शाम करीब 6बजे घर से बदबू आने पर प्रधान प्रतिनिधि संत कुमार ने पुलिस को सूचना दी। सीओ नगर जगत कनौजिया और देवा पुलिस मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़ कर देखा तो कुलवंत का शव फंदे से लटका था। प्रभारी कोतवाल मुस्तकीम अहमद ने बताया कि कुलवंत की पत्नी करीब तीन वर्षों से मायके में रह रही है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या किया जाना प्रतीत हो रहा है।

सड़क हादसे में चाचा व दो भतीजों की मौत

संवाददाता, खमरिया/लखीमपुर खीरी

कमलेश

महेश

लल्लू

▸▸ हाईवे पर पिकअप और ट्रक में हो गई टक्कर
▸▸ केला लेकर लखनऊ जा रही थी पिकअप

अमृत विचार: थाना खमरिया क्षेत्र में गुरुवार की देर रात पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर पिकअप और ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप सवार चाचा और उसके दो भतीजों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसका लखनऊ ट्रामा सेंटर में उपचार चल रहा है। चारों पिकअप में केला भरकर बिक्री करने लखनऊ जा रहे थे। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लिया है।

हादसा गुरुवार की रात करीब नौ बजे हुआ। थाना ईसानगर के गांव अदलिशपुर मजरा मुराउनपुरवा निवासी कमलेश और उनका परिवार केले की खेती करता है। गुरुवार की शाम कमलेश अपनी खुद की पिकअप में केला भरकर उसे बेचने के लिए लखनऊ जा रहे थे। पिकअप उनका भतीजा लल्लू चला रहा था। पिकअप में भतीजा महेश व रिंकू भी सवार थे। थाना खमरिया क्षेत्र में पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर लखीमपुर की तरफ से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक संख्या यूपी 21 सीटी 7385 ने पिकअप में टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप चला रहे लल्लू (20) की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना खमरिया पुलिस ने पिकअप में फंसे कमलेश (40), रिंकू (30), उसके भाई सुरेश को किसी तरह से राहगीरों की मदद से बाहर निकाला और सीएचसी भेजा, जहां से हालत गंभीर होने पर तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान कमलेश ने दम तोड़ दिया। हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने रिंकू और महेश को लखनऊ रेफर किया। परिजन दोनों को लेकर लखनऊ जा रहे थे। रास्ते में महेश ने दम तोड़ दिया। रिंकू की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका उपचार चल रहा है।

अयोध्या : गला रेत कर युवती की हत्या

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : हाईवे किनारे कैंट थाना क्षेत्र के कोटसराय गांव में एक युवती की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पड़ोस की एक लड़की शुक्रवार की सुबह लगभग दस बजे सिलाई के लिए दिया हुआ कपड़ा लेने युवती के घर गई तो वारदात की जानकारी हुई। आईजी, एसएसपी के साथ एफएसएल की टीम ने मौका-मुआयना किया। प्रकरण में मृतका के छोटे जीजा ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पूजा यादव (22) पुत्री स्व. अनिल यादव यहां अकेली रहती थी और उसका परिवार मूल रूप से रौनाही थाना क्षेत्र के गांव तहसीनपुर का निवासी था, जो कई वर्षों पूर्व अपने ससुराल में आकर बस गया था। पिता अनिल यादव की एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी जबकि मां खुट्टन जलकर मर गई थीं। युवती पूजा पहले औद्योगिक क्षेत्र के बगल स्थित एक एग्रो फूड्स कंपनी में काम करती थी और इधर घर पर ही सिलाई कर अपना भरण पोषण कर रही थी।

मकान मालिक पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर छात्र ने दी जान

जैदपुर, बाराबंकी

▸▸ कमरे में मिला सुसाइड नोट, सीतापुर का रहने वाला था, आरोपी हिरासत में

अमृत विचार : किराए के मकान पर रह रहे पॉलिटेक्निक के छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह केमिकल इंजीनियरिंग का डिप्लोमा कर रहा था। कमरे में मिले सुसाइड नोट के मुताबिक वह मकान मालिक से विवाद होने के चलते परेशान था। छात्र ने आत्महत्या से पहले व्हाट्सएप पर स्टेटस भी लगाया, जिसमें उसने मकान मालिक पर गंभीर आरोप लगाये। उसमें उसने लिखा कि मकान मालिक की टेंशन की वजह से वह पढ़ाई भी नहीं कर पा रहा है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर जांच कर रही है।

जयदीप वर्मा

जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरैया चौराहे पर स्थित लक्ष्मी नारायण के मकान में सीतापुर के ग्राम गोपालपुर पोस्ट मिनिमिया का निवासी जयदीप वर्मा (18) पुत्र सुरेश प्रकाश किराये पर रहता था। वह राजकीय पॉलिटेक्निक जुगुनिया डीह में केमिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के फर्स्ट ईयर का छात्र था। शुक्रवार की सुबह उसका शव कमरे में संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटकता मिला। कमरे में एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें जयदीप ने मकान मालिक लक्ष्मी नारायण पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। परिजनों के मुताबिक जयदीप ने आत्महत्या से पहले व्हाट्सएप पर स्टेटस भी लगाया, जिसमें उसने मकान मालिक पर गंभीर आरोप लगाये थे।

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-2, ऐशबाग, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांकः 625/ई0ई0–2/एल0जे0एस0 दिनांकः 28/06/2024

अल्प कालीन निविदा–सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0 05/07/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 05/07/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन–2 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Complete reparing/overhauling of 530 KW (710 HP) vertical pump bowl assembly plate, head shaft, spider bush etc. for Gaughat Raw Water Pumping Station, Pump Set No-3, Lko	8800.00	Rs. 500	07 दिवस
2	Repairing & Overhauling of 300 H.P. Vertical Pump of Balaganj Intek at Gaughat Raw Water Pumping Station, Set No-1, Lko	8700.00	Rs. 500	07 दिवस
3	Leakage repairing of 600 mm dia pipe line at Raja Bazar Ward, Opp. Shia Girls College Opp. Nazim Sahab ka Imambada, Victoriya Road, Lko.	2600.00	Rs. 200	07 दिवस

निविदा प्राप्त करने की शर्त :– 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन–2
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

घाट पर पुरोहितों के लिए बन रहे पूजन स्थल

अयोध्या कार्यालय

▸▸ सरयू घाट के 16 स्थानों पर बनेंगे छतरी नुमा चैंबर

अमृत विचार : सरयू के घाटों पर बैठने वाले पुरोहितों के लिए चैंबर बनेंगे और श्रद्धालुओं के पूजन अर्चन के लिए स्थान निर्धारित कर उसे भव्यता दी जाएगी। प्रदेश सरकार के द्वारा सरयू के घाटों को भी सजाया और संवारा जा रहा है।

संत तुलसीदास घाट से लेकर राजघाट तक लगभग 2 किलोमीटर लंबे घाट पर यात्रियों के बैठने और कपड़े बदलने सहित तमाम सुविधाओं को तैयार किया जा रहा है। वहीं सरयू के घाट पर गौदान, पूजन, अर्चन के लिए पुरोहितों को भी मुख्य स्थान दिया जाएगा। हर 50 मीटर पर मंदिर की तर्ज पर चेंबर जैसे स्थान बनाए जा रहे हैं।

सरयू घाट पर बनाए जा रहे पूजन स्थल।

लगभग 16 स्थान पर छतरियां बनाई जाएगी। जिसके लिए यूपीपीसीएल की ओर से सरयू के घाटों पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मेयर गिरीशपति त्रिपाठी ने बताया कि संत तुलसीदास घाट से लेकर राजघाट तक विभिन्न स्थानों पर प्रदेश सरकार घाटों का निर्माण कर रही है। जहां पर तीर्थ पुरोहित के बैठने के लिए स्थान चिह्नित कर उनकी चौकियों को स्थापित किया जाएगा।

घाटों पर गोदान के लिए गैलेक्सी व्यवस्था बनाई जाएगी। इसके साथ ही घाटों को धार्मिक वातावरण के रूप में तैयार करने के लिए रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर चित्रण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आरती घाट को और व्यवस्थित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घाट को कुछ इस प्रकार से तैयार किया जा रहा है कि आने वाली पर्यटकों को अच्छा वातावरण मिले।

रामलला की पूजन प्रक्रिया में शामिल होंगे 20 प्रशिक्षित पुजारी

अयोध्या कार्यालय

▸▸ एक जुलाई से पूजन पद्धति में होंगे शामिल

अमृत विचार : श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की धार्मिक समिति के द्वारा पुजारी प्रशिक्षण में 20 पुजारियों के प्रशिक्षण की अवधि पूरा होने के बाद अब इन्हें रामलला की पूजन पद्धति में शामिल करने की तैयारी की जा रही है। एक जुलाई से सभी पुजारी अलग-अलग शिफ्ट में वर्तमान पुजारी के साथ शामिल होकर परंपरा का निर्वाह करेंगे। जिसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने प्रशिक्षित पुजारियों को स्थाई पास भी जारी कर दिया है।

भगवान श्रीरामलला के मंदिर के साथ-साथ परकोटे में 6, और राम जन्मभूमि परिसर स्थित शेषावतार मंदिर के साथ-साथ अन्य मंदिरों का भी निर्माण किया जा रहा है। जिसमें देवी-देवताओं को भी विराजमान कराया जाएगा और उनके पूजन अर्चन के लिए भी पुजारी की नियुक्ति होगी। जिसको लेकर ट्रस्ट ने पुजारी प्रशिक्षण के लिए आवेदन निकला गया था। जिसमें 200 से बटुकों ने शामिल होने के लिए आवेदन किया था। जिसमें सिर्फ 20 बटुक ही निर्धारित मापदंड में खरे उतरे और उन्हें विशेष आचार्यों और रामानंद संप्रदाय से जुड़े संतों के बीच 6 माह प्रशिक्षण दिया गया।

वर्ग पहेली-115

बाएं से दाएं

4. विचारधारा; विचारसरणी; सोचने का ढंग।

6. 1. संपूर्ण गणना करना 2. किसी विशेष उद्देश्य से किसी स्थान पर स्थित वस्तुओं की गणना 3. विधि तथा निषेधशास्त्र का विशेष रूप से कथन।

7. 1. किसी वस्तु को बाँटना या वितरण करना 2. अंश या भाग लगाना; विभक्त करना।

ऊपर से नीचे

1. दुबला–पतला; छरहरा।

2. प्राय: झुंड में रहने वाला तथा लोमड़ी से मिलता–जुलता एक जानवर।

3. संभोग; मैथुन; रतिक्रीड़ा।

5. गोलियों के चलने की आवाज़।

6. बेसन



वर्ग पहेली -114 का हल

1 मा	नो		2 पि			
सां			छ			
त			ड़ा		3 चु	
	4 सें		5 प	नौ	टी	
6 गं	ध	ही	न		ला	
	मा					
	री		7 छु	त	हा	

कुशाग्र केस में आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

कुशाग्र हत्याकांड

अमृत विचार। रायपुरवा थानाक्षेत्र निवासी कपड़ा कारोबारी के बेटे कुशाग्र कनोडिया की हत्या के मामले में शुक्रवार को एडीजे-7 की कोर्ट ने आरोपी प्रभात शुक्ला व आर्यन उर्फ शिवा गुप्ता की जमानत याचिका खारिज कर दी।

आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के 16 वर्षीय बेटे कुशाग्र की 30 अक्टूबर को अपहरण कर हत्या की गयी थी। पुलिस ने कुशाग्र की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, उसके प्रेमी प्रभात शुक्ला व दोस्त शिवा गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपी प्रभात व उसके साथी आर्यन गुप्ता उर्फ शिवा की ओर से एडीजे-7 आजाद सिंह की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को जमानत अर्जी खारिज कर दी।

हिंदी में कार्य करें रेल अधिकारी : सिंघल

संवाददाता, नई दिल्ली

प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते अपर महाप्रबंधक एके सिंघल।

अमृत विचार। उत्तर रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक एके सिंघल, अपर महाप्रबंधक की अध्यक्षता में बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में आयोजित की गई। इस बैठक में उत्तर रेलवे के सभी प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों ने सहभागिता की और मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं मुख्य कारखाना प्रबंधकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की।

इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, वर्ष 2024 में आयोजित तकनीकी लेख प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कृत किया। उन्होंने मूल पत्राचार तथा अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में देने का प्रतिशत बढ़ाने पर बल दिया और निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपनी निरीक्षण रिपोर्टों में राजभाषा संबंधी पैरा अवश्य दें। इसके साथ ही उन्होंने हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

सुडोकू -28

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	4		9			1		7
8		7	2				3	
	3		5		8			
7			6		1			9
		4				3		
6			3		5			8
			8		7		4	
	5				3	9		2
3		2			9		6	

सुडोकू -27 का हल

1	2	7	6	4	8	3	5	9
3	4	5	9	7	2	8	1	6
6	8	9	1	5	3	7	2	4
2	1	6	4	3	9	5	8	7
5	7	4	2	8	1	6	9	3
8	9	3	5	6	7	1	4	2
7	3	2	8	1	4	9	6	5
4	6	8	3	9	5	2	7	1
9	5	1	7	2	6	4	3	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जून शनिवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–आषाढ़, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–अष्टमी 14.19 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल–पूर्व। ऋतु–वर्षा।
चन्द्रबल– वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–उत्तर भाद्रपद 08.49 तक तत्पश्चात रेवती।

मेष — आज आपका मन अशांत हो सकता है। लोग आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ डालने का प्रयास करेंगे। महंगे उत्पादों की ख़रीदारी के कारण परेशान हो सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें।

वृष — आज आप काफी व्यस्त रहेंगे। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों की बिक्री बढ़ सकती है। सभी कार्य योजनानुसार ही होते चले जायेंगे। फाइनेंस संबंधी कार्यों के लिए दिन बेहद अनुकूल है।

मिथुन — आज कार्यक्षेत्र की आंतरिक व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़ सकता है। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार काफी संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा। अपनी बातों को प्रभावी ढंग से रखेंगे।

कर्क — आज वही कार्य करें जिसको लेकर आपकी योजना स्पष्ट हो। परिश्रम का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। परिजनों के साथ बैर या किसी तरह का मनमुटाव आज दूर होगा। वैवाहिक जीवन के लिए समय अवश्य निकालें।

सिंह — आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। व्यवसाय में प्रतिद्वंदियों के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें। बारिश में भींगने से बचें। वायरल बुखार की चपेट में या सकते हैं। इंश्योरेंस आदि में निवेश करने के लिए दिन शुभ है।

कन्या — आज आपका मन काफी हर्षित रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यापार में काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है। घर में प्रसन्नता व खुशहाली का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण अनुबंध के लिए दिन शुभ है।

तुला — आज रुके हुए कार्यों को पूरा करने का दिन है। कार्यक्षेत्र में परेशानियों का अनुभव होगा। जल्दबाज़ी व भावुकता में कोई निर्णय न लें। कानूनी अड़चनों को दूर कर सकते हैं। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरे व्यक्तियों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

वृश्चिक — आज घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। प्रेम संबंध काफी रोमांटिक रहने वाला है। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। कार्यस्थल में सब कुछ सामान्य रहेगा। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें।

धनु — आज आय के अनुपात में धन खर्च अधिक हो सकता है। शरीर में जल की कमी के कारण पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है। घर के लोगों की सलाह पर विचार अवश्य करें। वैवाहिक संबंध रोमांटिक रहेंगे। आज आपके घर के किसी विवाह योग्य सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है।

मकर — आज किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। तय लक्ष्यों को समय पर पूरे कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे। जीवनसाथी को आज कुछ उपहार दे सकते हैं। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।

कुंभ — आज परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। पेट में गैस और जलन की शिकायत हो सकती है। आज गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने का नया मंच मिल सकता है। आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा।

मीन — आज कार्यक्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण व ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। आप किसी सार्वजनिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आज यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। पहले हुए व्यापार घाटे से आज निजात मिल सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- नो प्रॉब्लम — सुबह : 08.18
- ड्रीम गर्ल — रात : 09.41

&pictures
- अपरिचित — सुबह : 11.06
- वेलकम बैक — रात : 07.30

SONY PIX
- सुपर मैन — सुबह : 09.20
- व्हाइट हाउस डाउन — शाम : 06.36

ZEE CINEMA
- कृष — सुबह : 09.23
- सूर्या एस 3 — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- अजब प्रेम की गजब कहानी — सुबह : 11.54
- भेड़िया — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बीवी ने पति को मैसेज किया – आपको पड़ोसन कैसी लगती है...?
बीवी को खुश करने के लिए पति ने रिप्लाई किया– एकदम बंदरिया जैसी...!
बीवी – ठीक है तो आते समय मेरे लिए दो साड़ी लेते आना, नहीं तो ये मैसेज पड़ोसन को दिखा दूंगी।

भिखारी– भाई एक रुपया दे दो, तीन दिन से भूखा हूं।
राहगीर– तीन दिन से भूखा है तो एक रुपये का क्या करेगा?
भिखारी– वजन देखना है कि कितना घटा!

आक्रोशपरिवादाभ्यां विहिंसन्त्यबुधा बुधान्।
वक्ता पापमुपादत्ते क्षममाणो विमुच्यते॥

मुर्ख लोग ज्ञानियों को बुरा-भला कहकर उन्हें दु:ख पहुंचाते हैं। इस पर भी ज्ञानीजन उन्हें माफ कर देते हैं। माफ करने वाला तो पाप से मुक्त हो जाता है और निंदक को पाप लगता है।

संपादकीय

बढ़ती विदेशी कमाई

हाल ही में आई विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, विप्रेषण के मामले में भारत अग्रणी देश बना हुआ है। विदेशों में कार्यरत भारतीयों ने 2023 में 120 अरब डॉलर की कमाई देश में भेजी थी। उसके बाद मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और पाकिस्तान हैं, जिन्हें क्रमशः 66, 50, 39 और 27 अरब डॉलर मिले हैं। गौरतलब है कि कुशल भारतीय कामगारों का सबसे बड़ा गंतव्य अमेरिका है। अन्य विकसित देशों के अलावा खाड़ी देशों में भी बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी काम कर रहे हैं। विश्व बैंक का अनुमान है कि भारत में आने वाले विप्रेषण में 2024 में 3.7 प्रतिशत और 2025 में चार प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भारतीय हैं। वे विभिन्न देशों के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिसका एक संकेत हमें 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ती विप्रेषण राशि से मिलता है। अमेरिका के बाद सबसे अधिक कमाई संयुक्त अरब अमीरात से आई है, जो कुल विप्रेषण का 18 प्रतिशत है। इसके बाद सऊदी अरब, कुवैत, ओमान और कतर का स्थान है। संयुक्त अरब अमीरात और भारत के बीच अपनी मुद्राओं में लेन-देन की व्यवस्था होने से औपचारिक माध्यमों से अब अधिक विप्रेषण भेजा जा रहा है। अमीरात और सिंगापुर में यूपीआई भुगतान प्रणाली के चालू होने से कमाई भेजने का खर्च भी कम होगा और समय भी कम लगेगा। विप्रेषण के मामले में एक आशंका यह लगी रहती है कि बाहरी घटनाओं से इसमें कमी आ सकती है। प्रवासन और विप्रेषण आर्थिक और मानवीय विकास के महत्वपूर्ण कारक हैं। प्रवासी कामगार एक ओर अपनी प्रतिभा एवं परिश्रम से दूसरे देशों के विकास को गति देते हैं, वहीं दूसरी ओर वे अपने देश के विदेशी मुद्रा भंडार को समृद्ध बनाते हैं तथा अपने परिवार की उन्नति का आधार बनते हैं।

वैश्विक स्तर पर जहां कई देशों में श्रम की उपलब्धता का अभाव है, वहीं कई देशों में बेरोजगारी और कौशल की कमी है। भारत के अधिकतर कुशल कामगार अमेरिका और अन्य विकसित देशों में कार्यरत हैं तथा कम कुशल प्रवासी खाड़ी देशों में हैं। इस वितरण से बाहरी घटनाओं का असर कम होगा, इसलिए वैसी स्थिति में भी विप्रेषण में स्थिरता बनी रहेगी। बहुत से देश प्रबंधित प्रवासन को बढ़ावा दे रहे हैं। इसका लाभ भारत जैसे देशों को मिल रहा है। विप्रेषण बढ़ना निश्चित ही उत्साहजनक है, पर हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हमारे कामगारों को जोखिम, शोषण, भेदभाव आदि का भी सामना करना पड़ता है। हाल ही में कुवैत में एक इमारत में आग लगने से कई भारतीय कामगारों की मौत हो गई। वहीं इटली में एक भारतीय श्रमिक को सड़क पर मरने के लिए छोड़ दिया गया। इस संबंध में हमारे दूतावास और उच्चायोगों के सक्रिय हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

क्या संभव है संविधान को बदलना

डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

स्पेशल मेजॉरिटी बनाम सिंपल मेजॉरिटी। बिल पास करने के लिए संसद के दोनों सदनों में सिंपल मेजॉरिटी से काम चल जाता है। सिंपल मेजॉरिटी यानी बिल पर वोटिंग के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में जितने मेंबर मौजूद हैं, उनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग इसके पक्ष में वोट कर दें तो बिल पास।

संविधान को बदलना और संविधान में संशोधन करना दोनों में बहुत बड़ा अंतर है। लोकसभा में 400 सीटें मिलें तो एनडीए सरकार संविधान बदल देगी, प्रतिपक्ष इस मुद्दे के साथ चुनाव में गया और एक बड़ा विमर्श पूरे देश में खड़ा भी कर दिया, विपक्ष को इसका अत्यधिक लाभ भी हुआ। हालांकि बीजेपी ने इसका काउंटर करने का प्रयास किया, लेकिन चुनाव परिणाम के आधार पर कह सकते है वे इस विमर्श को तोड़ने में नाकाम रहे। भाजपा के कुछ उम्मीदवारों के बयान भी वायरल हुए, जिसका सार ये था कि "राज्य सभा और लोक सभा दोनों में बहुमत मिला तो भाजपा के पास संविधान में संशोधन करने की ताकत आ जाएगी।" इन बयानों के इतर भी पिछले कई सालों से कांग्रेस और विपक्ष के कई दल भाजपा पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाते रहे हैं। क्या संविधान में संशोधन किया जा सकता है और किया जा सकता है तो करने की शर्तें क्या हैं?

368 संविधान का एक आर्टिकल है। इसमें संविधान के संशोधन का हिसाब किताब है। इसके हिसाब से संशोधन करने के लिए दो तरह की स्पेशल मेजॉरिटी चाहिए, लेकिन इसको समझने के लिए "फेडरलिज्म" का कॉन्सेप्ट भी समझना होगा। "फेडरलिज्म" यानी केंद्र और राज्य के बीच शक्तियों का बंटवारा। माने केंद्र राज्य के कामों में दखल न दे और राज्य केन्द्र के कामों में दखल न दे। भारत एक फेडरल देश है, लेकिन शक्तियों का बंटवारा बराबर नहीं है, यहां केंद्र के पास थोड़ी ज्यादा शक्तियां हैं। वैसे तो संविधान का ज्यादातर हिस्सा केंद्र अकेले संशोधित कर सकता है, पर कुछ हिस्सों को संशोधित करने के लिए राज्यों की अनुमति भी चहिए तो अब आपने फेडरलिज्म समझ लिया, ये आगे काम आएगा।

> 368 संविधान का एक आर्टिकल है। इसमें संविधान के संशोधन का हिसाब किताब है। इसके हिसाब से संशोधन करने के लिए दो तरह की स्पेशल मेजॉरिटी चाहिए, लेकिन इसको समझने के लिए "फेडरलिज्म" का कॉन्सेप्ट भी समझना होगा। "फेडरलिज्म" यानी केंद्र और राज्य के बीच शक्तियों का बंटवारा। माने केंद्र राज्य के कामों में दखल न दे और राज्य केन्द्र के कामों में दखल न दे। भारत एक फेडरल देश है, लेकिन शक्तियों का बंटवारा बराबर नहीं है, यहां केंद्र के पास थोड़ी ज्यादा शक्तियां हैं। वैसे तो संविधान का ज्यादातर हिस्सा केंद्र अकेले संशोधित कर सकता है,पर कुछ हिस्सों को संशोधित करने के लिए राज्यों की अनुमति भी चहिए तो अब आपने फेडरलिज्म समझ लिया,ये आगे काम आएगा।

अब वापस चलते हैं दो तरह की स्पेशल मेजॉरिटी वाली बात पर। स्पेशल मेजॉरिटी बनाम सिंपल मेजॉरिटी। बिल पास करने के लिए संसद के दोनों सदनों में सिंपल मेजॉरिटी से काम चल जाता है। सिंपल मेजॉरिटी यानी बिल पर वोटिंग के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में जितने मेंबर मौजूद हैं, उनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग इसके पक्ष में वोट कर दें तो बिल पास। जैसे लोकसभा में कुल 543 सीट हैं, लेकिन मान लीजिए जिस दिन बिल पर वोटिंग हुई उस दिन सिर्फ 350 सांसद ही उपस्थित हों। ऐसा क्यों? जैसे स्कूल के क्लासरूम की टोटल स्ट्रेंथ 50 बच्चों की होती है, पर कोई न कोई अनुपस्थित हो जाता है। वैसा ही संसद में भी होता है। ऐसा बहुत रेयर होता है कि सारे के सारे सांसद उपस्थित हों। अब इन 350 सांसद में से अगर 176 या उससे ज्यादा सांसदों ने बिल के पक्ष में वोट कर दिया तो ये बिल लोकसभा में पास हो जाएगा। ऐसा ही राज्यसभा में भी होगा। ये तो हुई सिंपल मेजॉरिटी, लेकिन संविधान संसोधन के लिए स्पेशल मेजॉरिटी की जरूरत होती है। इसमें क्या होता है?

यहां गणित थोड़ी बदल जाती है। कैसे? मान लीजिए एक संविधान संशोधन बिल पेश हुआ अब ये बिल तभी पास होगा जब मौजूद सांसदों में से कम से कम दो तिहाई सासंद पक्ष में वोट डालेंगे और पक्ष में वोट डालने वाले सांसदों की संख्या लोकसभा में 272 और राज्यसभा में 123 से ज्यादा होगी। ये स्पेशल मेजॉरिटी है। इस मेजॉरिटी के जरिए, फंडामेंटल राइट्स, डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स ऑफ स्टेट पॉलिसी। जैसे संविधान के कई हिस्सों को संशोधित किया जा सकता है। हालांकि हमारे संविधान के कुछ हिस्से ऐसे हैं, जिन्हें स्पेशल मेजॉरिटी से भी संशोधित नहीं किया जा सकता। अब यहां सवाल उठता है कि अगर ऐसे संविधान बदला जा सकता है तो क्या कोई सरकार जिसके पास स्पेशल मेजॉरिटी हो और राज्यों में भी उनकी सरकार हो, वो क्या पूरा का पूरा संविधान बदल सकती है? जवाब है नहीं, नहीं, नहीं।

"शिप ऑफ थीसीस" का नाम सुना होगा आपने, एक जहाज के सारे पुर्जे निकालकर अगर दूसरे पुर्जे लगा दिए जाएं, तो क्या वो तब भी वही जहाज रहेगा। विदित है कि इमरजेंसी के दौरान इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान की प्रस्तावना में 42 वां संशोधन कर 1976 में सोशलिस्ट शब्द जुड़वां दिया था। ये संभव हुआ 42 वें संविधान संशोधन से। हालांकि इस संशोधन से ये इकलौता बदलाव नहीं हुआ। 42 वें संशोधन के जरिए इतने बदलाव किए गए कि लोगों ने इस संशोधन को ही एक मिनी कांस्टीट्यूशन का नाम दे दिया। इनमें शामिल थे कुछ बदलाव, जैसे सुप्रीम कोर्ट के जुअरिस्डिक्शन यानी अधिकार दायरे को कम करना। इस संशोधन के हिसाब से सुप्रीम कोर्ट किसी भी संवैधानिक संशोधन के मामले में सुनवाई नहीं कर सकता था। (अगर सरकार ने कोई ऐसा संशोधन किया, जिससे देश के नागरिकों को समस्या है तो भी वो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटा सकते हैं) इमरजेंसी की प्रॉसेस को आसन बनाया गया। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की ज्यूडिशियल रिव्यू की ताकत को कम किया गया। इमरजेंसी के बाद 1978 में जनता पार्टी की सरकार बनी। इस सरकार ने 44 वां संविधान संशोधन बिल पेश किया और इस संशोधन के जरिए 42 वें संशोधन की सभी गैर संविधानिक बातों को बदला गया। हालांकि इस कदम से ज्यादा महत्वपूर्ण है सुप्रीम कोर्ट का एक निर्णय जो इस 42 वें संशोधन से पहले आया था और इस निर्णय ने कई बार असंवैधानिक संशोधन से संविधान को बचाया। क्या था इस निर्णय में? एक बेहतरीन नियम। संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ करने वाला कोई भी संशोधन मान्य नहीं होगा। मूल भावना क्या है? डॉक्ट्रिन ऑफ बेसिक स्ट्रक्चर- साल 1973, देश का सबसे प्रसिद्ध संविधानिक केस, केशवनंदा भारती केस 13 जजों की बेंच और कुछ बेहतरीन जजमेंट्स। इसी केस से जन्म हुआ डॉक्ट्रिन ऑफ बेसिक स्ट्रक्चर का।

इसका मतलब है कि अगर सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के किसी भी हिस्से को बेसिक स्ट्रक्चर घोषित किया तो उस हिस्सा का संशोधन नहीं किया जा सकता। समय के साथ सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के कई अलग-अलग हिस्सों को बेसिक स्ट्रक्चर घोषित किया। जैसे- फंडामेंटल राइट्स, सेकुलरिज्म, जुडिशल रिव्यु आदि। इसने संविधान को बदलने का स्कोप खत्म कर दिया, क्योंकि इसके कई सारे हिस्से बेसिक स्ट्रक्चर का हिस्सा हो गए हैं। बात बची संशोधन की वो भी आसान काम नहीं है। सबसे पहले तो बहुमत का नंबर जुटाना एक बहुत मुश्किल प्रक्रिया है और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट की एक पैनी नजर से बचना भी असंभव है।

अगर 2024 के चुनावों में बीजेपी की लोकसभा में 400 सीट आ भी जाती तब भी वो राज्य सभा में स्पेशल मेजॉरिटी के नंबर से बहुत दूर है और कुछ संशोधन के मामलों में तो 50 प्रतिशत से ज्यादा राज्यों की मंजूरी भी चाहिए होती है। यानी दूसरे दलों का सहयोग जरूरी होगा। अगर ये सब हो भी जाए तब भी सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई की जा सकती है और सुप्रीम किसी भी संशोधन को असंवैधानिक घोषित कर सकता है।

प्रसंगवश

गलत है भौतिकतावादी सोच

डॉ. सुधा मिश्रा
लखनऊ

भौतिकतावादी सोच वह मानसिकता है,जिसमें व्यक्ति भौतिक वस्त्रों, संपत्ति और धन को अपने जीवन में सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। फिर यह सोच उन पर इतनी हावी हो जाती है कि यही लोग अक्सर व्यक्तिगत सुख, संतोष और सामाजिक प्रतिष्ठा को भौतिक संपत्ति के माध्यम से प्राप्त करने का भरसक प्रयास करने लगते हैं। ऐसे लोग हमारे आसपास ही जीते जागते हम रोज मिल जाएंगे। इनकी संग्रह की मानसिकता इन्हें संपत्ति का संग्रह करने को विवश करने लगती है। इन्हें लगता है कि भौतिक वस्त्रों का संग्रह और उनकी बढ़ती संख्या से खुशी प्राप्त होगी और पूरा जीवन उसी के संग्रह पर लगा देतें हैं। ऐसी मानसिकता वाले लोगों में धन का महत्व इतना ज्यादा होता है कि पैसे को जीवन का मुख्य लक्ष्य मान ये कमाने के लिए किसी भी हद तक जाने की इच्छा रखने लगते हैं। सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दूसरों को नीचा दिखाने की होड़ में,दूसरों से बेहतर दिखने और उनसे अधिक संपत्ति रखने की होड़ में ये अपना सब कुछ बर्बाद कर देतें हैं। ऐसे लोगों में संतोष की कमी इतनी ज्यादा होती है कि इनके लिए भावनाएं दोयम दर्जे की हो जाती हैं। अधिक संपत्ति और धन के बावजूद भी आंतरिक संतोष और खुशी की कमी इनके जीवन को नारकीय बना देती है। ऐसा नहीं है कि इस मानसिकता के चलते अपने भौतिकतावादी सोच के चलते इनकी हानि न हो रही होती है, पर ऐसे लोगों को पता ही नहीं चलता कि उनके मानसिक तनाव का कारण उनकी अपनी सोच है, उनकी अधिक संपत्ति और धन पाने की होड़ मानसिक तनाव और अवसाद की संभावना को बढ़ा देती है।

समाज भी इसे अछूता नहीं रहता। समाज पर इसका प्रभाव बहुत ही हानिकारक होता है। समाज में असमानता बढ़ती है और लोगों के बीच ईर्ष्या और प्रतिस्पर्धा का माहौल बनता है। हम अगर सच में मानव होने का कर्तव्य पूरा करना चाहते हैं तो हमें भौतिकतावादी सोच के विपरीत, आध्यात्मिक और संतोषजनक जीवनशैली को अपनाना चाहिए, जिससे व्यक्ति आंतरिक शांति और वास्तविक खुशी प्राप्त कर सके। हम एक सुंदर माहौल वाले समाज की संरचना कर सकते हैं। जहां सबके बीच में समान भाव हो एक-दूसरे को नीचा दिखाना न हो।

नेता विपक्ष का पद तय करेगा राहुल का सियासी भविष्य



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

> नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा? क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10 वीं पास छात्र ही समझती रही है।

16 वीं और 17 वीं लोकसभा में नबंरों के लिहाज से कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही लेकिन, कहते हैं कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे बुलंद हो जाए और किसके अचानक बुझ जाएं? इसका दामोदर सब कुछ जनता-जर्नादन के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है?

बीते 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही? भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने को पूरी तरह आश्वस्त थी, लेकिन जनता ने अस्वीकार कर दिया। मौका जरूर दिया, लेकिन आधा-अधूरा? हालांकि, कांग्रेस ने इस बार उम्मीद से कहीं बढ़कर बेहतरीन प्रदर्शन कर खुद को लड़ाई में बरकरार रखा। कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृति से सभी दलों को तौबा करना होगा। 2024 का जनादेश सभी के लिए सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है। पिछली बार मात्र 52 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे, पर ये आंकड़ा इस दफे 99 तक पहुंचा है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई है। अच्छे नंबरों से पास होने का ही नतीजा है कि नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम पर ताजपोशी होनी विपक्षी धड़े की ओर से मुकर्रर हुई है,पर जनता का संदेश पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बराबर है? बहरहाल गठबंधन राजनीति में नेता विपक्ष के पद को पूरे पांच वर्ष तक सुचारू रूप से यथावत रखना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा? पद पर आसीन होने वाले औहदेदार के लिए भी चुनौतियों की भरमार रहेंगी। उन्हें हर घड़ी अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा।

नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा? क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10 वीं पास छात्र ही समझती रही है। दरअसल समझने के कई ताजा उदाहरण भी सामने मुंह खोले जो खड़े हैं। राहुल गांधी कई बार अपने सियासी प्रयोगों में विगत वर्षों में असफल हुए हैं इसलिए भी लोगों को थोड़ा बहुत संदेह अब भी है? उनके सियासी इतिहास के पन्ने खोले तो सामने एक विफलता भरी तस्वीर उभरती है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष का पद भी अच्छे से निर्वाह नहीं कर सके,जिसके चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। अमेठी से चुनाव भी हारे और अपनी अगुआई में पार्टी को चुनाव लड़ाकर से ज्यादा कुछ नहीं कर सके। कुल मिलाकर उनके हिस्से में सियासी असफलता की भरमार है,लेकिन इन गुजरे वर्षों में अच्छी बात ये रही कि लगातार हारने के बावजूद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, सियासी मैदान में डटे रहे? खुद को साबित करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली,जिसमें लोगों का समर्थन हासिल किया। यही कारण है, जनता ने उन पर थोड़ा भरोसा जताया है।

खैर, राजनीति में असफलता ज्यादा मायने नहीं रखती,कोई भी हार सकता है। इसलिए ये पुरानी और बेजान बातें ही हैं। अपने राजनीतिक करियर में राहुल गांधी पहली मर्तबा कोई संसदीय औहदा संभालने जा रहे हैं। 18 वीं लोकसभा में वह नेता विपक्ष की भूमिका में होंगे,जिसे इंडिया गठबंधन के तकरीबन सभी प्रमुख नेताओं ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। नेता विपक्ष का पद कांग्रेस को दस साल बाद नसीब होगा। राहुल नेता विपक्ष बनने वाले गांधी परिवार से तीसरे सदस्य होंगे। उनके पहले उनके पिता तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और सांसद माता सोनिया गांधी रह चुकी हैं।

प्रतिपक्ष भारतीय संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक में आधिकारिक विपक्ष का नेतृत्वकर्ता होता है। इसलिए नेता विपक्ष का औहदा अपने आप में बहुत मायने रखता है। प्रधानमंत्री जैसी एक तिहाई शक्तियां उन्हें प्रदान होती हैं। सुविधाएं केंद्रीय मंत्री से कहीं बढ़कर दी जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अपने तीसरे कार्यकाल में जो भी बड़े निर्णय लेंगे या संवैधानिक नियुक्तियां करेंगे उसमें नेता विपक्ष की भूमिका रहने वाले उस नेता की राय लिया करेंगे, जिन्हें चुनाव में उन्होंने ये भी कह दिया था कि 'कौन राहुल'? इसलिए इस बार की संसदीय प्रक्रिया बहुत दिलचस्प और टकराव भरी होने वाली है। इसमें चुनौती राहुल गांधी के समझ सबसे ज्यादा रहेंगी, क्योंकि जनता उनके दमखम को नेता विपक्ष के तौर पर परखेगी और भविष्य की राजनीति में उनके कद को तय करेगी।

सोशल फोरम

तानसेन की कविताई

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत, आईपीएस

ग्वालियर के मुहम्मद गौस और वृंदावन के स्वामी हरिदास के शिष्य, सम्राट अकबर के दरबारी गायक और उनके नवरत्नों में से एक संगीत सम्राट तानसेन हमारे भारतीय शास्त्रीय संगीत के शिखर पुरुषों में एक रहे हैं। मध्यकालीन ऐतिहासिक दस्तावेज उनकी गायन प्रतिभा के उल्लेखों से भरे पड़े हैं। 'आईने अकबरी' के लेखक इतिहासकार अबुल फजल ने उनके बारे में कहा है-'पिछले एक हजार सालों में उनके जैसा गायक नहीं हुआ।' उनके गहरे मित्र और प्रशंसक भक्त कवि सूरदास ने उनके बारे में लिखा है-भलो भयो विधि ना दिए शेषनाग के कान/धरा मेरू सब डोलते तानसेन की तान! तानसेन का सांगीतिक व्यक्तित्व कुछ इतना बड़ा था कि उसके पीछे उनके व्यक्तित्व के दूसरे तमाम पहलू ओझल हो गए। बहुत कम लोगों को पता है कि ग्वालियर के पास एक छोटे से गांव बेहट के चरवाहे से सम्राट अकबर के दरबार के प्रमुख गायक के ओहदे तक पहुंचे तानसेन अपने समय के एक बेहतरीन कवि भी थे। रसखान की तरह कृष्ण की भक्ति में आकंठ डूबे हुए कवि। ज्यादातर इतिहासकार तानसेन के बहुआयामी व्यक्तित्व को उद्घाटित करने के बजाय उनकी धार्मिक आस्था के विवाद में ही उलझे रहे हैं। उनके कवि व्यक्तित्व के बारे में इतिहासकारों और साहित्य के आलोचकों द्वारा भी नहीं के बराबर लिखा गया। इसकी एक वजह शायद यह है कि कविकर्म तानसेन की महत्वाकांक्षाओं में शामिल नहीं रहा था।

वे स्वांतः सुखाय ही लिखते थे और आमतौर पर अपनी ही लिखी बंदिशें ही गाते थे। उनकी कविताओं का विषय उस दौर के दूसरे कवियों की तरह भक्ति होती थी। कृष्ण उनके प्रिय पात्र थे। कृष्ण के प्रति उनकी श्रद्धा और समर्पण को उस काल के अन्य कृष्णभक्त कवियों के समकक्ष रखकर देखा जा सकता है। उनकी काव्य कृतियों के नाम थे-रागमाला, संगीतसार और गणेश स्रोत्र। तानसेन द्वारा रचित ज्यादातर पद और दोहे अब विलुप्त प्रायः हैं,लेकिन उनके कुछ पद संगीत की पुरानी किताबों में अब भी सुरक्षित हैं। **- फेसबुक वॉल से**

अमन पसंद इंसान



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

> प्रतिदिन की तरह ही एक रात 12 बजे मुजम्मिल खां अपने सहयोगियों के साथ रात्रि गस्त कर कोतवाली आए और हमारे साथ बातकर अपनी जीप से घर चले गए।

1980 का मुरादाबाद का सांप्रदायिक दंगा रुकने का नाम नहीं ले रहा था। मंडल में दो बड़े कस्बे चंदौसी और धामपुर ही थे, जो दंगे से अप्रभावित थे, दोनों हिंदू बहुल थे। 19 या 20 अगस्त की रात्रि 9 बजे एक मिश्रित मोहल्ले में एक हिंदू के घर में धमाका हुआ, जिसमें तीन लोग हल्के घायल हुए। हम तत्काल फोर्स के साथ घटनास्थल पहुंचे। वहां घायल परिवार तथा पड़ोसी हिंदू पास के मुसलमानों पर बम फेंकने का आरोप लगा रहे थे तथा मुसलमान अपनी सफाई दे रहे थे।

भीड़ बढ़ रही थी। साथ ही सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहा था। हमने पाया कि वह देशी बम था। मौके पर मुजम्मिल खां, राजेन्द्र कुमार जैन, हरिओम अग्रवाल, हंसराज बतरा तथा अन्य कई नेता आ गए या हमने बुलवा लिए। मौके पर कुछ स्थानीय पुलिस को छोड़कर हम घायल तथा कुछ नेताओं को लेकर थाने आकर जब रिपोर्ट लिखाने को कही तो उपस्थित हिंदू नेताओं ने वादी को समझाकर कहा कि जब उसने बम फेंकने वाले को देखा ही नहीं तो शंका पर गलत नामजदगी उचित नहीं। वादी ने अज्ञात मुलजिमों के विरुद्ध मुकदमा लिखाया। हमने उनकी मरहम पट्टी कराकर उन्हें घर भेज दिया। हम मुलजिम का पता लगा रहे थे कि इसी तरह की कई घटनाएं रातों में मोहल्ला बदल-बदल कर कभी हिंदू के घर कभी मुसलमान के घर होने लगीं। हर घटना में दोनों पक्षों की भीड़ जुटती,जबानी युद्ध और दूसरे संप्रदाय पर दोषारोपण होता। दोनों पक्षों के नेताओं की सहायता से मामला शांत कराया जाता। किसी मुकदमें में कोई नामजद नहीं हुआ और पुलिस झूठे मुल्जिम को गिरफ्तार करने से बच गई। हर घटना में देशी बम का प्रयोग हो रहा था और हम मुलजिम ढूंढ़ नहीं पा रहे थे। हमें डर था कि यदि इन बमबारी में कभी कोई मरा, तो दंगा अवश्य हो जाएगा। इन मामलों में मुजम्मिल खां तथा कुछ अन्य का महत्वपूर्ण योगदान था। वह हर मौके पर पहुंचकर अन्य के साथ दोनों पक्षों को समझाते व गलत नामजदगी से बचाते रहे। 15-20 दिन बाद एक दोपहर एक साधारण से व्यक्ति ने मेरे कार्यालय आकर बताया कि वह अमरोहा का मूल निवासी है व मुरादाबाद में रहता है। उसका एक पुराना मकान कोट मुहल्ले में है उसमें कोई नहीं रहता। जब वह ताला खोलकर घर में गया तो एक आलमारी में कुछ तंबाकू के डिब्बे वाले बम देखे। मैं उछल पड़ा। आज तक पुलिस एक भी बम बरामद नहीं कर सकी थी। मैं फोन पर निरीक्षक कोतवाली को उस स्थान पर बुलाकर उस व्यक्ति के साथ उसके मकान पर पहुंचकर देखा, मकान जीर्णशीर्ण था तथा ऊपरी छत कुछ टूटी थी। हमें उस आलमारी में 35 तंबाकू के डिब्बे वाले बम मिले, लेकिन किसने रखा, यह पता नहीं चल सका। बाद में पता चला मोहल्ले के हिंदुओं की जानकारी में बम आत्मसुरक्षा हेतु चोरी से रखा गया था।

हमनें प्रभावशाली व्यक्तियों की गोष्ठी कर यह बात समझाई कि बम रखना व फेकना बंद कराएं, कोई पक्ष दूसरे पक्ष पर आक्रमण नहीं कर पाएगा। तब तक हमें एक कंपनी सीमा सुरक्षा बल तथा फौज की एक टुकड़ी मिल चुकी थी, जिसका फ्लैग मार्च भी हो चुका था। तब से बमबारी बंद हुई, लेकिन हम सही अभियुक्त नहीं ढूंढ़ सके, यह हमारी बड़ी विफलता थी। मुरादाबाद के ईदगाह की घटना के विरोध में कुछ खुराफाती मुस्लिम नेताओं ने जुमे की नमाज के बाद किसी मस्जिद से शहर में विरोध मार्च निकालने के लिए योजना बनाई, जिसमें तय हुआ कि अमुक मस्जिद से दोपहर की जुमे की नमाज के बाद विरोध मार्च निकालकर एसडीएम को ज्ञापन दिया जाए। मीटिंग में शामिल मुजम्मिल खां ने वहां से लौटकर यह सूचना मुझे फोन से दे दी तथा नेताओं के नाम भी बता दिए। मैंने उन नेताओं को फोन कर बताया कि अमुक मस्जिद से कल नमाज बाद जुलूस निकालने की योजना है, जिससे कुछ गड़बड़ हो सकता है, आप जुमे की नमाज वहीं पढ़िएगा और सुनिश्चित करिएगा कि जुलूस न निकले। उन नेताओं के जुमे की नमाज में शामिल होने से तथा वहां पुलिस प्रबंध होने से जुलूस नहीं निकल सका। यह प्रयास अगले दो जुमा में भी हुआ, लेकिन मुजम्मिल खां की सूचना के कारण हम हर बार सतर्क रहे और जुलूस नहीं निकल सका। बाद की उनकी मीटिंग में लोगों ने यह प्लान लीक करने का आरोप मुजम्मिल खां पर लगाया। मुजम्मिल खां ने आरोप स्वीकार करते हुए कहा कि वह किसी भी ऐसी योजना का साथ नहीं देंगें, जो शहर में अशांति पैदा करे। खां प्रभावशाली व साहसी व्यक्ति थे,उनका सामने से कोई विरोध न कर सका।

प्रतिदिन की तरह ही एक रात 12 बजे मुजम्मिल खां अपने सहयोगियों के साथ रात्रि गस्त कर कोतवाली आए और हमारे साथ बातकर अपनी जीप से घर चले गए। आधे घंटे बाद एक व्यक्ति दौड़ता हुआ कोतवाली आकर बताता है कि मुजम्मिल खां तथा विधायक खुर्शीद अहमद के भाई में झगड़ा हो रहा है। मैं निरीक्षक मय फोर्स के वहां पहुंचे तो पाया कि उस मुस्लिम मुहल्ले में लगभग 150 व्यक्ति एकत्र हैं और खां अपनी रायफल ताने विधायक के भाई को गाली दे रहे थे। पूछने पर बोले कि यह गरीब मुसलमानों को बरगला कर झगड़ा कराने की बात कर रहा था। मेरे समझाने पर मुझे कौम का गद्दार कहा। उन्होंने उपस्थित मुस्लिमों को बताया कि दंगें होने पर वही लोग मरेंगे, पुलिस मुकदमा भी करेगी और यह विधायक का भाई बच जाएगा। हमने लोगों को समझाकर घर भेजकर खां साहब को भी घर भेजा। ऐसे थे मुजम्मिल भाई।

शासन के दबाव में न लागू हो धारा



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

सीआरपीसी एक प्रक्रिया संहिता है, जिसमें लोक व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस और कार्यपालक मजिस्ट्रेट को कुछ शक्तियां दी गई हैं। इन शक्तियों का प्रयोग कर पुलिस और कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपराध होने की आशंका मात्र पर उसे रोकने के लिए कार्यवाही कर सकते हैं।

सीआरपीसी की एक ऐसी ही बहुचर्चित धारा है, धारा-144। इस धारा के अंतर्गत उपताप या आशंकित खतरे के अत्यावश्यक मामलों में जिला मजिस्ट्रेट या अन्य कार्यपालक मजिस्ट्रेट स्थिति के शीघ्र उपचार के लिए आदेश जारी कर सकता है। आदेश जारी करने का आधार विधिपूर्वक कार्यरत किसी व्यक्ति को बाधा या क्षति की आशंका या मानव जीवन, स्वास्थ्य को खतरा हो, लोक शांति भंग की आशंका हो या के दंगे या बलवे की स्थितियां हो तो उनका निवारण हो जाए, हो सकता है।

सामान्य जन धारा-144 को इस रूप में जानते हैं कि इसके लागू होने के बाद चार से अधिक लोग किसी लोक स्थान पर एकत्र नहीं हो सकते। यदि लोक शांति को खतरा हो, दंगे या बलवे की आशंका हो तो मजिस्ट्रेट इस आशय का आदेश जारी कर सकता है, परंतु इसमें सिद्धांत और व्यवहार का फर्क रहता है। ये आदेश कर्फ्यू के आदेश से भिन्न होता है। ये आदेश संभावित खतरे से निपटने के लिए जारी किया गया है लिहाजा कार्य व्यापार सब पूर्व की भांति चलते रहते हैं।

पुलिस को अगर लगता है के स्थान विशेष पर अधिक लोगों का एकत्र होना लोक शांति के लिए उचित नहीं है तो पुलिस लोगों को वहां से हटने के लिए आदेशित कर सकती है। इस धारा के अधीन जारी कोई भी आदेश दो महीने तक लागू रहता है। उसके बाद स्वत समाप्त हो जाता है जब तक के उसे पुनः अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया न जाए। 1 जुलाई 2024 से सीआरपीसी के स्थान भारतीय नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। नई संहिता में सीआरपीसी की धारा-144 बिना किसी मूलभूत बदलाव के धारा-163 हो जाएगी। हमारा मानना है कि इस धारा का प्रयोग तभी किया जाना चाहिए जब परिस्थितियां इसके लिए उचित हों न कि शासन के दबाव में लोकतांत्रिक विरोध को कुचलने के लिए। क्या जनहित में बार-बार इस धारा का उपयोग उचित है?

एक नजर

अतीक के शार्प शूटरों ने रिहाई के लिए हाईकोर्ट से लगाई गुहार

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में बसपा विधायक राजू पाल की दिनदहाड़े हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए अतीक अहमद के शार्प शूटर आबिद और उसके साथियों जावेद और इसरार ने निचली अदालत द्वारा दी गई आजीवन कारावास की सजा को रद करने तथा रिहाई की मांग करते हुए अपील दाखिल की है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने निचली अदालत के रिकार्ड तलब किए हैं, साथ ही सीबीआई को आपत्ति दर्ज करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

मित्र वन बना कर देंगे उत्तराखंड से दोस्ती का संदेश

बरेली। शासन ने वन विभाग को पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण को लेकर प्रयास तेज करने के निर्देश दिए हैं। कहा है कि दूसरे राज्यों की सीमाओं से सटे जिलों में पेड़-पौधों की प्रजातियों का आदान-प्रदान कर मित्र वन बनाए जाएं। इस क्रम में जिले में उत्तराखंड राज्य के राजकीय पौधे लगाकर दोस्ती का संदेश दिया जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार मित्र वन विकसित करने के लिए बहेड़ी तहसील में ग्राम सभा नौली की भूमि का चयन किया गया है। यहां एक हेक्टेयर क्षेत्र में 1600 पौधों का रोपण किया जाना है। नौली ग्राम सभा तहसील बहेड़ी उत्तराखंड राज्य की सीमा से सटी है। लिहाजा मित्र वन योजना के तहत उत्तराखंड राज्य का राजकीय पौधा बुरांश व वहां की अन्य महत्वपूर्ण प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाएगा।

बीच सड़क पर युवक की गर्दन रेतने वाला गिरफ्तार

बरेली। पत्नी से अवैध संबंध को लेकर बीच सड़क पर युवक की गर्दन रेत कर हत्या की कोशिश करने वाले को बारादरी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दूसरे जिले में भागने की फिराक में था। कैंट थाना क्षेत्र के नरियावल मोहनपुर ठिरिया निवासी फैजान कुरैशी मूल रूप से कोतवाली हरदोई का रहने वाला है।

दहेज मामलों में मनमाने ढंग से हत्या की धारा जोड़ना गंभीर समस्या : कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने कहा, मनमाने ढंग से आरोपों का निर्धारण नहीं किया जाना चाहिए

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश की ट्रायल कोर्ट के न्यायाधीशों द्वारा दहेज हत्या और दहेज से संबंधित अमानवीय व्यवहार से जुड़े मामलों में टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा है दहेज और दहेज हत्या से जुड़े मामलों में आईपीसी की धारा 302 को मनमाने ढंग से जोड़ना गंभीर समस्या बनती जा रही है।

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्यों की प्रकृति के आधार पर आरोप तय किए जाते हैं, ना कि केवल हवा में या मनमाने ढंग से आरोपों का निर्धारण किया जाना चाहिए। जबकि निचली अदालतें कानून के आदेशों या किसी गलत धारणा के तहत बिना किसी ठोस सामग्री के वैकल्पिक आरोप के रूप में आईपीसी की धारा 302 को जोड़ती जा रही हैं।

जिससे आरोपी के लिए विनाशकारी परिणाम हो रहे हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य जब आईपीसी की धारा 302 के तहत आरोप तय करने का समर्थन करते हैं, तभी ट्रायल कोर्ट को हत्या का आरोप तय करना चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने राम मिलन बुनकर की अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया, सभी आक्षेपित निर्णयों को रद्द कर दिया। इसके अलावा अभियुक्त के खिलाफ लगाए गए आरोपों को फिर से तय करने के बाद सभी मामलों को फिर से सुनवाई के लिए संबंधित सत्र न्यायालय को वापस भेज दिया। सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2010 में एक मामले में सभी अधीनस्थ न्यायालयों को निर्देश दिया था कि वह आईपीसी की धारा 304 बी के आरोप में धारा 302 को भी जोड़ें। जिससे महिलाओं के खिलाफ ऐसे जघन्य और बर्बर अपराधों में मौत की सजा दी जा सके। हालांकि वर्ष 2013 में जसविंदर सैनी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया था कि जिन मामलों में दहेज हत्या का आरोप लगाया गया है यदि साक्ष्य अनुमति देते हैं तो धारा 302 के तहत भी आरोप तय किया जा सकता है।

गोलीकांडः दूसरे पक्ष के लॉन पर चला बुलडोजर

- आत्मसमर्पण कराने वालों की जांच, छह घंटे चले चार बुलडोजर
- ढेर में तब्दील हो गया तीन हजार वर्गगज में बना बरातघर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए बीच सड़क दो घंटे गोलीबारी कराने की घटना के मुख्य आरोपी राजीव राणा के संजयनगर में होटल और कोठी को एक दिन पहले जमींदोज करने के बाद प्रशासन ने शुक्रवार को दूसरे पक्ष के आदित्य उपाध्याय पर कार्रवाई की। उसके डोहरा रोड पर करीब तीन हजार वर्ग गज में सांवरिया लॉन नाम से बने आलीशान रिजॉर्ट और बरातघर को करीब साढ़े छह घंटे चार बुलडोजर और पोकलैंड मशीन चलाकर मलबे के ढेर में तब्दील कर दिया गया।

आदित्य उपाध्याय और उसके बेटे को गोलीबारी के दिन 22 जून को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे चार बुलडोजर और एक पोकलैंड मशीन रामगंगानगर में बीडीए कार्यालय के बाहर आकर खड़े हो गए। इसी दौरान पुलिस की कई गाड़ियां भी सांवरिया लॉन पर पहुंच गई। करीब एक बजे बुलडोजर और पोकलैंड मंगाकर कार्रवाई शुरू कर दी गई। सबसे पहले पोकलैंड से मुख्यद्वार पर बने फव्वारे और उसके बीच लगी मूर्ति को तोड़ा गया। इसके बाद बुलडोजरों से अंदर बने बरातघर, रेस्टोरेंट समेत सारा पक्का और अस्थाई निर्माण ध्वस्त किया जाना शुरू कर दिया गया।

शाम 4 बजे तक 80 फीसदी इमारत को ध्वस्त कर दिया गया लेकिन इसी बीच मशीन खराब होने से काम रुक गया। उसे ठीक कराकर कुछ देर बाद फिर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की जो शाम 6.30 बजे इमारत के पूरी तरह मलबे के ढेर में तब्दील होने तक चलती रही।

गोलीकांड के आरोपी आदित्य उपाध्याय के आलीशान रिजॉर्ट पर चला बुलडोजर।

लॉन के पिछले हिस्से में कुत्तों का भी कारोबार

सांवरिया लॉन के पिछले हिस्से में शटर के अंदर रखे बड़े पिंजरे में प्रतिबंधित पिटबुल के अलावा जर्मन शेफर्ड समेत कई प्रजाति के 10 कुत्ते मिले। पता चला कि यहां कुत्तों की भी खरीद-फरोख्त की जाती है। इन कुत्तों की देखभाल कर रही युवतियों ने बीडीए की टीम पर नाराजगी जताई लेकिन अफसरों के निर्देश पर कुत्तों को वहां से निकालकर कार्रवाई शुरू की गई। इन कुत्तों को गांव के एक घर में रखवाया गया है।

मंदिर को छोड़ दिया

सांवरिया लॉन में एक मंदिर भी बना मिला। अफसरों ने माना कि मंदिर का निर्माण अवैध निर्माण के बचाव के लिए कराया गया है। टीमों ने इस मंदिर को बचाते हुए सारा निर्माण ध्वस्त किया।

राणा का दूसरा सिटी स्टार होटल भी टूटेगा, अभी सीके वैली समेत सील

बरेली। प्लॉट पर कब्जे के लिए गोलीबारी से पहले मुंशीनगर के जिस सीके वैली होटल में भाड़े के बदमाशों को ठहराया गया था, शुक्रवार को उसे अवैध करार देते हुए बीडीए ने सील कर दिया। इसके अलावा तुलाशेरपुर में राजीव राणा के दूसरे सिटी स्टार होटल को भी सील किया गया है। बीडीए अफसरों के मुताबिक राणा का यह सिटी स्टार होटल भी बगैर नक्शा मंजूर कराए बनाया गया है और उसे भी जल्द ध्वस्त किया जाएगा। बीडीए की टीम ने शुक्रवार सुबह 10 .30 बजे पुलिस फोर्स के साथ मुंशीनगर पहुंचकर होटल सीके वैली की छानबीन की। इसमें पता चला कि मोहम्मद चांद नाम के शख्स ने सीएआरआई गेट के सामने आवासीय मानचित्र स्वीकृत कराकर यह तीन मंजिला होटल बनवा लिया था। चार साल पहले बीडीए में इस होटल को अवैध बताते हुए वाद भी दायर किया गया था। अब जेई की संस्तुति पर एक्सईएन प्रवर्तन योगेंद्र कुमार ने शुक्रवार को सीओ अनीता चौहान और एसीएम प्रमोद कुमार के साथ होटल को सील कर दिया।

15 हजार की रिश्वत लेते सदर तहसील का लेखपाल गिरफ्तार

अमृत विचार, पीलीभीतः पट्टे की जमीन की पैमाइश के नाम पर रिश्वत लेने वाला सदर तहसील का लेखपाल एंटी करप्शन टीम के हत्थे चढ़ गया। ग्रामीण की शिकायत पर बरेली से पहुंची एंटी करप्शन टीम ने पूरी योजना के साथ पीड़ित से फोन कराकर लेखपाल को बुलवाया और सदर तहसील के पास पान की दुकान पर रुपये लेते रंगेहाथ धर दबोचा। टीम उसे अपने साथ कोतवाली ले गई। जहां लेखपाल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम कोहना के रहने वाले रामलखन कश्यप पुत्र ओमकार कश्यप ने एंटी करप्शन बरेली से शिकायत की थी।

आरोपियों के मकान पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मूंढापांडे थाना क्षेत्र में बुधवार की आधी रात घर में घुसकर महिला का अपहरण करने गए आरोपियों के घर शुक्रवार को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिए गए। एसएसपी ने आरोपियों पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया है। डीआईजी के आदेश पर लापरवाही बरतने में एक थाना प्रभारी व एक चौकी इंचार्ज और बहजोई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। जांच एजेंसियों के साथ पुलिस की पांच टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं।

बुधवार आधी रात को छह युवकों ने थाना क्षेत्र के गांव शमदी शिवपुरी में एक व्यक्ति के घर में घुसकर उनकी बेटी का अपहरण करने की कोशिश की थी। परिवार के विरोध करने पर सभी आरोपियों ने फायरिंग की थी, जिसमें मां-बाप और बेटा घायल हो गए थे। घटना में शामिल छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। शुक्रवार को एसएसपी सतपाल अंतिल ने लापरवाही बरतने पर मूंढापांडे के थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। पूर्व में घटना से जुड़े मामले में संभल जिले के बहजोई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र पंवार व पंवासा चौकी प्रभारी दिनेश कुमार को भी निलंबित किया गया है।

गोलीबारी कांड

गोलीकांड के आरोपियों का मकान ध्वस्त करता बुलडोजर।

- लापरवाही बरतने वाले थाना प्रभारी समेत तीन निलंबित
- एसएसपी ने आरोपियों पर घोषित किया 25 हजार का इनाम

कंटेनर से टकरायी मैजिक, दो लोगों की मौत

संवाददाता, खुटार(शाहजहांपुर)

- पूरनपुर मार्ग पर लौहंगापुर जंगल में हुआ हादसा, पूरनपुर से आम लेकर लौट रही थी मैजिक, तीन घायल

अमृत विचारः पूरनपुर मार्ग पर लौहंगापुर जंगल में शुक्रवार सुबह 10 बजे आम से भरा मैजिक (छोटा हाथी) ओवरटेक के चक्कर में कंटेनर के पिछले हिस्से से टकरा गयी। इससे मैजिक सड़क के बीचों बीच पलट गया। क्रेट में भरे आम दूर तक फैल गए। मैजिक में ऊपर बैठे एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल ने जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

लखीमपुर खीरी के गांव श्रीनगर निवासी लल्लन ने बताया कि गुरुवार रात करीब 2:30 बजे वह अपने बड़े भाई नईम, भतीजा जीशान, साला अरमान के साथ छोटा मैजिक से पीलीभीत के कस्बा पूरनपुर मंडी आम लेने गए थे। वह गांव के ही अभिषेक गुप्ता का वाहन बुक करके ले गए थे और वाहन अभिषेक गुप्ता ही चला रहा था। शुक्रवार सुबह नौ बजे पूरनपुर मंडी में क्रेट में आम भरकर वाहन में रख लिए थे। वाहन में पीछे क्रेट पर नईम और जीशान बैठ गया। वह और उसका साला अरमान, चालक अभिषेक गुप्ता के पास में बैठे थे। शुक्रवार सुबह दस बजे खुटार पूरनपुर के लौहंगापुर जंगल में सामने से कंटेनर आ रहा था और उसके पीछे मारुति कार ओवरटेक कर रही थी। मारुति कार चालक ओवरटेक कर वाहन निकाल ले गया लेकिन कंटेनर का पिछला हिस्सा छोटा मैजिक से टकरा गया। इससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों बीच पलट गया और आम रास्ते पर फैल गए। ऊपर बैठे नईम पर वाहन पलट गया और दबकर मौके पर ही मौत हो गई और जीशान उछलकर दूर जा गिरा, जिससे जीशान गंभीर रूप से घायल हो गया। वाहन के अंदर बैठे लल्लन, अरमान, चालक अभिषेक गुप्ता घायल हो गए। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। राहगीर और आसपास में रहने वाले लोग दौड़कर मौके पर पहुंच गए।

सुभासपा विधायक बेदी राम की नहीं मिल रही जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ कर रही वायरल वीडियो की जांच, हो सकती है कार्रवाई

अमृत विचार : पेपर लीक स्टिंग में नाम आने के बाद सुभासपा विधायक बेदी राम अब नहीं मिल रहे हैं। वह कहां हैं, क्या कर रहे हैं, इसकी कोई जानकारी नहीं मिल रही है। मोबाइल भी बंद है। वहीं, अब इस मामले में योगी सरकार सख्त नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि बेदीराम पर सरकार कार्रवाई भी कर सकती है। वहीं, सुभासपा मुखिया शुक्रवार की सुबह ही दिल्ली दरबार पहुंच गए। भाजपा हाईकमान ने भी प्रकरण पर रिपोर्ट मांगी है।

बता दें कि बीती 26 जून को विधायक बेदी राम से जुड़ा एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक युवक से पेपर और लेन-देन की बातें हो रही थी। वीडियो में बेदी राम कह रहे हैं कि मैं बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों में भर्ती कराता हूं। एक-एक परीक्षा में 40-40 लोगों की भर्ती कराता हूं। वायरल होने के बाद वीडियो की जांच एसटीएफ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक एसटीएफ बेदी राम के घर के आसपास डेरा डाले हुए है। उधर, मामले में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद का भी बयान आया है। उन्होंने कहा कि बेदी राम के वीडियो की सत्यता की जांच होनी चाहिए।

आवश्यक तत्व की उपस्थिति में ही बनता है जबरन वसूली का मामला : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जबरन वसूली और व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के मामले में यांत्रिक ढंग से की गई कार्यवाही पर आपत्ति जताते हुए कहा कि वर्तमान मामले में जबरन वसूली करने का कोई साक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। जबरन वसूली का मामला बनाने के लिए एक आवश्यक घटक यह है कि शिकायतकर्ता द्वारा आरोपी को कोई मूल्यवान वस्तु या संपत्ति बतौर सुरक्षा सौंपना पड़ी हो जबकि वर्तमान मामले में ऐसा कुछ भी घटित नहीं हुआ।

मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने संजय गुप्ता उर्फ संजू मोहन के खिलाफ आक्षेपित समन आदेश और आईपीसी की धारा 387 के तहत थाना कोतवाली, उरई, जालौन में दर्ज प्राथमिकी की संपूर्ण कार्यवाही, जो अपर सत्र न्यायाधीश, जालौन के समक्ष विचाराधीन है, उसे निरस्त कर दिया। दरअसल, सुपारी की पैकेजिंग को लेकर ट्रेडमार्क और कॉपीराइट के मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच मुकदमेबाजी हुई। याची का दावा है कि शिकायतकर्ता ने मामले में समझौता करने के लिए उस पर दबाव बनाने के लिए वर्तमान कार्यवाही शुरू की है। याची के खिलाफ आरोप था कि उसने शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी और अपना गुटखा कारोबार चलाने के लिए उससे 5 लाख रुपये भी मांगे। शिकायतकर्ता के मना करने पर अभियुक्त/याची व उसके साथियों ने शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की और उसका अपहरण करने के उद्देश्य से उसे जबरन गाड़ी में बिठाने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर भीड़ इकट्ठा हो जाने पर सभी आरोपी भाग गए। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि आईपीसी की धारा 383 और 387 के तहत वसूली का मामला तब बनता है, जब वसूली के रूप में कोई वस्तु या पैसे दिए गए हों, चूंकि वर्तमान मामले में ऐसा कुछ नहीं हुआ है।

उत्तराखंड

गैंगरेप के बाद किशोरी की हत्या से आक्रोश

ब्यूरो, हरिद्वार

- महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन मृतका के परिजन से मिले नेता प्रतिपक्ष

अमृत विचार : गैंगरेप के बाद किशोरी की हत्या को लेकर लोगों का आक्रोश थम नहीं रहा है। मामले में नामजद निष्कासित भाजपा नेता आदित्य राज सैनी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। घटना के विरोध में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। उधर, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने मृतका के परिजनों से मिलकर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

बीते 24 जून की सुबह दिल्ली हाईवे के किनारे तेरह वर्षीय किशोरी की खून से लथपथ लाश मिली थी। 23 जून को किशोरी के साथ चार लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था और फिर हत्या कर शव को वहां फेंक दिया था। इस मामले में अमित सैनी और भाजपा नेता आदित्य राज सैनी को नामजद किया गया था। हालांकि नामजदगी के बाद भाजपा ने आदित्य राज को पार्टी से निष्कासित कर दिया। पुलिस इस मामले में अभी तक अमित सैनी समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि आदित्य राज अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। इस नृशंस हत्याकांड को लेकर लोगों में बेहद आक्रोश व्याप्त है।

इधर, शुक्रवार को कांग्रेस महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। प्रदेश में एक साल 11 महीने में 15 सौ दुष्कर्म के वारदात हो चुके हैं। हरिद्वार जिले में महिलाओं के साथ हुई अपराधों की संख्या दोगुनी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने शुक्रवार को हरिद्वार पहुंचकर मृतका के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। दलित और पिछड़ों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात कर पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

करंट से झुलसे युवक की मौत, भड़के ग्रामीण

गदरपुर। सिनेमा रोड पर 33 केवीए विद्युत लाइन से घर में करंट आने से बुरी तरह झुलसे युवक ने दिल्ली में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। शव के पहुंचने पर सैकड़ों लोग युवक के घर पहुंचे और विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। सूचना पर विधायक अरविंद पांडे और विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वार्ता के दौरान युवक के परिजनों को 4 लाख रुपये देने पर ग्रामीण शांत हुए। दोपहर बाद युवक का अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में कर दिया गया। सिनेमा रोड वार्ड नंबर 3 निवासी मेवाराम के घर के ऊपर से 33 केवीए की लाइन निकल रही है। बीते शनिवार को मेवाराम का पुत्र विशेष करीब 9 बजे नहाने के लिए बाथरूम में गया। इस दौरान बाथरूम में करंट आने से वह उससे चिपक गया।

बारिश के बाद नैनी झील में नौकायन का आनंद लेते पर्यटक। अमृत विचार

सैलानियों ने तेज बारिश के बाद उठाया धूप का आनंद

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बीते एक सप्ताह से नगर में बारिश का दौरा जारी है, जिसके चलते निम्न स्तर पर पहुंच गए झील के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है तो वहीं दूसरी ओर बारिश के बाद अब भूस्खलन व पहाड़ियों से पत्थरों का गिरना भी शुरू हो चुका है।

जिससे दुर्घटना की संभावनाएं भी बढ़ने लगी है। शुक्रवार को भी सुबह करीब एक घंटे तक तेज बारिश हुई। इसके बाद दिनभर गुनगुनी धूप खिली रही, जिसका नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने भरपूर आनंद उठाया, हालांकि अब सैलानियों की संख्या थोड़ी कम हो गयी है। उसके बावजूद काफी संख्या में पहुंचे पर्यटकों ने नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठाया। मौसम केंद्र जीजीआईसी के अनुसार शुक्रवार को नगर में अधिकतम तापमान 21 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पंत पार्क में चहलकदमी करते पर्यटक। ● अमृत विचार

प्रदेश में 48 फार्मेसी अधिकारियों को मिलेगा प्रमोशन

- स्वास्थ्य मंत्री ने प्रमोशन के लिए दी मंजूरी

देहरादून। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत फार्मेसी अधिकारियों के प्रमोशन का रास्ता साफ हो गया है, जिसका वह कई सालों से इंतजार कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने 48 फार्मेसी अधिकारियों के प्रमोशन को मंजूरी दे दी है। शासन को जल्द ही इस संबंध में आदेश जारी करने को कहा गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विभाग के सभी संवर्गों में पात्र कार्मिकों की पदोन्नति करें। इसी क्रम में विभाग की ओर से डीपीसी के जरिये 48 फार्मेसी अधिकारियों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि इन सभी पात्र फार्मेसी अधिकारियों को मुख्य फार्मेसी अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के तहत पात्र कार्मिकों को प्रमोशन के लाभ से वंचित नहीं रखा जाएगा।

मलबा आने से 8 घंटे बंद रहा पूर्णागिरि मार्ग

संवाददाता, टनकपुर

- चम्पावत की तीन ग्रामीण सड़कें दूसरे दिन भी नहीं खुलीं, शुक्रवार को पर्वतीय इलाकों में मौसम सामान्य रहने से मिली लोगों को राहत

अमृत विचारः जनपद के पर्वतीय और मैदानी इलाकों में हो रही वर्षा से एक ओर जहां लोगों ने गर्मी से राहत ली वहीं कई स्थानों पर यह वर्षा लोगों के लिए आफत भी बन गई। वही यह बरसात किसानों की धान की रोपाई के लिए काफी लाभदायक बताई जा रही है।कई काश्तकारों ने मैदानी क्षेत्र टनकपुर बनबसा में धान की रोपाई भी शुरू कर दी है। चम्पावत जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में कई जगह जल भराव से लोग परेशान रहे। वहीं पूर्णागिरि मार्ग में बाटनागाड़ भी आफत बन गया है।

शुक्रवार सुबह छह बजे बाटनागाड़ में मलबा और बोल्डर आने से पूर्णागिरि मार्ग बंद हो गया। जिसके कारण मां पूर्णागिरि धाम में आने जाने वाले श्रद्धालुओं और आसपास के ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।लोडर मशीनों की सहायता से मलबा हटाकर दोपहर दो बजे बाद वाहनों की आवाजाही सुचारू की गई।

इधर जनपद की तीन ग्रामीण सड़कें दूसरे दिन भी बंद रहीं। शुक्रवार की शाम तक पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा नहीं हुई, जिससे मलबा गिरने की बड़ी घटनाएं सामने नहीं आईं। बाटनागाड़ में मलबा आने से पूर्णागिरि मार्ग बंद हो गया। आठ घंटे तक सड़क नहीं खुल पाई। लोनिवि द्वारा लोडर मशीनें लगाकर मलबा हटाया गया। उबड़ खाबड़ मार्ग की वजह से छोटे वाहन को निकालने में काफी नुकसान हुआ। सड़क बंद होने के दौरान कई श्रद्धालु पैदल ही उचौलीगोठ पार्किंग से पूर्णागिरि दर्शन को गए। इसी मार्ग पर बाटनागाड़ से पहले बहने वाला किरोड़ नाला भी आफत का कारण बन गया। सुबह नौ बजे नाले के उफान में आने से दो घंटे तक आवागमन ठप रहा।

पूर्णागिरि मार्ग के बाटनागाड़ में आए मलबे में फंसे वाहन और श्रद्धालु। ● अमृत विचार

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 920 फ्लैग 1030 डीएमओ 820 बोल्ड 1095, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 910 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 830।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

3.4% बढ़ गईं सरकार की सकल देनदारियां

वित्त मंत्रालय के मुताबिक मार्च के अंत में बढ़कर 171.78 लाख करोड़ रुपये हुईं

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार की कुल सकल देनदारियां दिसंबर के अंत में 166.14 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2024 के अंत में 171.78 लाख करोड़ रुपये हो गईं। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

सार्वजनिक ऋण प्रबंधन तिमाही रिपोर्ट (जनवरी-मार्च, 2024) में कहा गया कि यह आंकड़ा तिमाही आधार पर 3.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक समीक्षाधीन तिमाही के दौरान सार्वजनिक ऋण कुल सकल देनदारियों का 90.2 प्रतिशत था। इसमें कहा गया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान, अंतरिम बजट में घोषित उधार योजना के अपेक्षा से कम रहने के चलते भारतीय घरेलू बॉन्ड के प्रतिफल में नरमी आई। राजकोषीय घाटे के काबू में रहने, एफपीआई प्रवाह और स्थिर मुद्रास्फीति से इसमें मदद मिली। दूसरी ओर, समीक्षाधीन तिमाही के दौरान अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल अस्थिर रहा, जो मुख्य रूप से फेडरल रिजर्व की कार्रवाई, मुद्रास्फीति और रोजगार डेटा से प्रभावित था।

समीक्षाधीन तिमाही के दौरान अमेरिकी 10 वर्षीय प्रतिफल 4.33 प्रतिशत के उच्च स्तर पर पहुंच गया। रिपोर्ट के मुताबिक नए निर्गमों पर भारित औसत प्रतिफल 2023-24 की तीसरी तिमाही के 7.37 प्रतिशत की तुलना में 2023-24 की चौथी तिमाही में 7.19 प्रतिशत तक नरम हो गया। इसके अलावा, दिनांकित प्रतिभूतियों के निर्गमों की भारित औसत परिपक्वता 2023-24 की चौथी तिमाही में 18.75 वर्ष हो गई। यह 2023-24 की तीसरी तिमाही में 18.80 थी।

लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में नहीं हुआ बदलाव

सरकार ने सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) एवं अन्य लघु बचत योजनाओं पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए ब्याज दरों में कोई भी बदलाव नहीं करने की शुक्रवार को घोषणा की। एक जुलाई, 2024 से शुरू होने वाली तिमाही के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को यथावत रखा गया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा-वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (एक जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें पहली तिमाही (एक मार्च से 30 जून 2024 तक) के लिए अधिसूचित दरों के समान ही रहेंगी। अधिसूचना के मुताबिक, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर दर 7.1 प्रतिशत रहेगी। पीपीएफ और डाकघर बचत जमा योजना की ब्याज दरें भी क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बनी रहेंगी। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी तथा यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। जुलाई-सितंबर 2024 की अवधि के लिए राष्ट्रीय बचत पत्र (एनएससी) पर ब्याज दर 7.7 प्रतिशत रहेगी। सितंबर तिमाही में भी डाकघर मासिक आय योजना के निवेशकों को पहले की तरह 7.4 प्रतिशत ब्याज देगी।

ग्रामीण बैंकों का उनके प्रायोजक बैंक में हो विलय

संवाददाता, अमृत विचार

- बैंकों के दो प्रमुख अधिकारी कर्मचारी संगठनों ने की मांग
- 43 ग्रामीण बैंक राष्ट्रीयकृत बैंक से मूल रूप से हैं जुड़े

बरेली: अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ और ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र भेजकर सभी 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को उनके प्रायोजक बैंक में विलय करने का अनुरोध किया है। इन संगठनों का कहना है कि इस कदम से बैंकों की प्रगति होगी और यह एकरूपता के लिए भी जरूरी है।

हालांकि यह मांग कर्मचारी संगठनों द्वारा पहले भी उठाई जाती रही है। ग्रामीण बैंकों के अधिकारियों ने इसको लेकर आंदोलन भी किए थे। ऐसा दावा किया जा रहा है कि अगर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का अपने प्रायोजक बैंक में विलय होता है तो ग्रामीण बैंकों में स्टाफ की कमी की समस्या का समाधान होगा। साथ ही आपसी प्रतिस्पर्धा पर विराम लगेगा और ग्रामीण बैंक के अधिकारी-कर्मचारी बैंकिंग की नई और मुख्य धारा में जुड़ सकेंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भी बेहद जरूरी है।

ग्रामीण बैंकों के प्रायोजक बैंक में विलय के बारे में बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा का कहना है कि अब आगे यह देखना होगा कि क्या केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण यूनियन के प्रस्ताव को स्वीकार कर विलय को तैयार होंगी।

देशभर में 22 हजार ग्रामीण बैंकों की शाखाएं

बता दें कि ग्रामीण बैंकों की शाखाएं सुदूर ग्रामीण अंचल में फैली हुई हैं। पूरे देश में इनकी संख्या 22 हजार के करीब है। देशभर के 702 जिलों में कुल 30 करोड़ जमा खाते और करीब 3 करोड़ लोन खाते हैं। पंजाब एंड सिंध बैंक को छोड़कर सभी ग्रामीण बैंक किसी ने किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से मूल रूप से जुड़े हुए हैं। देश भर में ग्रामीण बैंकों की 92 प्रतिशत शाखाएं ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्र में काम कर रही हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,350
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,650
गिन्नी (प्रति नग)	54,900-55,100
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,800
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,650
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,500
चांदी तैयार	89,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,400
सोना जेवरात गिन्नी	71,400
चांदी पक्की	878 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,750
चांदी आभूषण	89,300।

सोने की कीमत में 370 और चांदी में 600 रुपये की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 370 रुपये की तेजी के साथ 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू बाजार में मूल्यवान धातु मजबूत हुआ। बता दें कि पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,180 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 600 रुपये की तेजी के साथ 91,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई जो पिछले कारोबारी सत्र में 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।

आंकड़ों की गणना पद्धति में पूर्वाग्रहों को हटाना जरूरीः दास

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कृत्रिम मेधा (एआई) एवं मशीन लर्निंग का इस्तेमाल बढ़ने से आंकड़ों की गणना-पद्धति (एल्गोरिद्म) में पूर्वाग्रहों को खत्म करने की जरूरत बताई।

दास ने केंद्रीय बैंक की तरफ से आयोजित 18वें सांख्यिकी दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में निष्कर्ष निकालने के लिए सांख्यिकी का इस्तेमाल एक पसंदीदा साधन के तौर पर लगातार बढ़ रहा है और यह क्षेत्र अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए तथ्यों के संग्रह से आगे बढ़कर व्याख्या एवं निष्कर्ष निकालने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि नजरिये में आए इस बदलाव ने सांख्यिकी को अन्य प्रमुख विषयों का अभिन्न अंग बनने की छूट दी है। निर्णय निर्माण की दक्षता में सुधार और मानवीय ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगकर्ता के अनुभव को समृद्ध करने के लिए सांख्यिकीय तरीकों को अपनाने में कंप्यूटिंग की बढ़ी ताकत का तेजी से इस्तेमाल हो रहा है।

शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी का दौर थमा, सेंसेक्स 210 अंक फिसला

मुंबई। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर शुक्रवार को बैंक, वित्त एवं प्रौद्योगिकी शेयरों में मुनाफावसूली आने के कारण पिछले चार सत्रों से जारी तेजी का दौर थम गया। दोनों ही मानक सूचकांक हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 210.45 अंक यानी 0.27 प्रतिशत गिरकर 79,032.73 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 33.90 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,010.60 पर बंद हुआ।

आठ बुनियादी ढांचा उद्योग मई में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़े

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी, उर्वरक व इस्पात क्षेत्र में उत्पादन बढ़ा

कोयला, प्राकृतिक गैस और बिजली क्षेत्र के उत्पादन में अच्छी वृद्धि होने से मई के महीने में देश के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 6.3 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अप्रैल में इन आठ क्षेत्रों का उत्पादन 6.7 प्रतिशत बढ़ा था। इन प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों की वृद्धि दर मई 2023 में 5.2 प्रतिशत थी। इन क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार उर्वरक, कच्चे तेल और सीमेंट उत्पादन में मई के दौरान नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में इन ढांचागत क्षेत्रों का उत्पादन 6.5 प्रतिशत बढ़ा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में इन आठ बुनियादी ढांचा उद्योगों का सम्मिलित रूप से योगदान 40.27 प्रतिशत है।

राष्ट्रीय

सदन में विपक्षी सदस्यों का आचरण बेहद पीड़ादायी : धनखड़

राज्यसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के आसन के समक्ष आने को लेकर सभापति ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार को घेरते हुए हंगामा किए जाने के बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सदन में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक के स्वयं आसन के समक्ष आ जाने पर क्षोभ व्यक्त करते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि वरिष्ठों के सदन में यह आचरण उन्होंने किया जिनसे नेतृत्व की अपेक्षा की जाती है। सभापति धनखड़ ने कहा-सदन में (विपक्षी सदस्यों द्वारा) जिस तरह का आचरण किया गया, वह अविश्वसनीय है, वह मेरे लिए बेहद पीड़ादायी है।

उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे वरिष्ठ नेता हैं, वह सदन में विपक्ष के नेता हैं, लेकिन वह आज आसन के समक्ष आ गए। सभापति ने कहा कि सदन में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक भी आसन के समक्ष आ गए। उन्होंने कहा-यह बेहद पीड़ादायी आचरण है। हमें नेता प्रतिपक्ष से ऐसे आचरण की उम्मीद करते हैं जो नजीर बने। उन्होंने कहा कि-मेरे लिए जो बेहद पीड़ादायी बात है वह यह है कि उन्होंने बाहर जा कर भ्रामक बातें कहीं, बिल्कुल गलत बातें कहीं, बिल्कुल झूठ कहा। उन्होंने जो कहा वह विरोधाभासी है। सभापति ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा पर आघात पहुंचाया गया, उसे तार-तार किया गया और वरिष्ठों के सदन में यह सब उन्होंने किया जिनसे नेतृत्व की अपेक्षा की जाती है। इस पर विरोध जताते हुए विपक्षी सदस्य सदन से वाकआउट कर गए। इससे पहले सभापति कहा था कि नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे स्वयं आसन के समक्ष आ गये जो पहले कभी नहीं हुआ। सभापति ने यह टिप्पणी उस समय की जब विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे। नीट-यूजी से जुड़ी कथित अनियमितताओं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की 'नाकामी' और पेपर लीक से जुड़े मुद्दों पर विपक्षी सदस्य आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद से ही चर्चा कराने की मांग पर हंगामा कर रहे थे।

सभापति ने विपक्ष से सौतेला व्यवहार किया : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह उच्च सदन में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) का विषय उठाना चाहते थे, लेकिन सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें अपमानित करने के लिए जानबूझकर नजरअंदाज किया। खरगे ने यह दावा भी किया कि विपक्ष के प्रति सभापति का व्यवहार सौतेला था। उधर, राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार को घेरते हुए हंगामा किए जाने के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में कहा कि नेता प्रतिपक्ष खरगे स्वयं आसन के समक्ष आ गये जो पहले कभी नहीं हुआ। सभापति ने यह टिप्पणी उस समय की जब विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे। नीट-यूजी से जुड़ी कथित अनियमितताओं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की 'नाकामी' और पेपर लीक से जुड़े मुद्दों पर विपक्षी सदस्य आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद से ही चर्चा कराने की मांग पर हंगामा कर रहे थे। बाद में खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया कि गत सात वर्षों में 70 पेपर लीक हुए हैं, करोड़ों युवाओं से मोदी सरकार ने विश्वासघात किया है।

चेन्नई हवाई अड्डे पर 21 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त

चेन्नई। तमिलनाडु के चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घाना से आई एक महिला हवाई यात्री के पास से 21 करोड़ रुपये मूल्य की दो किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की गई है। सीमा शुल्क विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पश्चिमी अफ्रीकी देश की रहने वाली महिला 26 जून को चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंची, जहां अधिकारियों ने उसे रोक लिया। चेन्नई अतंर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के सीमा शुल्क के प्रधान आयुक्त आर श्रीनिवास ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि महिला ने बैग और जूतों में पाउडर के रूप में मादक पदार्थ छिपा रखा था। टीम ने महिला से 21 करोड़ रुपये मूल्य की 2,095 ग्राम कोकीन बरामद की। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

नीट मामले में दो और अभियुक्तों की सीबीआई रिमांड का आदेश

पटना, एजेंसी

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में जेल में बंद दो और अभियुक्तों को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।

सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है। विशेष अदालत ने जेल में बंद अभियुक्त आशुतोष और मनीष से हिरासती पूछताछ के लिए 29 जून 2024 से 04 जुलाई 2024 तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार, बेउर के अधीक्षक को दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों अभियुक्तों की चिकित्सकीय जांच करने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी और फिर चिकित्सकीय जांच कराकर उन्हें 04 जुलाई 2024 को दिन के 11:00 बजे तक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर देना है। इससे पूर्व अदालत ने 26 जून 2024 को इस मामले के दो अन्य अभियुक्त चिंटू उर्फ बलदेव और मुकेश से पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए एक सप्ताह के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया था। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के आदेश के बाद सीबीआई ने इस मामले में पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी पर मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है।

एक नजर

हैदराबाद पुलिस ने साइबर अपराध मामला 11 मिनट में सुलझाया

हैदराबाद। हैदराबाद शहर की साइबर अपराध पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को साइबर धोखाधड़ी में 18 लाख रुपये गंवाने से बचा लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अंबरपेट निवासी 31 वर्षीय व्यक्ति एक प्रतिष्ठित कंपनी में बतौर सॉफ्टवेयर कर्मचारी काम करता है और किसी ने उसके आईसीआईसीआई बैंक खाते से 18 लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया था। पीड़ित व्यक्ति को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने उसके पैसे हड़प लिए थे।

बीएसएफ प्रमुख ने तैयारियों की समीक्षा की

जम्मू। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने शुक्रवार को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात जवानों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जवानों के पेशवर रुख और उनके समर्पण की सराहना की। बीएसएफ प्रमुख का 'जम्मू फ्रंटियर' का दौरा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिल्ली में एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित करने के कुछ दिनों बाद हुआ है। शाह ने जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने को कहा था।

कर्नाटक के हावेरी में सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत, चार घायल

हावेरी (कर्नाटक), एजेंसी

- सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई वैन

कर्नाटक के हावेरी में ब्यादगी तालुक के गुंडेनहल्ली चौक पर शुक्रवार तड़के ट्रक से एक वैन के कथित तौर पर टकरा जाने से उसमें सवार दो बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि इस हादसे में मारे गए दोनों बच्चे चार और छह साल के थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना तड़के करीब पौने चार बजे उस समय हुई जब वैन हावेरी जिले के ब्यादगी में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वैन में कुल 17 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि इनमें से 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य लोगों को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि चार घायलों में से दो अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती हैं। हावेरी के पुलिस अधीक्षक अंशु कुमार श्रीवास्तव ने कहा-पीड़ित चिंचोली मायाक्का देवस्थान से शिवमोगा जिले में अपने गांव येमेहट्टी जा रहे थे। ट्रक राजमार्ग के किनारे खड़ा था। टेम्पो ट्रैवलर ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि शवों को शवगृह में ले जाया गया है और घायलों को हावेरी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया बस चालक को नींद आ जाने के कारण यह दुर्घटना हुई।

उन्होंने बताया कि इस टक्कर के कारण शव वैन के क्षतिग्रस्त हिस्सों में फंस गए और अग्निशमन विभाग को उन्हें निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान नागेश(50), विशालाक्षी (40), आदर्श (23), परशुराम (45), भाग्य (40), पुण्या (50), मनसा(24), रूपा (40), सुभद्रा बाई (65), मंजुला बाई (62) और मंजुला (50) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में से एक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि नागेश, विशालाक्षी और अर्पिता (18) एक ही परिवार के सदस्य थे।

राजभवन ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की

कोलकाता, एजेंसी

- राजभवन में महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में दिया था बयान

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर गतिरोध के बीच पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस के कार्यालय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उनके उस बयान के लिए आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि महिलाएं राजभवन जाने में कथित तौर पर असुरक्षित महसूस करती हैं। राजभवन ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे गलत धारणा न बनाएं।

बारानगर की विधायक सायंतिका बंद्योपाध्याय और भागबंगोला के विधायक रयात हुसैन सरकार ने बोस के अनुरोध के अनुसार राजभवन में शपथ लेने से इनकार कर दिया, इसके बजाय वे विधानसभा में शपथ ग्रहण पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार से धरना दे रहे हैं। राजभवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे संविधान का सम्मान करें तथा ऐसी गलत धारणाएं बनाने से बचें, जिससे राज्यपाल पर आक्षेप लग सकता है। मुख्यमंत्री बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि बोस को शपथ ग्रहण प्रक्रिया में बाधा डालने का कोई अधिकार नहीं है।

वीरशैव लिंगायत के धर्मगुरु ने मुख्यमंत्री पद समुदाय को देने की मांग की

चिकोडी(कर्नाटक)। वोक्कालिगा महंत द्वारा सार्वजनिक रूप से कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पद छोड़ने और उप मुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार के लिए मार्ग प्रशस्त करने की अपील करने के एक दिन बाद वीरशैव लिंगायत समुदाय के प्रमुख महंत ने शुक्रवार को अपील की कि मुख्यमंत्री बदलने की स्थिति में उनके समुदाय के मंत्रियों के नामों पर विचार किया जाए। श्रीशैल जगदगुरु चन्ना सिद्धर्म पंडितराध्याय स्वामीजी ने उप मुख्यमंत्री के और पद सृजित करने की स्थिति में वीरशैव-लिंगायत समुदाय के मंत्रियों को उक्त पद देने पर विचार करने की भी मांग की। उन्होंने रेखांकित किया कि राज्य में सरकार बनाने के लिए उनके समुदाय के मत अहम रहे हैं।

गायों और बैलों की हत्या के मामले में 24 लोग गिरफ्तार

भोपाल। मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में पिछले सप्ताह गायों समेत 60 से अधिक गोवंशीय पशुओं की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए आठ आरोपी नागपुर के हैं और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने के लिए इन पशुओं को मारने की साजिश रची गई थी। सिवनी के पिंडराई गांव के पास वैनगंगा नदी में 18 गायों के कटे हुए शव बरामद किये गये थे जबकि जिले के धूमा थानाक्षेत्र के काकरतला वन क्षेत्र में 19 और 20 जून को 28 गायों और बैलों के शव मिले थे।

चिराग पासवान ने खुद को योग्य साबित किया : मोदी

- प्रधानमंत्री ने लोजपा सांसदों से मुलाकात की

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पार्टी सांसदों के साथ नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रमुख घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसदों से मुलाकात की और कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने खुद को योग्य साबित किया है और वह अपने पिता के सपनों को पूरा कर रहे हैं। चिराग पासवान लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष हैं और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के बेटे हैं।

समाजवादी नेता रामविलास पासवान ने लोजपा का गठन किया था और उनके निधन के बाद पार्टी दो धड़ों में विभाजित हो गई थी। एक धड़े का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री व रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस कर रहे हैं, जबकि दूसरे धड़े का नेतृत्व चिराग पासवान के हाथों में है। दोनों ही धड़े राजग के सदस्य हैं। लोकसभा चुनाव के लिये सीट के बंटवारे को लेकर हुए समझौते के तहत भाजपा ने लोजपा (रामविलास) को पांच सीट दी थीं, जबकि पशुपति पारस नीत पार्टी को एक भी सीट नहीं दिया था। भाजपा पर अपनी पार्टी को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए पारस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। प्रधानमंत्री ने मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, रामविलास पासवान जी मेरे बहुत प्रिय मित्र थे, जिनकी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि मुझे बहुत याद आती है। मुझे खुशी है कि चिराग पासवान ने खुद को योग्य साबित किया है और रामविलास जी के सपनों को पूरा कर रहे हैं।

फाइनल में भारत के सामने दक्षिण अफ्रीका की दमदार चुनौती

ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी

कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम शनिवार को जब टी-20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसके सामने पिछले 10 साल से अधिक के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करने की चुनौती होगी। अपने फाइनल तक के अभियान में दोनों टीमें अजेय रही हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंटों के कई फाइनल मैचों को खेलने के अनुभव के कारण भारत का पलड़ा भारी होगा।

दक्षिण अफ्रीका 1998 के बाद पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। टूर्नामेंट में भारत का अभियान पिछले साल घरेलू वनडे विश्व कप के समान ही रहा है, जहां वे फाइनल में पहुंचे थे लेकिन खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने उनसे बेहतर प्रदर्शन किया था। भारत यहां भी अब तक सर्वश्रेष्ठ टीम रहा है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार उनके सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती नहीं है। दक्षिण अफ्रीका की आईसीसी स्पर्धाओं में एकमात्र जीत 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी में हुई थी। टीम चोकर्स के अपने तमगे को पीछे छोड़कर फाइनल में पहुंची है और वे खिताबी मुकाबले में भी इस तमगे को धत्ता बताने की कोशिश करेंगे। आईपीएल खिताब को अब तक सबसे बड़ी उपलब्धि बताने वाले उनके कुछ खिलाड़ियों के लिए विश्व कप ट्रॉफी सबसे बड़ा पुरस्कार होगा। गयाना में सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर जीत के बाद बाद प्रशंसकों और विशेषज्ञों की भावनाओं को देखा जाए तो रोहित शर्मा की टीम खिताब की प्रबल दावेदार होगी। भारत की टीम का संयोजन कैरेबियाई देशों की पिचों के मुताबिक है। टीम इस मैच में पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में एक लाख दर्शकों के सामने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली एकदिवसीय विश्व कप फाइनल की निराशा को पीछे छोड़ने के लिए बेकरार है। कप्तान ने कहा कि मैं जानता हूं कि फाइनल में भारत के साथ लंबे समय से समस्याएं रही हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि दक्षिण अफ्रीका कोई चुनौती पेश कर पाएगा। भारत अब तक टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम रही है और मैन टू मैन के मामले में भी दक्षिण अफ्रीका नजर आ रही है। इस विश्व कप में भारत शुरुआती चरण से बाहर हो गया था। एक कोच के रूप में टीम उन्हें यादगार विदाई देने की कोशिश करेगी।

भारत: रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

दक्षिण अफ्रीका: एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

भारतीय समय अनुसार मैच आज रात 8 बजे

टीम के लिए विश्व कप जीतना चाहते हैं द्रविड़

नई दिल्ली। भारतीय टीम टी20 विश्व कप फाइनल के लिए ब्रिजटाउन (बारबाडोस) में शनिवार को जब मैदान पर उतरेगी तो कोच के तौर पर इस टीम के साथ राहुल द्रविड़ का यह आखिरी मैच होगा। द्रविड़ का करार बीते नवंबर में वन-डे विश्व कप के बाद ही खत्म हो गया था लेकिन टीम प्रबंधन ने टी-20 विश्व कप तक उनसे इस जिम्मेदारी को निभाने का आग्रह किया था। टी20 विश्व कप के भारतीय प्रसारक ने सोशल मीडिया पर 'डूइटफोरद्रविड़' (द्रविड़ के लिए करो) का अभियान चलाया है जिस क्रिकेट जगत और प्रशंसकों का समर्थन मिल रहा है लेकिन 51 वर्षीय द्रविड़ इस वैश्विक खिताब को किसी व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि टीम के लिए जीतना चाहते हैं। द्रविड़ के लिए विश्व कप जीतना कोई व्यक्तिगत गौरव का क्षण नहीं होगा यह टीम की उपलब्धी होगी।

भारत को बेखौफ खेलते रहना होगा : गांगुली

कोलकाता। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में भारतीय टीम को बेखौफ खेलकर 11 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने की सलाह देते हुए कहा कि टीम को इस मुकाम तक लाने में रोहित शर्मा का अहम योगदान रहा है। भारतीय टीम जीत की दावेदार है। टीम के लिए 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेगी। गांगुली ने कहा कि मैं रोहित के लिए बहुत खुश हूं। यही जीवन चक्र है कि जो छह महीने पहले मुंबई इंडियंस का कप्तान भी नहीं थे अब उसकी अगुवाई में भारत विश्व कप के फाइनल में खेलेगा।

खेल डायरी

विश्व टेनिस लीग का तीसरा सत्र होगा अबू धाबी में

अबू धाबी। विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) का तीसरा सत्र 19 से 22 दिसंबर तक यहां एतिहाद एरेना में आयोजित किया जाएगा। चार दिवसीय कार्यक्रम में अपने पिछले सत्र में डेनियल मेदवेदेव, स्टेफानोस सितसिपास, आंद्रे रुबलेव, आर्यना सबलेंका, इगा स्वियातेक और एलेना रयबाकिना जैसे दिग्गजों ने हिस्सा लिया था। पिछले सत्र को मेदवेदेव, रुबलेव, मीरा एंड्रीवा और सोफिया केनिन की मौजूदगी वाली टीम पीबीजी ईगल्स ने जीता था। इस सत्र के लिए खिलाड़ियों की घोषणा बाद में की जाएगी।

ब्रिंदा-दीपा को यूके-इंडिया अवार्ड 2024 सम्मान

लंदन। भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और पैरालंपियन दीपा मलिक को विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले भारतीयों के सम्मान के लिए आयोजित एक समारोह में विशेष पुरस्कार से नवाजा गया है। लंदन में गुरुवार शाम को आयोजित इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के वार्षिक यूके-इंडिया अवार्ड्स 2024 में सकारात्मक सामाजिक बदलाव के लिए अरुणाचलम मुरुगनाथम ग्लोबल इंडियन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनके के साथ खेल के इन दिग्गजों को सम्मानित किया गया।

भारत ने वियतनाम को बैडमिंटन में हराया

नई दिल्ली। भारत ने इंडोनेशिया में चल रही बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में ग्रुप सी के मैच में वियतनाम को 5-0 से हराया। मिश्रित युगल में भार्गव राम और वेन्नाला के ने फाम वान टी और बुइ बिच फुओंग को 17-21, 21-19, 21-17 से मात दी। एकल में प्रणय शेट्टीगर ने टी कुओक के को 10-21, 21-18, 21-17 से हराकर भारत की बढत दुगुनी कर ली। तन्वी शर्मा ने टी थि अन को 21-13, 21-18 से हराया। भारत का सामना अब दूसरे दौर में फिलीपींस से होगा।

आद्या के सामने फाइनल में गौशिका की चुनौती

नई दिल्ली। दूसरी वरीयता प्राप्त आद्या बुधिया शनिवार को इस्लामाबाद में 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप के अंडर-13 लड़कियों के फाइनल में हमवतन गौशिका एम से भिड़ेंगी। लड़कों के अंडर-15 वर्ग के सेमीफाइनल में शिवेन अग्रवाल ने शुक्रवार को यहां चौथी वरीयता प्राप्त स्थानीय खिलाड़ी नौमान खान को शिकस्त दी। आद्या ने अंतिम चार मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त हांगकांग के चिउ हौ चिंग को शिकस्त दी जबकि चौथी वरीयता प्राप्त गौशिका ने मलेशिया की नौवीं वरीयता प्राप्त मैसरह बिनती मोहम्मद खैरुल निजाम को हराया।

शेफाली-मंधाना की रिकॉर्ड पारी से भारत मजबूत

एकमात्र महिला टेस्ट क्रिकेट के पहले दिन भारत ने बनाया 4 विकेट के नुकसान पर 525 रन का बड़ा स्कोर

शेफाली वर्मा	
205 रन	197 गेंद

स्मृति मंधाना	
149 रन	161 गेंद

चेन्नई, एजेंसी

युवा बल्लेबाज शेफाली वर्मा के रिकॉर्ड तोड़ दोहरे शतक से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र महिला क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को रिकार्डों की झड़ी लगा दी जिसमें एक दिन का सर्वोच्च स्कोर शामिल है।

शेफाली ने 194 गेंद में 205 रन और स्मृति मंधाना (149) के साथ 292 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने पहले दिन 4 विकेट पर 525 रन बनाए। शेफाली दोहरा शतक के बाद आउट हो गई। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 96 रन था। अपना पांचवां टेस्ट खेल रही शेफाली ने 23 चौके और आठ छक्के लगाये। पहले बल्लेबाजी करते हुए शेफाली और मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के अनुभवहीन गेंदबाजों को खासी नसीहत दी। दोनों लंच तक स्कोर बिना किसी नुकसान के 130 रन तक ले गए। दोनों का शतक एक ही समय पर पूरा हुआ। मंधाना को डेल्मी टकर ने स्लिप में लपकवाकर इस साझेदारी को तोड़ा। मंधाना का भी टेस्ट क्रिकेट में यह सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 127 रन था। टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए यह भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। महिला टेस्ट में किसी भी विकेट के लिए यह दूसरी बड़ी साझेदारी है। मंधाना की जगह आई सतीश शुभा 27 गेंद में 15 रन बनाकर आउट हो गई। जेमिमा रौड्रिग्स (55) ने हालांकि शेफाली का बखूबी साथ दिया। तेजी से रन चुराने के प्रयास में आपस में तालमेल नहीं बैठ पाने से शेफाली रन आउट हो गई। कप्तान हरमनप्रीत कौर 42 और रिचा घोष 43 रन बनाकर क्रीज पर है। भारत महिला टेस्ट मैच में एक दिन में 500 से अधिक रन बनाने वाली पहली टीम बन गई।

टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती द. अफ्रीकी गेंदबाज डेल्मी टकर।

शेफाली-मंधाना ने की बड़ी साझेदारी

शेफाली और स्मृति की जोड़ी ने टेस्ट के पहले दिन 292 रन की साझेदारी की जो महिला क्रिकेट में पहले विकेट का नया रिकॉर्ड है। दोनों ने 2004 में कराची में वेस्टइंडीज के खिलाफ पाकिस्तान की साजिदा शाह और किरण बलूच की 241 रन की साझेदारी को पीछे छोड़ दिया। 1987 में वेंदरबी में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे विकेट के लिए एलए रीलर और डीए एनेट्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के बीच 309 रन की साझेदारी के बाद महिला टेस्ट में किसी भी विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। शेफाली और मंधाना ने इस तरह 2021 में ब्रिस्टल में इंग्लैंड के खिलाफ 167 रन की अपनी पिछली सर्वश्रेष्ठ साझेदारी में सुधार किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड पूनम राउत और थिरुष कामिनी के नाम था, जिन्होंने मैसूर में 2014 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 275 की साझेदारी की थी। शेफाली टेस्ट में 150 से अधिक रन बनाने वाली भारत की चौथी खिलाड़ी बन गई। उनसे पहले मिताली राज, कामिनी और संध्या अग्रवाल ने यह कारनामा किया है।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी)			525/4 (98 ओवर)
	रन	गेंद	4/6
शेफाली वर्मा रन आउट	205	197	23/8
स्मृति मंधाना का डर्कसेन बो टकर	149	161	27/1
सतीश शुभा का जाफ्टा बो डि क्लेर्क	15	27	2/0
जेमिमा रौड्रिग्स का डि क्लेर्क बो टकर	55	94	8/0
हरमनप्रीत कौर नाबाद	42	76	2/0
रिचा घोष नाबाद	43	33	9/0

अतिरिक्त -16 रन, **विकेट पतन:** 1-292, 2-325, 3-411, 4-450
गेंदबाज: क्लास 14-2-63-0, डेर्कसन 11-0-60-0, डि क्लेर्क 0-1-62-1, सेखुखुने 10-0-55-0, एमलाबा 24-1-113-0, टकर 26-1-141-2, लुस 3-0-15-0

मनु पर डोपिंग में फंसने का खतरा

नाडा ने एएफआई से प्रतियोगिता में रोकने के लिए कहा

पंचकुला (हरियाणा), एजेंसी

भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के निर्देश पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने प्रतियोगिताओं से दूर रहने के लिए कहा है क्योंकि ओलंपिक का टिकट पक्का करने के करीब पहुंच चुका यह खिलाड़ी डोपिंग के संदेह में है।

एशियाई चैंपियनशिप 2023 में रजत पदक जीतने वाले इस खिलाड़ी का विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से ओलंपिक क्वालीफिकेशन लगभग निश्चित था। इस मामले के सामने आने के बाद हालांकि उनका पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होना तय है। वह गुरुवार से शुरू हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप के लिए शुरुआती प्रवेश सूची में थे लेकिन बाद में जारी सूची से उनका नाम हटा दिया गया।

एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने बताया कि नाडा ने महासंघ से मनु को प्रतियोगिताओं से रोकने के लिए कहा है लेकिन उन्होंने इसकी पुष्टि नहीं की कि एथलीट ने डोपिंग अपराध किया है या नहीं। सुमरिवाला ने कहा कि ऐसा कुछ हो सकता है, लेकिन हम अभी नहीं जानते कि वास्तविक कारण क्या है। कल एएफआई कार्यालय (नाडा से) को एक फोन आया था कि उसे (मनु को) प्रतियोगिताओं से रोक दिया जाए।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा कोई विवरण नहीं दिया गया है। मुझे लगता है कि डीपी मनु खुद नाडा से पता लगा रहा है कि इसके पीछे क्या कारण है। मनु 15 से 19 मई तक भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.06 मीटर के थ्रो के साथ नीरज चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने एक जून को ताइपे शहर में ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 81.58 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

त्रीसा और गायत्री क्वार्टर फाइनल में

फोर्ट वर्थ (अमेरिका), एजेंसी

भारत के प्रियांशु राजावत ने चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को सीधे गेम में हराकर यहां चल रहे अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ऑरलियन्स मास्टर्स 2023 के विजेता और यहां आठवें वरीय राजावत ने हुआंग पर 21-18 21-16 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के चौथी वरीयता प्राप्त लेई लैन शी से होगा।

महिला एकल में सातवीं वरीय मालविका बंसोड़ भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। उन्होंने चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा को 15-21 21-19 21-14 से हराया। मालविका को अब स्कॉटलैंड की तीसरी वरीय क्रिस्टी गिलमोर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

महिला युगल में राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। इस भारतीय जोड़ी ने दूसरे दौर में चीनी ताइपे की हसीह पेई शान और हंग एन त्जु को 16-21 21-11 21-19 से पराजित किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को पहले दौर में बाइ मिली थी। उनका अगला मुकाबला रुई हिरोकामी और युना काटो की छठी वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी से होगा।

नागल को विम्बलडन में मुश्किल ड्रॉ

लंदन। पहली बार विम्बलडन पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ में खेल रहे भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल को मुश्किल ड्रॉ मिला है, जिसमें पहले दौर में उनका सामना सर्बिया के मियोमिर केसमानोविच से होगा। दुनिया के 72वें नंबर के खिलाड़ी नागल की राह कठिन होगी क्योंकि नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनेर भी इसी ड्रॉ में हैं और तीसरे दौर में उनसे टक्कर हो सकती है। नागल के लिए पहले दौर की बाधा पार करना भी आसान नहीं होगा क्योंकि उनका सामना रैंकिंग में अपने से 20 पायदान ऊंचे खिलाड़ी से है। नागल अगर पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा और नीदरलैंड के टालोन ग्रीक्सपूर के बीच होने वाले मैच के विजेता से टक्कर हो सकती है। ओलंपिक जा रहे नागल 2018 में पुरुष एकल पहले दौर के क्वालीफायर में पोलैंड के कामिल एम से हार गए थे। नागल ने आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में कजाखस्तान के अलेक्जेंडर को मात दी थी। उन्होंने चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनाई। पुरुष युगल में रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन का सामना फ्रांस के एड्रियन मानारिनो और जियोवान्नि एम पेरिकार्ड से होगा।

वीह को रेड कार्ड मिलने के बाद पनामा ने अमेरिका को हराया

अटलांटा, एजेंसी

टिम वीह को मैच के शुरू में ही रेड कार्ड मिलने से 10 खिलाड़ियों से खेल रहे अमेरिका को पनामा से 1-2 से हार मिली, जिससे उसकी कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों पर पानी फिर गया। जोस फजार्डो ने 83वें मिनट में बैकअप गोलकीपर एथन होर्वाथ को छकाकर पनामा की तरफ से गोल किया। इससे पहले फोलारिन बालोगुन ने 22वें मिनट में अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन सीजर ब्लैकमैन ने 26वें मिनट में स्कोर बराबर किया। अमेरिका को वीह की कमी खली जिन्हें मैच के 18वें मिनट में साल्वाडोर के रेफरी इवान बार्टन ने रॉड्रिक मिलर के सिर पर मुक्का मारने पर रेड कार्ड देकर बाहर भेज दिया था।

गोल के लिए संघर्ष करते अमेरिका और पनामा के खिलाड़ी।

उरुग्वे ने बोलिविया को 5-0 से हराया

ईस्ट रदरफोर्ड, एजेंसी

डार्विन नुनेज़ ने अपने लगातार सातवें अंतरराष्ट्रीय मैच में गोल किया, जिससे उरुग्वे ने गुरुवार रात को बोलिविया को 5-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। फ़ेकुंडो पेलिस्ट्री ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिलाई जबकि नुनेज़ ने 21वें मिनट में की अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से पिछले सात मैचों में 10वें और कुल 25 मैचों में 13वें गोल के साथ इसे दोगुना कर दिया। मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 77वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया तथा फेडेरिको वाल्वरडे (81वें मिनट) और रोड्रिगो बेंटानकुर (89वें मिनट) ने गोल करके उरुग्वे को बड़ी जीत दिलाई। उरुग्वे के इस जीत से 6 अंक हो गए हैं और वह सोमवार को अमेरिका के खिलाफ होने वाले मैच को ड्रा कराने पर भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगा।

गुकेश-प्रज्ञाननंदा ने अपनी बाजियां ड्रॉ खेलीं

super bet CHESS CLASSIC

बुखारेस्ट (रोमानिया), एजेंसी

डी गुकेश

आर प्रज्ञाननंदा

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने सुपरबेट शतरंज क्लासिक के दूसरे दौर में रूस के इयान नेपोमनियाचची से कड़े मुकाबले में ड्रा खेला, जबकि एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने भी फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से अंक बांटे।

अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना अपनी एक गलती के कारण हमवतन वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने से चूक गए जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया। हॉलैंड के अनीश गिरी इस 350000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में सबसे कम रैंकिंग के खिलाड़ी रोमानिया के डेक बोगदान डैनियल के खिलाफ अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें अंक बांटने पड़े। डबल राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में अब जब के सात दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है तब गुकेश और कारुआना 1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से बढ़त पर हैं। उनके बाद अलीरेजा, प्रज्ञाननंदा, गिरी, वेस्ली, वाचियर लाग्रेव और नेपोमनियाचची का नंबर आता है, जिनके एक-एक अंक हैं। डेक बोगदान डैनियल और अब्दुसत्तोरोव के आधा-आधा अंक हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

आस्था

जम्मू से संतो का यह जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए शुक्रवार रात को बालटाल के लिए निकला। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए सभी जयकारे लगाते नजर आए। ● एजेंसी

पहली डिबेट में एक दूसरे को खराब राष्ट्रपति बताया, दोनों में जमकर चले आरोप-प्रत्यारोप

पहली अमेरिकी राष्ट्रपति डिबेट में ट्रंप से हारे बाइडेन

अटलांटा, एजेंसी

राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के बीच राष्ट्रपति पद की चुनाव प्रक्रिया की पहली बहस के दौरान अर्थव्यवस्था, सीमा, विदेश नीति, गर्भपात और राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति पर बहस हुई। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे को झूठा और अमेरिकी इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति करार दिया। डिबेट में ट्रंप ने बाइडेन को हरा दिया।

गुरुवार रात को बाइडन और ट्रंप के बीच लगभग 90 मिनट हुई बहस के दौरान दोनों ने एक-दूसरे पर निजी हमले किए। बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को मूर्ख और हारा हुआ व्यक्ति करार दिया। डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवार बाइडन ने ट्रंप का जिक्र करते हुए कहा, मैं हाल में 'डी-डे' के लिए फ्रांस में था और मैंने उन सभी नायकों के बारे में बात की जिन्होंने जान न्यौछावर की। मैं द्वितीय विश्व युद्ध और प्रथम विश्व युद्ध में मारे गए नायकों के कब्रिस्तान में गया, जहां उन्होंने (ट्रंप) जाने से इनकार कर दिया था। तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप ने 2018 के दौरे के दौरान इस कब्रिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया था। उम्र के मामले में 81 वर्षीय बाइडन ने याद दिलाया कि 78 वर्षीय ट्रंप उनसे केवल तीन साल छोटे हैं। न्यूयॉर्क में एक पोर्न स्टार को गुप्त रूप से धन देने के मामले में ट्रंप को दोषी ठहराए जाने का हवाला देते हुए बाइडन ने उन्हें अपराधी कहा था, जिस पर पलटवार करते हुए ट्रंप ने बाइडन को अपराधी कहा। ट्रंप ने बाइडन के बेटे हंटर बाइडन को बंदूक खरीद से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराए जाने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि उनका बेटा एक बहुत ही उच्च स्तर का अपराधी है।

ट्रंप प्रशासन में सेवा देने में सम्मानित महसूस करूंगा

अटलांटा। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कभी प्रतिद्वंद्वी रहे भारतीय मूल के अमेरिकी उद्योगपति विवेक रामास्वामी ने कहा है कि वैसे तो उनसे कहा नहीं गया है लेकिन वह ट्रंप प्रशासन में दूसरे नंबर (उपराष्ट्रपति पद) पर रहकर अपनी सेवा देने में 'सम्मानित' महसूस करेंगे।

● 90 मिनट की लंबी बहस के में दोनों ने एक-दूसरे पर किए निजी हमले

● बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को मूर्ख और हारा हुआ व्यक्ति करार दिया

अधिकतर लोगों ने ट्रंप को बताया विजयी : सीएनएन

अटलांटा। पहली बहस (डीबेट) देखने वाले ज्यादातर लोगों की नजर में मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के मुकाबले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रदर्शन बेहतर रहा। एसएसआरएस द्वारा आयोजित सीएनएन फ्लैश सर्वेक्षण के अनुसार, बहस देखने वाले पंजीकृत लोगों में से 67 प्रतिशत से 33 प्रतिशत ने कहा कि ट्रंप ने बेहतर प्रदर्शन किया। बहस से पहले उन्हीं मतदाताओं (55 प्रतिशत से 45 प्रतिशत) ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बाइडन के मुकाबले ट्रंप बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

एक नजर

तिरुवनंतपुरम-मुंबई उड़ान में बम की धमकी

मुंबई। विस्तारा की तिरुवनंतपुरम-मुंबई उड़ान में शुक्रवार को बम की धमकी मिली जिसके बाद वहां तलाशी ली गई। पुलिस ने यह जानकारी दी है। सहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि चालक दल के एक सदस्य को विमान में बम होने की एक पर्ची मिली। उन्होंने बताया कि विमान के दोपहर करीब सवा तीन बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही एयरलाइन ने पुलिस को इसकी सूचना दी।

अमेरिकी ड्रोन उड़ानों की संख्या में बढ़ोतरी : रूस

मॉस्को। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि काला सागर के ऊपर अमेरिकी रणनीतिक ड्रोनों की गतिविधियां बढ़ गई हैं और वे यूक्रेन को आपूर्ति किए गए पश्चिमी हथियारों के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के लिए टोह ले रहे हैं। मंत्रालय ने कहा रूसी रक्षा मंत्रालय ने काला सागर के ऊपर अमेरिकी रणनीतिक ड्रोनों की उड़ानों की बढ़ती संख्या पर कड़ी निगरानी रखी है।

स्लोवाकिया में ट्रेन व बस की टक्कर में 7 लोगों की मौत

ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया)। दक्षिणी स्लोवाकिया में एक ट्रेन और एक बस के बीच टक्कर हो जाने से सात लोगों की मौत हो गई। स्लोवाकिया के परिवहन मंत्री जोजेफ राज ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चेक गणराज्य की राजधानी प्राग से स्लोवाकिया होते हुए हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट जा रही इस यूरोसिटी ट्रेन में लगभग 200 लोग सवार थे। यह हादसा बृहस्पतिवार को स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजे के बाद नोवे जाम्की शहर के निकट एक 'क्रॉसिंग' पर हुआ। हादसे के बाद ट्रेन के इंजन में आग लग गई, जबकि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर दो भागों में टूट गई।

जेएएक्सए ने खराब मौसम के कारण प्रक्षेपण स्थगित

टोक्यो। खराब मौसम की आशंका के बीच जापान ने अपने नए एच-3 रॉकेट के माध्यम से सप्ताहांत में एक उपग्रह का प्रस्तावित प्रक्षेपण सोमवार तक स्थगित कर दिया है। जेएएक्सए ने कहा कि शनिवार रात को बारिश और बिजली कड़कने की संभावना के मद्देनर उपग्रह प्रक्षेपण स्थगित किया गया है।

मनी लांड्रिग की रोकथाम के लिए भारत का मुरीद हुआ एफएटीएफ

भारत की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को स्वीकार किया, अब 2027 में देनी होगी रिपोर्ट

सिंगापुर, एजेंसी

देश में गैरकानूनी तरीके से पैसे का लेन देन करने, अवैध कमाई को पकड़ने और आतंकी संगठनों तक वित्तीय संसाधनों की पहुंच को रोकने के लिए भारत का रिकार्ड बहुत ही अच्छा है। वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) इससे इतना संतुष्ट है कि उसने भारत को जी-20 देशों के समूह में चयनित उन चार देशों की श्रेणी में रखा है, जिन्हें उन विषयों पर अपनी रिपोर्ट अब तीन वर्ष बाद वर्ष अक्टूबर 2027 में ही देनी होगी।

एफएटीएफ ने शुक्रवार को सिंगापुर में हुई अपनी पूर्ण बैठक के दौरान धन शोधन पर भारत की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को स्वीकार किया और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ इसकी कार्रवाई की प्रशंसा की। सरकार ने इस कदम की सराहना करते हुए इसे एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है। तीन दिवसीय पूर्ण बैठक के अंत में अपने संक्षिप्त बयान में एफएटीएफ ने कहा है कि भारत अपने मानदंडों के साथ तकनीकी अनुपालन के उच्चस्तर पर पहुंच गया है और धनशोधन एवं आतंकी वित्तपोषण के खिलाफ भारत की कोशिशों के बढ़िया नतीजे आ रहे हैं।

हालांकि, एफएटीएफ ने कहा कि भारत को धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण के मुकदमों की सुनवाई पूरी करने में होने वाली देरी का समाधान करने की जरूरत है। इसने कहा कि गुणवत्ता एवं निरंतरता समीक्षा पूरी होने के बाद देश के संबंध में अंतिम मूल्यांकन रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक नियमित फॉलोअप श्रेणी से संकेत मिलता है कि भारत को अनुशंसित कार्यों पर अक्टूबर 2027 में प्रगति रिपोर्ट पेश करने की जरूरत है।

वहीं, अधिक फॉलोअप श्रेणी में शामिल देशों को हर साल आगे की कार्रवाई से संबंधित रिपोर्ट पेश करनी होती है। पेरिस मुख्यालय वाला एफएटीएफ धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए वैश्विक कार्रवाई का नेतृत्व करता है।

सिंगापुर में एफएटीएफ की बैठक में मौजूद सदस्य। ● एजेंसी

अर्थव्यवस्था के लिहाज से भारत का प्रदर्शन अहम

नई दिल्ली में वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एफएटीएफ पारस्परिक मूल्यांकन में भारत का प्रदर्शन बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिहाज से खासा अहम है, क्योंकि यह वित्तीय प्रणाली की समग्र स्थिरता और अखंडता को दर्शाता है। एफएटीएफ दिशानिर्देशों के अंतर्गत भारत का पारस्परिक मूल्यांकन पिछली बार 2010 में किया गया था। इस मूल्यांकन का मकसद किसी देश की वित्तीय अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कानून और नीति बनाने तथा उन्हें लागू करने की क्षमता की पड़ताल करना है।

चीन की धमकी से ताइवान ने यात्रा से बचने का आग्रह

ताइपे (ताइवान)। ताइवान ने अपने नागरिकों से चीन और अर्ध-स्वायत्त चीनी क्षेत्रों हांगकांग और मकाऊ की यात्रा करने से बचने का आग्रह किया है। बीजिंग ने स्वशासित द्वीप ताइवान के लोकतंत्र की स्वतंत्रता के समर्थकों को मार डालने की धमकी दी थी, जिसके बाद ताइवान ने अपने नागरिकों से यह अपील की है।

मुख्यभूमि मामलों की परिषद के प्रवक्ता और इसके उप प्रमुख लियांग वेन-चेह ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह सलाह जारी की। ताइवान की ओर से यह अपील चीन की ओर से बढ़ती धमकियों के बीच आई है। चीन दावा करता है कि ताइवान उसका अपना क्षेत्र है और यदि आवश्यक हुआ तो वह बलपूर्वक उस पर कब्जा कर सकता है। स्वतंत्रता समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के लाई चिंग-ते के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद चीन ने ताइवान के स्वतंत्रता समर्थकों को खोज खोज कर मार डालने की धमकी दी है। चीन ने 2016 में डीपीपी की पूर्व राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन के चुनाव जीतने के बाद से ताइवान की सरकार के साथ सभी तरह के संपर्क से इनकार कर दिया है।

अमेरिका की जारी धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारत ने कहा- वोट बैंक की सोच से प्रेरित है अमेरिकी विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट

भारत ने अमेरिका के विदेश मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रतता पर जारी रिपोर्ट में की गई आलोचना को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण और वोट बैंक की सोच से प्रेरित है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने रिपोर्ट खारिज करते हुए कहा कि इसमें पहले से ही तय विमर्श को आगे बढ़ाने के लिए चुनिंदा घटनाओं को चुना गया है और यहां तक कि भारतीय अदालतों द्वारा सुनाए गए कुछ कानूनी निर्णयों की सत्यनिष्ठा को भी चुनौती दी गई है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की धार्मिक स्वतंत्रता-2023 की रिपोर्ट में भारत में अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों की हत्याओं और हमलों सहित हिंसक हमलों का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में हिंसा का भी हवाला दिया गया है। जायसवाल ने कहा अतीत की तरह, यह रिपोर्ट भी अत्यधिक पक्षपातपूर्ण है, इसमें भारत के सामाजिक ताने-बाने की समझ का अभाव है तथा यह स्पष्ट रूप से वोट बैंक की सोच और निर्देशात्मक दृष्टिकोण से प्रेरित है। इसलिए हम इसे खारिज करते हैं। उन्होंने कहा यह पूरा उपक्रम अपने आप में आरोप-प्रत्यारोप, गलतबयानी, तथ्यों के चयनात्मक उपयोग, पक्षपातपूर्ण स्रोतों पर निर्भरता और मुद्दों को एकतरफा तरीके से पेश करने का मिश्रण है।

अमेरिका में है अधिक कठोर कानून और नियम

रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिका में तो और भी अधिक कठोर कानून और नियम हैं तथा वह निश्चित रूप से अपने लिए ऐसे समाधान नहीं सुझाएगा। मानवाधिकार और विविधता के प्रति सम्मान भारत और अमेरिका के बीच चर्चा का वैध विषय रहा है और रहेगा। भारत ने 2023 में आधिकारिक रूप से अमेरिका में घृणा अपराधों, भारतीय नागरिकों और अन्य अल्पसंख्यकों पर नस्लीय हमलों, पूजा स्थलों पर तोड़फोड़ और उन्हें निशाना बनाने, कानून प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा हिंसा और दुर्व्यवहार के साथ-साथ विदेशों में चरमपंथ और आतंकवाद के समर्थकों को राजनीतिक शरण देने के कई मामलों को उठाया था।

संसद भवन पर दंगे के आरोपियों पर अभियोग लगाना बनाया कठिन

वाशिंगटन। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिए अपने फैसले से कैपिटल (संसद) दंगा के आरोपियों पर सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने का अभियोग लगाना कठिन कर दिया है। सरकार ने मामले में यह आरोप सैकड़ों आरोपियों पर लगाया है जिनमें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हैं। न्यायालय ने तीन के मुकाबले छह न्यायधीशों के बहुमत से फैसला सुनाया कि सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप लगाने के लिए यह सबूत भी शामिल होना चाहिए कि प्रतिवादियों ने दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ या उन्हें नष्ट करने का प्रयास किया था। यह कानून 2002 में एनरॉन कॉरपोरेशन के पतन का कारण बने वित्तीय घोटाले के जवाब में लाया गया था। अदालत के इस फैसले के बाद छह जनवरी 2021 को कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर हिंसक हमला करने वाले कुछ लोग ही उस श्रेणी में आते हैं।

साइबर अपराध में संलिप्त 137 भारतीय गिरफ्तार

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका के आपराधिक जांच विभाग ने ऑनलाइन वित्तीय घोटाले में शामिल 137 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। स्थानीय अखबार डेली मिरर ने पुलिस प्रवक्ता के हवाले से बताया कि इन लोगों को गुरुवार को कोलंबो के उपनगरीय इलाकों मडीवेला और बट्टारामुल्ला तथा पश्चिमी तटीय शहर नेगोम्बो से गिरफ्तार किया गया।

थलदुवा ने बताया कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने इन इलाकों में एक साथ छापेमारी की और इस दौरान 158 मोबाइल फोन, 60 डेस्कटॉप और कई लैपटॉप जब्त किए। पुलिस के अनुसार नेगोम्बो से 55 संदिग्धों को 55 मोबाइल फोन और 29 लैपटॉप के साथ हिरासत में लिया गया। इसी तरह कोच्चिकाडे में अधिकारियों ने 53 व्यक्तियों को पकड़ा और 31 लैपटॉप एवं 58 मोबाइल जब्त किए। मडीवेला में अभियान के दौरान 13 संदिग्धों को गिरफ्त में लिया गया और उनके पास से आठ लैपटॉप एवं 38 मोबाइल बरामद किए गए। थानालगामा में 16 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया और आठ लैपटॉप एवं 38 मोबाइल जब्त किए गए।

एसएसपी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए संदिग्ध पुरुष हैं। यह कार्रवाई एक पीड़ित की शिकायत के आधार पर की गई जिसने आरोप लगाया था कि सोशल मीडिया पर संवाद करने के लिए उसे नकद राशि दिए जाने का वादा करके एक व्हाट्सऐप समूह में जोड़ा गया था।

टीटीपी पनाहगाहों को जल्द बनाएंगे निशाना : रक्षामंत्री

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि हाल में सेना द्वारा शुरू किए गए आतंकवाद रोधी अभियान के तहत अफगानिस्तान स्थित प्रतिबंधित संगठन टीटीपी की पनाहगाहों को भी निशाना बनाया जा सकता है।

उन्होंने इसी के साथ प्रतिबंधित संगठन से किसी भी तरह की बातचीत से इनकार कर दिया क्योंकि इसके लिए कोई 'सामान आधार' नहीं है। सरकार ने पिछले सप्ताह 'ऑपरेशन अज्म-ए-इश्तेहकाम' शुरू करने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य पाकिस्तान पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बढ़ते खतरे से निपटना है। टीटीपी के आतंकवादियों को अफगान तालिबान द्वारा अपनी जमीन का इस्तेमाल करने के लिए कथित तौर पर दी गई मौन सहमति की वजह से पाकिस्तान पर खतरा बढ़ता जा रहा है।

ब्रिटेन में चुनाव से पहले ऋषि सुनक पर नस्लभेदी टिप्पणी

लंदन, एजेंसी

● प्रधानमंत्री सुनक ने कहा- दुखी हूं और गुस्सा भी आ रहा है

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने खिलाफ की गई नस्लीय टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इससे वह आहत और आक्रोशित हैं। आम चुनाव प्रचार अभियान के दौरान सुनक ने कहा कि उनकी दो बेटियों, कृष्णा और अनुष्का को रिफॉर्म यूके के उन नेताओं को देखना और सुनना पड़ा, जिन्होंने पार्टी नेता निगेल फराज के लिए प्रचार के दौरान मुझे एक पाकी कहकर संबोधित किया।

सुनक ने कहा जब आप रिफॉर्म पार्टी के उम्मीदवारों और प्रचारकों को देखते हैं, जो बिना किसी चुनौती के नस्लवादी और स्त्रीद्वेषी भाषा और विचारों का उपयोग करते हुए दिखते हैं, तो मुझे लगता है कि यह आपको रिफॉर्म पार्टी के भीतर की संस्कृति के बारे में कुछ दर्शाता है। सुनक ने द टेलीग्राफ से कहा रिफॉर्म यूके के नेताओं ने जो कुछ कहा वह गलत था, यह पूरी तरह से गलत था। वह पुतिन के हाथ की कठपुतली हैं। वह उस वक्त यह टिप्पणी कर रहे थे जब धुर दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके के एक प्रचारक को दक्षिण एशियाई विरासत के लोगों के प्रति नस्लवादी टिप्पणी का इस्तेमाल करते हुए फिल्माया गया था, जिससे पार्टी के नेता और आम चुनाव के उम्मीदवार निगेल फराज को इस कृत्य को भयावह बताते हुए निंदा करनी पड़ी।

चंद्रमा के दूसरी ओर से नमूने लाया चीन का चांग ई-6

बीजिंग। चीन का 'चांग ई-6' मिशन इस सप्ताह धरती पर वापस लौट आया और आपने साथ चंद्रमा के सतह की दूसरी ओर से करीब दो किलोग्राम नमूने अनुसंधान के साथ लाया है जिसके अध्ययन से पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह की उत्पत्ति को समझने में और मदद मिलेगी। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (सीएनएसए) के मुताबिक शुरुआती तौल के मुताबिक चांग ई-6 अपने साथ चंद्रमा से 1,935.3 ग्राम नमूने लेकर लौटा है। सीएनएसए के चंद्र अन्वेषण एवं अंतरिक्ष इंजीनियरिंग केंद्र के उप निदेशक जी पिंग ने कहा, हमने पाया है कि चांग ई-6 द्वारा लाए गए नमूने पिछले नमूनों की तुलना में अधिक चिपचिपे थे, तथा उनमें गांठें भी थीं। ये अवलोकनीय विशेषताएं हैं। पिंग चांग ई-6 मिशन के प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं।

बॉलीवुड हलचल

कल्कि 2898 एडी ने पहले दिन कमाए 190 करोड़

मुंबई। बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाईड 190 करोड़ की कमाई कर ली है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है। ओपनिंग डे पर ही इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड्स तोड़ डाले हैं। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी का कीर्तिमान स्थापित कर दिया है इस फिल्म में विजय देवरकोंडा, एसएस राजामौली और दुलकर सलमान, मृणाल ठाकुर और राम गोपाल वर्मा कैमियों में नजर आ रहे हैं। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने फिल्म कल्कि 2898 एडी के बॉक्स ऑफिस आंकड़ों की जानकारी दी है। तरण आदर्श ने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा, नॉन हॉलीडे, मिड वीक रिलीज और इंडिया वर्सेज इंग्लैंड का टी-20 वर्ल्ड कप 2024 सेमीफाइनल मैच होने के बावजूद, कल्कि 2898एडी ने फैंटास्टिक शुरूआत करते हुए 2024 की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई है। पूर्व, पश्चिम, उत्तर, और जाहिर है, दक्षिण - #कल्कि2898एडी की लहर पूरे देश में छाई हुई है... सबसे अच्छी बात यह है कि फिल्म ने टायर-2 और टायर-3 केंद्रों पर बेहतरीन परफॉर्म किया है और यदि यह ट्रेंड जारी रहा, तो बड़े पैमाने पर कमाई से #कल्कि2898एडीको लंबे समय में एक मजबूत कलेक्शन हासिल करने में मदद मिलेगी। कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाईड ग्रास 190 करोड़ की कमाई कर ली है।

12 जुलाई से स्ट्रीम होगी सीरीज शोटाइम

मुंबई। सीरीज शोटाइम के सारे एपिसोड्स 12 जुलाई से डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होंगे। सीरीज शोटाइम के निर्माता धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट, रचनाकार एवं लेखक सुमित रॉय हैं। मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने निर्देशन किया है।डिज्नी हॉटस्टार और धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट ने शोटाइम का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज कर दिया है। शोटाइम के सारे एपिसोड्स 12 जुलाई से सिर्फ डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होंगे। इस सीरीज में इमरान हाशमी, महिमा मकवाना के साथ-साथ मौनी रॉय, राजीव खण्डेलवाल, श्रिया सरन, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव और विजय राज की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं।

तो होगा खतरा | एक 840 फीट व दूसरा 2 .3 किमी बढ़ा आकार, 25 जून 2089 को दुबारा पृथ्वी के नजदीक पहुचेगा

इस सप्ताह धरती के करीब से गुजरेंगे दो बड़े क्षुद्रग्रह

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : इस सप्ताह धरती के सबसे बड़े दुश्मन माने जाने वाले दो क्षुद्रग्रह इस सप्ताह पृथ्वी के बेहद करीब से गुजरने जा रहे हैं। जिनमें एक 840 फीट व दूसरा 2.3 किमी आकार है। ये दोनों इतने विशाल हैं कि अगर पृथ्वी से टकरा जाय तो भयानक नुकसान पहुचा सकते हैं। यह दोनों इतने बड़े हैं कि उन्हें छोटी दूरबीनों से देखा जा सकता है।

एक क्षुद्रग्रह का नाम 2011यूएल है। पिछले 21 सालों में दूरबीनों से दिखाई देने वाले सबसे बड़े पृथ्वी के निकट क्षुद्रग्रहों में से एक है, जो 2.3 किमी चौड़ा है। इसे पृथ्वी के निकट ज्ञात सभी 99 क्षुद्रग्रहो में बड़ा माना जा रहा है। ये 27 जून को पृथ्वी की सतह से 6,634,279 किमी दूर था। यह पृथ्वी से सुरक्षित दूरी के साथ आगे निकल जाएगा।

दूसरा क्षुद्रग्रह इसी वर्ष खोजा गया है। जिसका नाम 2024 एमके है। इसका आकार 840 है। दोनों क्षुद्रग्रह चट्टानी हैं। आधी रात के बाद इन्हें देख पाना आसान होगा। क्षुद्रग्रह 2011 यू एल 21 की खोज 2011 में हुई थी। निस्कि खोज अक्टूबर 2011 में टक्सन, एरिज़ोना में कैटालिना स्काई सर्वे की गई थी। यह 65 वर्ष बाद व 25 जून 2089 को दुबारा पृथ्वी के नजदीक पहुचेगा। तब इसकी दूरी आज की तुलना में बहुत कम रह जाएगी। यह क्षुद्रग्रह 25.9 किमी प्रति सेकंड की अद्भुत गति से अपने पथ में आगे जा रहा है। इसे 6 से 8 इंच की दूरबीन से देखा जा सकता है। बहरहाल दोनों क्षुद्रग्रहों पर खगोल वैज्ञानिक नजर रखे हुए हैं।

पृथ्वी व क्षुद्रग्रहों की तस्वीर।

नासा का रडार करेगा निगरानी नैनीताल

कैलिफ़ोर्निया नासा का गोल्ड स्टोन रडार से 3 जुलाई तक इन दोनों क्षुद्रग्रहों की निगरानी करेगा। क्षुद्रग्रह 2011यू एल 21 बेहद खतरनाक हो सकता है, जिसके भविष्य में पृथ्वी से टकराने की आशंका से इंकार नही किया जा सकता है। जिस कारण नासा रडार द्वारा इनके पाथ की सटीक गणना कर भविष्य में इसके ऑर्बिट की सही जानकारी दे सकेगा। पृथ्वी के करीब से गुजरने वाले क्षुद्रग्रह हमारे बेहद खतरनाक दुश्मन समझे जाते हैं। जिस कारण इन पर पैनी नजर रखी जाती है।